संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज
समूह संपादक : रवि भारद्वाज
ऊना, शनिवार, 19 अगस्त 2023 ₹ 2
www.actionindialive.com facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 12 अंकः 220 पृष्ठः 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



बिग बॉस ओटीटी-2 के विजेता एल्विस यादव ने संत कबीर कुटीर (मुख्यमंत्री आवास) पर सीएम मनोहर लाल से भेंट की।

# हिमाचल: तबाही के बाद राज्य आपदा घोषित

= नोटिफकेशन जारी, चारों सांसदों पर जमकर बरसे सीएम, कांगड़ा एवं इंदौरा में तत्परता से काम करते हुए लोगों के जीवन को बचाया गया

**अधिसूचना जारी**

**8 अब तक राज्य को प्राकृतिक आपदा से करीब 10 हजार करोड़ रुपए नुकसान हो चुका है: सीएम**

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
**शिमला। प्रदेश** सरकार ने समूचे हिमाचल को प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित कर दिया है। राजस्व विभाग के प्रधान सचिव ओंकार शर्मा ने इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। इससे पहले मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान कहा कि अब तक राज्य को प्राकृतिक आपदा से करीब 10 हजार करोड़ रुपए नुकसान हो चुका है। राज्य को केंद्र सरकार से अंतरिम राहत की पहली किस्त मिलने का इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार मदद पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। सेना , एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, होम गार्ड, दमकल विभाग व स्थानीय लोगों की मदद राहत कार्यों में ली जा रही है। नतीजतन जन धन पशु, सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा एवं इंदौरा में सरकार ने तत्परता से काम करते हुए लोगों के जीवन को बचाया गया है। राज्य में पेयजल, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था व सडकों सहित अन्य संसाधनों को भी भारी क्षति पहुंची है। अभी तक राज्य में 12 हजार से अधिक घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और 330 लोगों की बहुमूल्य जान चली गई हैं। प्रदेश में कृषि और बागवानी को भी भारी नुकसान हुआ है। राज्य में संचार व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। प्रदेश में जनजीवन अस्त व्यस्त हुआ है और व्यावसायिक गतिविधियां भी आपदा से अछूती नहीं रही हैं। प्रदेश के कई क्षेत्रों में लोगों को राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी है। खतरे के दृष्टिगत बहुत से लोगों को उनके घरों से सुरक्षित निकालकर दूसरे स्थानों पर पहुंचाया गया है।





### छत्तीसगढ़ ने हिमाचल आपदा के लिए दिए 11 करोड़ रुपए

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को यहां बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से आई आपदा से निपटने के लिए प्रदेश सरकार को 11 करोड़ रुपये की सहायता राशि आपदा राहत कोष के लिए प्रदान की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावितों को मदद प्रदान करने में यह सहायता कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण प्रदेश में दस हजार करोड़ रुपये से भी अधिक का नुकसान हुआ है।

## विस्थापितों को दिलाई जाएगी जगह: सीएम सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
**प्रदेश** आपदा से बुरी तरह जूझ रहा है 10 हजार करोड़ से भी ज्यादा का नुकसान हो चुका है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर आपदा ग्रस्त क्षेत्र का खुद जाकर आकलन कर रही है। मगर हैरानी इस बात की है कि प्रदेश के चार सांसदों को भी प्रदेश की जनता नहीं चुनकर दिल्ली भेजा था मगर वे कुछ नहीं कर रहे हैं। सिरमौर प्रवास के दौरान सिरमौरी ताल में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उन्हें घेरते हुए कहे। लोगों के दर्द को सुनकर भावुक हुए मुख्यमंत्री ने हर समस्या का समाधान करने का वायदा भी किया। उन्होंने जहां अब विधायक निधि को अब सुरक्षा के पैरामीटर्स के लिए इस्तेमाल करने के लिए कहा है तो वहीं उन्होंने अब वैज्ञानिक रिपोर्ट के अनुसार जो सुरक्षा प्रबंध आने वाले समय के लिए किए जाने हैं उसका भरोसा भी दिलाया।मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जिनका घर बार सब कुछ उजड़ चुका है उन्हें फॉरेस्ट लैंड छोडकर जहां पर जमीन उपलब्ध होगी उन्हें स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सिरमौर के एकमात्र मंत्री हर्षवर्धन चौहान कि अपने क्षेत्र के प्रति चिंता को लेकर भी जनता को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हर्षवर्धन चौहान ने मुझे बार-बार कहा और मैं खुद यहां के हालात देखने के लिए आज पहुंचा हूं। मुख्यमंत्री ने कहा मैंने अपनी उम्र के 55-56 साल में ऐसी आपदा पहली बार देखी है। मगर उन्होंने यह बात भी कही कि यह भगवान का शुक्र है कि लोगों की जान बच गई। उन्होंने एक बार फि र कहा कि जहां आजकल विपक्ष में बैठी भाजपा आपदा का अभी राजनीतिक कारण कर रही है ऐसे में उन्होंने विदेशी दरबार करते हुए कहा कि आपको भी प्रदेश की जनता ने चुनकर दिल्ली भेजा है।

**फास्ट न्यूज**

## दोहरे हत्याकांड में प्रभुनाथ सिंह सुप्रीम कोर्ट में दोषी करार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बिहार से चार बार सांसद रह चुके आरजेडी नेता प्रभुनाथ सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने 1995 में हुए दोहरे हत्याकांड में दोषी करार दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर को सजा पर बहस के लिए उन्हें अपने सामने पेश करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के डीजीपी और मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि वे 1 सितंबर को प्रभुनाथ सिंह को कोर्ट में पेश करें। 1 सितंबर को प्रभुनाथ सिंह की सजा पर बहस होगी। प्रभुनाथ सिंह हत्या के एक अन्य मामले में हजारीबाग की जेल में पहले से उम्र कैद की सजा काट रहे हैं। प्रभुनाथ सिंह पर 1995 में मशरख के एक मतदान केंद्र पर दो लोगों की हत्या का आरोप है। आरोप था कि दोनों लोगों ने मतदान में प्रभुनाथ सिंह समर्थित उम्मीदवार को वोट नहीं दिया था। इसलिए दोनों की हत्या कर दी गई। इस मामले में मृतक राजेंद्र राय के भाई हरेंद्र राय ने गवाहों को धमकाने की शिकायत की थी, जिसके बाद मामला छपरा की कोर्ट से पटना ट्रांसफर कर दिया गया था। पटना के ट्रायल कोर्ट ने प्रभुनाथ सिंह को बरी कर दिया था। उसके बाद पटना हाई कोर्ट ने भी 2012 में प्रभुनाथ सिंह को बरी कर दिया था। हाई कोर्ट के आदेश को हरेंद्र राय ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

## जवान पांच करोड़वां पौधा लगाने का लक्ष्य भी करेंगे हासिल: शाह

**नई दिल्ली/नोएडा**
उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित सीआरपीएफ के ग्रुप सेंटर में शुक्रवार को चार करोड़वां पौधा लगाने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि इस साल के अंत तक हमारे जवान पांच करोड़वां पौधा लगाने का लक्ष्य भी पूरा करेंगे।

## भाजपा की मौलिक ताकत उसके कार्यकर्ता: प्रधानमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा की मौलिक ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पार्टी से जुड़े पंचायत सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्रों में सामाजिक समस्याओं को हल करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने दादर और नागर हवेली और दमन और दीव में आयोजित भाजपा क्षेत्रीय पंचायत परिषद को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा, भारतीय जनता पार्टी की जो मूलभूत शक्ति है, वह उसका कार्यकर्ता है और कार्यकर्ता एक ऐसा पद है (भाजपा में) जो जीवन भर हमारे साथ रहता है। प्रधानमंत्री ने भाजपा के जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव को सुझाव दिया कि कैसे संगठन कार्यकर्ताओं की मदद से आप अपनी परफॉर्मेंस को बढ़ा सकते हैं। हमें 4-5 अवसर ऐसे निकालने चाहिए, जिसमें सरकार के नेतृत्व में, पंचायत के नेतृत्व में पूरे जिले का जन सामान्य उससे जुड़ जाए।



**मूलमंत्र**

**8 बीजेपी की मूलभूत शक्ति है, वह उसका कार्यकर्ता है कार्यकर्ता एक ऐसा पद है जो जीवन भर साथ रहता है: मोदी**

## भारत तपेदिक को खत्म करने की राह पर : प्रधानमंत्री मोदी

**सफलता**

**8 टीबी उन्मूलन पर हमारा महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनभागीदारी को भी प्रोत्साहित करता है: पीएम**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत 2030 के वैश्विक लक्ष्य से काफी पहले ही तपेदिक (टीबी) को खत्म करने की राह पर है। प्रधानमंत्री गुजरात के गांधीनगर में आयोजित जी-20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। स्वास्थ्य पहल की सफलता में एक प्रमुख कारक के रूप में सार्वजनिक भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हमारे कुष्ठ उन्मूलन अभियान की सफलता के मुख्य कारणों में से एक है। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन पर हमारा महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनभागीदारी को भी प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि हमने देश के लोगों से 'नि-क्षय मित्र' या 'टीबी उन्मूलन के लिए मित्र' बनने का आह्वान किया है, जिसके तहत लगभग 1 मिलियन रोगियों को नागरिकों द्वारा अपनाया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, "अब, हम 2030 के वैश्विक लक्ष्य से काफी पहले टीबी उन्मूलन हासिल करने की राह पर हैं।" महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गांधीजी स्वास्थ्य को इतना महत्वपूर्ण मुद्दा मानते थे कि उन्होंने इस विषय पर "स्वास्थ्य की कुंजी" नामक पुस्तक लिखी थी।

## आरबीआई ने लोन अकाउंट्स पर जुर्माना लगाने के नियम बदले

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने लोन अकाउंट्स पर जुर्माना लगाने के नियमों में बदलाव किया है। आरबीआई ने इसको लेकर संशोधित नियम जारी किए हैं। रिजर्व बैंक के नए नियमों के तहत कर्ज भुगतान में चूक के मामले में अब बैंक संबंधित ग्राहक पर सिर्फ उचित दंडात्मक शुल्क ही लगा सकेंगे। आरबीआई ने शुक्रवार को बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के दंडात्मक ब्याज को लेकर अधिसूचना जारी की है। रिजर्व बैंक ने ह्यउचित ऋण व्यवहार-कर्ज खातों पर दंडात्मक शुल्क के बारे में जारी अधिसूचना के मुताबिक बैंक और अन्य ऋण संस्थानों को एक जनवरी, 2024 से दंडात्मक ब्याज लगाने की अनुमति नहीं होगी। अधिसूचना के मुताबिक कर्ज लेने वाले व्यक्ति द्वारा ऋण अनुबंध की शर्तों का अनुपालन नहीं करने पर उससे दंडात्मक शुल्क लिया जा सकता है। इसे दंडात्मक ब्याज के रूप में नहीं लगाया जाएगा। रिजर्व बैंक ने दंडात्मक ब्याज को अपना राजस्व बढ़ाने के माध्यम के रूप में इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति पर चिंता जताई है। आरबीआई की अधिसूचना के मुताबिक दंडात्मक शुल्क का कोई पूंजीकरण नहीं होगा।



**बढ़ावा**

**8 अब लगेगा सिर्फ 'उचित' दंडात्मक शुल्क, एक जनवरी, 2024 से दंडात्मक ब्याज लगाने की नहीं होगी अनुमति**

## चांद के बेहद करीब पहुंचा चंद्रयान-3

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** का सबसे अहम अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान धीरे-धीरे अपने लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है। यान ने गुरुवार को प्रोपल्शन मॉड्यूल को लैंडर और रोवर से अलग होने के बाद मनमोहक तस्वीर भेजी है। इसरो द्वारा जारी इस वीडियो को लैंडर इमेजर कैमरा-1 से कैप्चर किया गया है। वहीं, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-3 के लैंडर पोजिशन डिटेक्शन कैमरा (एलपीडीसी) द्वारा ली गई चंद्रमा की एक अन्य तस्वीर जारी की है, जिसको यान ने 15 अगस्त को कैप्चर किया था।
मालूम हो कि यान ने 17 अगस्त यानी गुरुवार को प्रोपल्शन मॉड्यूल को लैंडर और रोवर से अलग कर दिया।



## युवा आज का नेता और कल का निर्माता है: योगी

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ/वाराणसी**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब मैं युवा साथियों के बारे में सोचता हूं, कहीं से लगता है कि युवाओं की प्रतिभा पर प्रश्न खड़ा करने का प्रयास किया जाता है तो मुझे इस बात का दुख होता है कि कौन सा ऐसा कालखंड नहीं था, जब युवाओं ने अपनी प्रतिभा व ऊर्जा से समाज को नई दिशा न दी हो। प्राचीन काल से भारत की व्यवस्था को देखें तो युवाओं ने अपने समय में अनेक कार्य किए। युवा शक्ति के रूप में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम भी याद आते हैं, उन्होंने संकल्प लिया था 'निसचर हीन करऊं महि, भुज उठाई पन कीन्ह'... जब भारत की धरती से उन्होंने राक्षसी प्रवृत्ति को पूरी तरह समाप्त करने का आह्वान किया था, तब राम युवा ही थे। मथुरा को कंस व राक्षसों के अत्याचार से मुक्त करने वाले 'परित्राणाय साधुनाम्, विनाशाय च दुष्कृताम्' का आह्वान करने वाले श्रीकृष्ण भी युवा ही थे। दुनिया को निर्माण का संदेश देने वाले महात्मा बुद्ध, ज्ञान प्राप्त करने के बाद पहला उपदेश इसी सारनाथ में देते हैं, तब वे भी युवा ही थे। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को वाराणसी में कहीं।



**आह्वान**

**8 राम हों या कृष्ण, शंकराचार्य हों या विवेकानंद, युवाओं ने हर कालखंड में दी समाज को नई दिशा: सीएम योगी**

## भारत के पहले 3डी-मुद्रित डाकघर भवन का हुआ उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु में भारत के पहले 3डी प्रिंटिंग तकनीक से निर्मित डाकघर का उद्घाटन किया। 1100 वर्ग फुट के 3डी-प्रिंट डाकघर भवन का उद्घाटन बेंगलुरु के उल्सूर बाजार के पास कैम्ब्रिज लेआउट में किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने कई नई प्रौद्योगिकियां विकसित की हैं। इसी के तहत 3डी-प्रिंटेड इमारत का निर्माण एक महत्वपूर्ण पहल है।अश्विनी वैष्णव ने आगे कहा कि यह सब इसलिए संभव है, क्योंकि देश के पास एक ऐसा नेतृत्व है जो निर्णायक है और उसे हमारे लोगों की क्षमताओं पर भरोसा है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने कहा कि यह शहर हमेशा भारत की एक नई तस्वीर पेश करता है। वैष्णव ने कहा कि इस 3डी-प्रिंट डाकघर भवन की नई तस्वीर ही आज भारत की भावना है।

**आंकड़े अपलोड**

### बिहार सरकार बोली- सर्वे का काम पूरा, याचिकाकर्ता के वकील की मांग- ब्योरा रिलीज करें

## नीतीश को राहत: जातीय गणना पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार** में जाति आधारित गणना पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट के फैसले पर किसी भी तरह की रोक लगाने से मना कर दिया है। सुनवाई के दौरान बिहार सरकार की ओर से बताया गया है कि बिहार में सर्वे का काम पूरा हो चुका है। आंकड़े भी अपलोड कर दी गई है। जिसके बाद याचिकाकर्ता के वकील ने बिहार में हो रही जातिगत गणना का ब्योरा रिलीज कराने की मांग कर दी। जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि बिहार सरकार का पक्ष सुने बिना कोई रोक नहीं लगाई जा सकती। इससे पहले 14 अगस्त को सुनवाई टल गई थी। इस मामले पर दाखिल की गई दूसरी याचिकाएं भी 18 अगस्त को लिस्टेड थीं। सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हुई। पटना हाईकोर्ट ने जातीय गणना को चुनौती देने वाली सभी याचिकाएं 1 अगस्त को खारिज कर दी थीं। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि सरकार चाहे तो गणना करा सकती है। इसके तुरंत बाद नीतीश सरकार ने जातीय गणना को लेकर आदेश जारी कर दिया था। सरकार ने सभी डीएम को आदेश दिया कि हाईकोर्ट के फैसले के आधार पर जातीय गणना के बचे काम को पूरा करें। पिछले एक सप्ताह से यह काफी तेजी से हो रहा है। पटना जैसे बड़े जिले का काम लगभग पूरा होने वाला है। विभागीय सूत्रों की माने तो लगभग यह काम खत्म हो चुका है। डेटा कलेक्शन का काम भी पूरा हो गया है। अब डेटा को ऑनलाइन फीड किया जा रहा है।
**500 करोड़ खर्च करने की योजना:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अनुसार बिहार सरकार जातीय गणना नहीं, सिर्फ लोगों की आर्थिक स्थिति और उनकी जाति से संबंधित जानकारी लेना चाहती है। जिससे उनकी बेहतरी के लिए योजना बनाई जा सकें।



**योजना**

**8 डेटा कलेक्शन का काम भी पूरा हो गया है। अब डेटा को ऑनलाइन फीड किया जा रहा है**

## बिना शादी के पैदा हुए बच्चों को भी मिल सकती है पैतृक संपत्ति?

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट** ने शुक्रवार को साल 2011 की एक याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस याचिका में एक जटिल कानूनी मुद्दा उठाया गया था, जिसमें पूछा गया था कि बिना शादी के पैदा हुए बच्चे क्या हिंदू विवाह अधिनियम के तहत अपने माता-पिता की पैतृक संपत्ति में हिस्सेदार होंगे या नहीं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका पर विभिन्न वकीलों की दलीलें सुनीं और फिलहाल अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।
**पैतृक संपत्ति में मिल सकता है हिस्सा:** बता दें कि सुप्रीम कोर्ट इस बात का भी फैसला करेगा कि क्या बिना शादी के पैदा हुए बच्चों का अधिकार, हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 16(3) के तहत सिर्फ अपने माता-पिता द्वारा अर्जित की गई संपत्ति पर ही होगा या फिर पूरी पैतृक संपत्ति पर भी उसका अधिकार होगा। 31 मार्च 2011 को दो जजों की पीठ ने इस मामले को बड़ी पीठ के पास भेज दिया था।
**'बदलते समाज में स्थिर कानून नहीं रख सकते':** कोर्ट ने कहा कि 'प्रावधान साफ हैं कि शून्य या निरस्तीकरण शादी से पैदा हुए बच्चे सिर्फ अपने माता-पिता की संपत्ति पर दावा कर सकते हैं।' हालांकि मौजूदा पीठ ने इस फैसले से असहमति जताई है कि बिना शादी के पैदा हुए बच्चे अपने माता-पिता की पैतृक संपत्ति पर दावा नहीं कर सकते।



# 'नई सडक परियोजनाओं की निगरानी के लिए समिति गठित होगी'

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में बनने वाली सभी सडकों में ड्रेनेज और क्रॉस ड्रेनेज बनाना अनिवार्य किया जाएगा। इसकी निगरानी के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी और निगरानी टीमें भी गठित की जाएंगी। वह वीरवार को देर सायं यहां आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रेनेज और क्रॉस ड्रेनेज न होने के कारण सडकें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि जिन सडकों में निर्माण के समय ड्रेनेज नहीं होगी, उन्हें पास भी नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण के समय ही गुणवत्तापूर्ण कार्य से सडकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने प्रदेश में भारी



बारिश के कारण हुए नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाधित सडकों को 24 घंटे कार्य कर बहाल किया जाए। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग को भूस्खलन से क्षतिग्रस्त सडकों को खोलने के लिए भारी मशीनरी और उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि जिला मंडी में बाधित प्रमुख सडकों को खोलने के लिए अतिरिक्त कार्य बल और मशीनरी की आवश्यकता है। सडकें पहाड़ की जीवन रेखाएं हैं और इन्हें सुचारू बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुल्लू में नदी किनारों पर पानी से भूमि कटाव को रोकने के लिए

**निर्देश**

**▶▶ दृष्टिगत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग को दूरगामी उपाय करने को कहा गया**

वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके दृष्टिगत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग को दूरगामी उपाय करने को कहा गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की एसडीआरएफ कंपनियों को दो-दो क्रेन उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है, इससे आपदा प्रबंधन और बचाव कार्यों को तीव्रता से करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी

# मुख्यमंत्री ने भावनात्मक एकता व सद्भावना की शपथ दिलाई

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**सद्भावना दिवस** के उपलक्ष्य पर आज यहां मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश सचिवालय शिमला के अधिकारियों और कर्मचारियों को भावनात्मक एकता व सद्भावना की शपथ दिलाई। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी का जन्म दिवस इस वर्ष भी 20 अगस्त को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य



संसदीय सचिव संजय अवस्थी, विधायक केवल सिंह पठानिया, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार, मीडिया, मुख्यमंत्री के ओएसडी रितेश कपरेट, प्रधान सचिव भरत खेड़ा और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को ड्रोन भी उपलब्ध करवाए जाएंगे, इससे मैपिंग व निगरानी के साथ-साथ आपदा के समय लोगों को सामान व चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाने में मदद मिलेगी।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**प्रधानमंत्री राष्ट्रीय** बाल पुरस्कार के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। जिलाधीश मंडी अरिंदम चौधरी ने बताया कि 18 साल से कम उम्र के बच्चे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए अपना नाम व उपलब्धियों के साथ आवेदन भेज सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2023 है। उन्होंने बताया ये पुरस्कार दिल्ली में महामहिम राष्ट्रपति द्वारा वितरित किए जाएंगे। पुरस्कार में पदक, प्रमाण पत्र और एक लाख रुपये नकद दिया जाएगा।

**इन श्रेणियों में मिलेंगे पुरस्कार**

अरिंदम चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार कला एवं संस्कृति, बहादुरी,



नवाचार (इनोवेशन) शैक्षणिक, सामाजिक सेवा और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए दिए जाते हैं। जिलाधीश ने बताया कि पुरस्कारों के लिए केवल ऑनलाइन माध्यम से आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। ऑनलाइन पोर्टल अवॉर्ड्स डॉट जीओवी डॉट आईएन पर मंडी जिले के 18 साल से कम आयु के बच्चे स्वयं अथवा अपने अभिभावकों या अध्यापकों के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## अवैध खनन करते हुए मौके पर वसूला जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ। जिला** सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब में खनन विभाग की टीम ने जंबूखाला में अवैध खनन करते एक जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर को कब्जे में लिया है। खनन विभाग के द्वारा खनन अधिनियम के तहत जेसीबी संचालक पर 50,000 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है साथ ही ट्रैक्टर को चालान की कार्यवाही के लिए अदालत में भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, खनन विभाग को पांवटा के जंबूखाला में अवैध खनन की सूचना मिली थी। जिस दौरान मंगत राम शर्मा खनन निरीक्षक की अगुवाई में खनिज रक्षक अनुज कुमार, राजेश कुमार और मुकेश शर्मा की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने एक जेसीबी मशीन और एक ट्रैक्टर अवैध खनन करते हुए पकड़े गए।

# उपायुक्त ने जनजातीय क्षेत्र भरमौर के आपदा प्रभावित इलाकों का किया संयुक्त निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**उपायुक्त अपूर्व** देवगन एवं अतिरिक्त उपायुक्त भरमौर नवीन तंवर ने जनजातीय उपमंडल भरमौर के तहत होली क्षेत्र के भूस्खलन आपदा प्रभावित क्षेत्र कुलेठ, सलूण एवं पटोला तथा झड़ौता गांव का प्रवास कर आपदा न्यूनीकरण से संबंधित कार्यों को लेकर संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम कुलबीर सिंह राणा, खंड विकास अधिकारी अनिल गुराडा सहित लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, राजस्व विभाग,पुलिस विभाग, वन विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने बताया कि भूस्खलन प्रभावित सलूण गांव के आपदा न्यूनीकरण



कार्यों के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा कार्य योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि झड़ौता गांव, कुलेठ घार एवं गांव व पटोला गांव के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में आपदा के न्यूनीकरण को लेकर जल्द एक विस्तृत कार्य योजना तैयार कर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को मामला स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।

# 'आपदा प्रभावितों का पुर्नवास प्रदेश सरकार की प्राथमिकता

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**स्वास्थ्य एवं** परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि आपदा के मध्य प्रभावितों का पंव्द्धनर्वास और विभिन्न कार्यों को गति प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। डॉ. शांडिल गत सांय सोलन जिला के कण्डाघाट विकास खण्ड की ग्राम पंचायत हिन्नर के गांव गौड़ा में लोगों की समस्याएं संव्द्धनने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश प्राकृतिक आपदा के दौर से गंव्द्धजर रहा है। उन्होंने कहा कि भारी वर्षा के कारण प्रदेश में जान-माल का बहंव्द्धत अधिक नंव्द्धकसान हंव्द्धआ है। प्रदेश सरकार इस आपदा से निपटने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सोलन



जिला में अब तक 556 करोड़ रुपए से अधिक का नंव्द्धकसान आंका गया है। प्रदेश में 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक का नंव्द्धकसान होने का आकलन है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हंव्द्धए हैं, उन्हें सरकार द्वारा मंव्द्धआवजे में की गई बढ़ौतरी के अनंव्द्धसार सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा रही है। जिन लोगों के मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हंव्द्धए हैं, को भूमि उपलब्ध करवाने की दिशा में भी सरकार विचार कर रही है। डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर चगांव से हिन्नर सम्पर्क मार्ग को लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत निर्मित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कल्याणा स्थित सामंव्द्धदायिक भवन के निर्माण कार्य के लिए आरम्भिक तौर पर 03 लाख रुपये स्वीकृत किए। उन्होंने महिला मण्डल कल्याणा को सामान क्रय करने के लिए 25 हजार रुपये स्वीकृत किए। उन्होंने ग्राम पंचायत हिन्नर में खेल मैदान के निर्माण के लिए 15 लाख रुपये स्वीकृत किए। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को टिकरी घलेच क्षेत्र के समीप गिरि नदी पर फंव्द्ध टब्रिज निर्माण के लिए सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए। डॉ. शांडिल ने क्षेत्र में गिरि नदी से उठाऊ सिंचाई योजना तैयार करने के सम्बन्धित विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना से क्षेत्र के 15 गांव को जोड़ा जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के 06 गांव को 33 केवी विद्यंव्द्धत परियोजना से जोडने के निर्देश भी दिए।इस अवसर पर जोगिन्द्रा सहकारी बैंक के अध्यक्ष मंव्द्धकेश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस समिति के महासचिव रमेश ठाकंव्द्धर, प्रदेश कांग्रेस समिति के महासचिव , खण्ड कांग्रेस समिति सोलन के अध्यक्ष संजीव ठाकंव्द्धर, सहित आदि उपस्थित रहे।

# नाहन में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**सिरमौर प्रेस** क्लब द्वारा गुरुवार को नाहन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उद्योग, संसदीय मामले एवं आयुष मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शिविर में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उद्योग मंत्री ने इस अवसर पर प्रथम बार रक्तदान भी किया। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि सिरमौर प्रेस क्लब द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन अत्यंत ही सराहनीय और प्रेरणादायक कार्य है। उन्होंने कहा



कि समाज के लिए कुछ न कुछ योगदान करना हम सबका दायित्व है।उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और सभी को निः संकोच रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि उन्हें आज स्वयं रक्तदान कर इस पुण्य कार्य में आहुति डालने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि इस रक्तदान शिविर में सभी समुदायों के लोगों ने रक्तदान किया है जो कि हमारे समाज का सेक्युलर कल्चर का बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस रक्तदान शिविर से एक सुंदर संदेश आम जनता के बीच जायेगा कि हमारे नाहन और हमारे सिरमौर में सभी लोग आपसी भाईचारे से रहते हैं और सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं। उद्योग मंत्री ने रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए सिरमौर प्रेस क्लब को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रेस संवाददाता जहां सामाजिक कुरीतियों और गलतियों को मीडिया के माध्यम से उठाते है वहीं रकतदान शिविर का आयोजन कर मीडिया प्रतिनिधियों ने सामाजिक दायित्व को भी निभाया है। इस अवसर पर मंत्री ने कुछ विशेष रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जिनमें जितेंद्र पाल, वारिस अंसारी व अनिश सैम्युल को विशेष रक्तदाता के रूप में सम्मानित किया। इससे पूर्व उद्योग मंत्री को प्रेस क्लब की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# उपायुक्त ने भावनात्मक एकता व सद्भावना की दिलाई शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**सद्भावना दिवस** के उपलक्ष्य पर उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने गत दिवस को उपायुक्त कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को भावनात्मक एकता व सद्भावना की शपथ दिलाई। उपायुक्त ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्मदिवस पर 20 अगस्त को प्रत्येक वर्ष सद्भावना दिवस मनाया जाता है। सद्भावना दिवस का



उद्देश्य सभी धर्मों, भाषाओं एवं क्षेत्रों के लोगों के बीच राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि यह दिन उनके द्वारा राष्ट्र निर्माण के लिए अविस्मरणीय प्रयास एवं अभूतपूर्व योगदान को याद करने का दिन है।

# अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने एकता और सद्भावना की शपथ दिलाई



**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**सदभावना दिवस** के अवसर पर आज अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार ने एकता और सद्भावना की शपथ दिलाई। उपायुक्त कार्यालय कुल्लू के समस्त स्टॉफ ने यह प्रतिज्ञा ली।इन्होंने जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए करने हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाने की प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर सहायक आयुक्त शशिपाल नेगी, एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला, जिला राजस्व अधिकारी डॉ गणेश सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लाशों पर राजनीति करना छोड़ दें कांग्रेस सरकार: जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**पूर्व मुख्यमंत्री** एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार लाशों पर राजनीति करना छोड़ दे। बार.बार केंद्र सरकार को कोसकर प्रदेश सरकार यह जताने का प्रयास कर रही है कि केंद्र सरकार ने कुछ नहीं किया। यदि केंद्र सरकार ने ही सबकुछ करना है तो फिर कुर्सी को छोड़ क्यों नहीं देते। यह शब्द पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आज बल्ह विधानसभा क्षेत्र में बारिश के कारण हुए नुकसान का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कही। यहां जयराम ठाकुर ने ट्रेक्टर पर



सवार होकर प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। ट्रेक्टर को नाचन के विधायक विनोद कुमार चला रहे थे जबकि जयराम ठाकुर और बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी भी इसी पर सवार रहे। जयराम ठाकुर ने कहा कि जब विश्व कोरोना जैसी बीमारी से जूझ रहा था तो उस वक्त भी कांग्रेस का योगदान सभी को याद है। आज प्रदेश पर आफत आई है तो भी कांग्रेसी राजनीति ही कर रहे हैं। प्रदेश के इतिहास में पहली बार विपक्ष का नेता लगातार केंद्र से प्रदेश के लिए मदद ला रहा है। प्रदेश सरकार को चाहिए कि राजनीति को छोडकर जो मदद केंद्र से मिली है उसे पात्र लोगों तक पहुंचाने का काम करे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एक बात लगातार कह रही है कि केंद्र सरकार प्रदेश में आई आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करे। इस पर केंद्र सरकार द्वारा ही निर्णय लिया जाना है लेकिन प्रदेश सरकार को सबसे पहले चाहिए कि लोगों की मदद करे। सिर्फ इसी बात का रोना न रोते रहें कि राष्ट्रीय आपदा घोषित की जाए। आपदा की इस स्थिति में लोगों को बचाने के लिए केंद्र से पहले ही बहुत मदद आई है और अभी भी आ रही है। एनडीआरएफ और सेना सहित सेना के हैलिकॉप्टर लोगों को बचाने में पहले से ही लगे हुए हैं। इसके साथ ही केंद्र ने प्रदेश को पहले 364, 190 और 400 करोड़ की राशि जारी करने के बाद अब 2700 करोड़ की राशि जारी की है। एक माह पहले कुल्लू, मनाली, बंजार, सिरमौर में सेना के हेलीकॉप्टर ही दुर्गम इलाकों में राशन और जरूरी सामान छोडने के अलावा बीमार लोगों और पर्यटकों को सुरक्षित निकाल रहे हैं। अब तीन दिन से कांगड़ा के मंड इलाके में बाढ़ से फ से 3500 से अधिक लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा चुकी है। मुख्यमंत्री और इनके सलाहकार बताएं कि ये कौन कर रहा है। क्या कांग्रेस पार्टी के वर्कर कर रहे हैं ये सब? इसके बाद वे मलवाना गांव में मनोज शर्मा के घर उनके 22 वर्षीय पुत्र की भूस्खलन के कारण दुखद मौत पर अफसोस जताने पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस मौके पर उनके साथ बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी, नाचन के विधायक विनोद कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, सहित आदि उपस्थित रहे।

# अक्षित ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का लोहा मनवाया

**टीम एक्शन इंडिया/ कंव्द्धल्लू/ श्याम कंव्द्धल्वी**

**कंव्द्धल्लू** कान्वेंट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के के छात्र अक्षित ने राष्ट्रीय स्तर की वंशू प्रतियोगिता का लोहा मनवाया है। अक्षित जिला कंव्द्धल्लू के थरास का रहने वाला है। अक्षित की सफलता से पिता लंव्द्धदर चंद और माता चन्द्रेश्वरी बेहद खुश है। 6 अगस्त से 11 अगस्त तक राष्ट्रीय स्तर की वुशू प्रतियोगिता का बिहार के पटना में समापन हंव्द्धआ और जिसमे जूनियर वर्ग में अक्षित ने तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता। गौर रहे अक्षित जूनियर ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड



मेडल भी जीता है। अक्षित की उपलब्धि पर कंव्द्धल्लू कान्वेंट स्कूल ढालपंव्द्धर में अक्षित का जोरदार स्वागत किया गया और स्कूल के प्रधानाचार्य संव्द्धरेश कंव्द्धमार ने पंव्द्धष्पगंव्द्धच्छ देकर अक्षित और उसके माता पिता का स्वागत किया और साथ ही कंव्द्धल्लूवी टोपी पहनाकर एवं उपहार देकर अक्षित को सम्मानित किया। वही स्कूल के प्रधानाचार्य संव्द्धरेश कंव्द्धमार ने कहा कि अक्षित की उपलब्धि से न केवल स्कूल बल्कि पूरे प्रदेश का नाम देश में गौरवान्वित हंव्द्धआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि अक्षित से स्कूल के दूसरे छात्रों को भी आगे बढ? की प्रेरणा मिली है। स्कूल में छात्रों को शिक्षा के साथ साथ उनके सर्वांगीण विकास का ध्यान रखा जाता है ताकि वे देश के अच्छे नागरिक बन सकें। वही अक्षित ने भी सम्मान देने के

# समाज में भावनात्मक एकता और सद्भावना अत्यंत आवश्यक: एडीएम

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/ हामिद**

**देश के पूर्व** प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के उपलक्ष पर उपायुक्त कार्यालय परिसर में सद्भावना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एडीएम अमित मैहरा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही सभी ने हिंसा का सहारा लिए बिना लोगों के विवादों, समस्याओं को बातचीत और



संवैधानिक माध्यम से सुलझाने का संकल्प भी लिया। इस दौरान सहायक आयुक्त मनीष चौधरी, एसडीएम चंबा अरुण शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी जगदीश चंद सहित उपायुक्त कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने शपथ ली।

## मुख्यमंत्री ने भूपेश बघेल का आपदा राहत कोष में सहायता देने के लिए आभार जताया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से आई आपदा से निपटने के लिए प्रदेश सरकार को 11 करोड़ रुपये की सहायता राशि आपदा राहत कोष के लिए प्रदान की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावितों को मदद प्रदान करने में यह सहायता कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण प्रदेश में दस हजार करोड़ रुपये से भी अधिक का नुकसान हुआ है।

# लूहरी परियोजना चरण-1 ने आई.टी.आई. प्रशिक्षण के लिए 25 युवाओं को किया प्रायोजित

**टीम एक्शन इंडिया/रामपुर बुशहर/लिहांटू**

**एसजेवीएन** की लूहरी जलविद्युत परियोजना-1 द्वारा सामाजिक दायित्व योजना (सीएसआर) के अन्तर्गत गत दिवस को 25 स्थानीय युवाओं को हिमाचल प्रदेश की विभिन्न राजकीय आई.टी.आई. में प्रशिक्षण के लिए प्रायोजित किया गया। योजना के तहत विभिन्न टेऊ डों जैसे कम्पयूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्क मेन्टेनेन्स, इलैक्ट्रीशियन, सर्वेयर, मोटर मकैनिक व्हीकल, फिटर व पलम्बर के कोर्स में प्रशिक्षण हेतु दाखिला पत्र सौंपे गये। योजना के तहत सभी छात्रों की कोर्स फीस तथा रू 2000/- प्रतिमाह की दर से छात्रवृति प्रत्येक छात्र को एसजेवीएन द्वारा वहन की




जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परियोजना प्रमुख सुनील चौधरी ने प्रभावित पंचायतों से आए स्थानीय युवाओं तथा उनके अभिभावकों का अभिनन्दन किया तथा युवाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि लूहरी परियोजना के अर्न्तगत आने वाली प्रभावित पंचायतों से लगभग 210 स्थानीय युवा इस योजना के तहत लाभान्वित हुए हैं। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ प्रबन्धक (मानव संसाधन) तथा नीरज गौतम, सहायक प्रबन्धक (सिविल/सीएसआर) मौजूद रहे।

**लाभान्वित**

**8 आने वाली प्रभावित पंचायतों से लगभग 210 स्थानीय युवा इस योजना के तहत लाभान्वित हुए हैं**

# सिरमौर हाटी विकास मंच ने राज्यपाल से भेंट की



**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**हाटी विकास** मंच के पदाधिकारियों ने प्रधान प्रदीप सिंगटा के नेतृत्व में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से गत दिवस को राजभवन में भेंट की। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा दिलवाने में सहयोग के लिए राज्यपाल का आभार प्रकट किया। मंच ने राज्यपाल के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ज्ञापन भी दिया, जिसमें हाटी समुदाय ने प्रधानमंत्री का विशेष आभार व्यक्त किया है। राज्यपाल ने मंच के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि लंबे संघर्ष के बाद उन्हें यह सफ लता प्राप्त हंव्धई है। उन्होंने कहा कि सिरमौर के गिरिपार की जनता को अब अपनी प्राचीन संस्कृति का बेहतर संरक्षण व संवर्द्धन करना चाहिए। प्रदीप सिंगटा ने कहा कि उन्हें जनजातीय दर्जा दिलाने में हर वर्ग का सहयोग प्राप्त हुआ है। इस अभियान में राज्यपाल द्वारा दिये गये मार्गदर्शन एवं स्नेह के लिए वह आभार व्यक्त करते हैं। हाटी समंव्द्धदाय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा उन्हें यह संवैधानिक अधिकार प्रदान करने के लिए कृतज्ञ है।

# पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने आपदा से जूझ रहे लोगों का दुख-दर्द बांटा



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

पूर्व सीएम व प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकंव्द्धर आज आपदा से पीड़ित लोगों के साथ मिले तथा उनका दुख-दर्द संवेदना जयराम ठाकुर ने अपना दौरा नाचन विधानसभा क्षेत्र से शुरू किया तथा विधायक विनोद कुमार भी उनके साथ रहे। जहां पर सडक मार्ग अच्छा नहीं था वहां पर विधायक विनोद कुमार ने स्वयं ट्रैक्टर चलाकर और उसमें पूर्व सीएम जयराम टाकुर तथा विधायक इंद्र सिंह गांधी भी बैठे और आपदा से पीड़ित लोगों के पास पहुंचे। मंव्द्धख्यमंत्री ने नाचन के साथ-साथ बल्ह विधानसभा क्षेत्र में जो किसान बाढ़ से हुआ है, उन तमाम घरों में पहुंचा लोगों के साथ मिले और उनके दर दुख दर्द को सद्भावना मलवाना गांव में जहां 22 वर्षीय युवक की बाढ़ में बहने से मौत हो गई थीए पूर्व मंव्द्धख्यमंत्री उनके घर भी पहुंचे। नाचन और बल्ह के बाद पूर्व सीएम सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के पटरीघाट के जवाली गांव पहुंचे और वहां पर उन लोगों से मिले जिनके आशियाने भूस्खलन की चपेट में समाप्त हो गए हैं। जवाली गांव में पहाड़ी पर बड़े पैमाने पर भूस्खलन हंव्धआ तथा इस भूस्खलन की चपेट में बहुत बड़ा भूभाग आ गया जिसके तहत करीब एक दर्जन मकान क्षतिग्रस्त हो गए।

इन सब लोगों ने स्कूल, पंचायत घर में शरण ले रखी है तथा भूस्खलन का खतरा अभी भी बना हुआ है। पूर्व सीएम भूस्खलन क्षेत्र पर पहुंचे और विधायक दलीप ठाकुर के साथ आपदा से पीड़ित लोगों से मिले और उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी हर संभव मदद की जाएगी। पूर्व सीएम का यह दौरा कई मायनों में लोगों के जख्मों पर मरहम लगाने का काम करेगा। जिला मंडी में भारी भूस्खलन बाढ़ और वे हिसाब पानी आने से करोड़ो रुपए का नुकसान हुआ है। पूर्व मंव्द्धख्यमंत्री ने जिस प्रकार लोगों के साथ बैठकर उनके दर्द को संव्द्धना उससे लोगों को एक आस जगी है कि उनकी मदद करने अब सरकार और प्रशासन भी सामने आएगा। अभी तक जो राहत के नाम पर दिया जा रहा है, वह मात्र तिरपाल और चंद राशि दी है जिससे इन लोगों का कंव्द्धछ होने वाला नहीं है।

इसके बाद पूर्व सीएम बल्ह क्षेत्र के कोठी गहरी में पहुंचेंगे तथा उसके बाद दरंग विधानसभा क्षेत्र के बागी के सेगली में बाढ़ पीड़ितों से मिलने जायेंगे। पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जो आपदा आई है उसके लिए केंद्र सरकार पूरी मदद कर रही है। लोगों की के लिए भी केंद्र सरकार दिल खोलकर मदद करेगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का दायित्व बनता है कि जो केंद्र से राहत राशि मिल रही है वह उन लोगों तक पहुंचे जो लोग आपदा से पीड़ित है।

# 'प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम की कार्य प्रणाली शीघ्र होगी ऑनलाईन'

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**स्वास्थ्य एवं परिवार** कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अनंव्द्धसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम की कार्य प्रणाली को ऑनलाइन किया जाएगा। डॉ. शांडिल आज निगम की कार्य प्रणाली का निरीक्षण करने के उपरांत हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम के उच्च अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि पात्र वर्गों



की संव्द्धविधा के लिए शीघ्र ही हिमाचल प्रदेश अनंव्द्धसूचित जाति एवं अनंव्द्धसूचित जनजाति विकास निगम की कार्य प्रणाली को ऑनलाइन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निगम की वेबसाइट पर शीघ्र ही पात्र वर्ग ऑनलाईन कार्य कर सकेंगे।उन्होंने निगम की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। डॉ. शांडिल ने कहा कि निगम द्वारा प्रदत्त ऋणों के विषय में वन टाईम सेटलमेंट पर सभी पक्षों से विचार-विमर्श के उपरांत उचित निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि निगम को आंगनबाड़ी कार्यकताओं को प्रशिक्षण देने के संबंध में विचार करना चाहिए।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान आपदा के समय में सभी को सचेत रहकर अन्य की सहायता करने के लिए तत्पर रहना होगा।

निगम की प्रबंध निदेशक सोनाक्षी सिंह तोमर ने निगम की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि गत तीन माह में निगम द्वारा अनंव्द्धसूचित जाति वर्ग के 86 लाभार्थियों को 39.31 लाख रुपए तथा 32 अनुसूचित जनजाति वर्ग के लाभार्थियों को 14.95 लाख रुपए ऋ ण के रूप में प्रदान किए गए। उन्होंने निगम की ऋ ण वापसी रिपोर्ट भी प्रस्तु की।

उन्होंने आग्रह किया कि निगम में

# सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों को मिलकर प्रदेश को दोबारा से पटरी पर लाना होगाः बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भारतीय जनता** पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिन्दल ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया जिन्होनें हिमाचल प्रदेश में आई आपदा की घड़ी में 254 सडकों के निर्माण एवं सुधार हेतु 2643 करोड़ रु की राशि एकमुश्त स्वीकृत की।

प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना मद के अंतर्गत 2643 करोड़ रू की स्वीकृति हिमाचल प्रदेश की सडकों के निर्माण एवं सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। डॉ बिन्दल ने



कहा कि चंद दिन पहले ही भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी हिमाचल प्रदेश पधारे और उन्होनें फ ोरलेन, नेशनल हाईवेज को पूरी तरह ठीक करने का जिम्मा केन्द्र सरकार पर लिया जो हिमाचल के लिए एक बहुत बड़ा फैंसला है। इन फ ोरलेन, नेशनल हाईवेज को सही स्थिति में लाने पर हजारों करोड़ रू खर्च होंगे और जो 100 प्रतिशत केन्द्र की मोदी सरकार से आएगा। भारी बरसात के कारण बीआरओ द्वारा बनाई गई सडकों को जो नुकसान पहुंचा है उनको ठीक करने का काम बीआरओ ने तेज गति से शुरू किया है जिसका शत-प्रतिशत व्यय केन्द्र की मोदी सरकार वहन करेगी। गत दिनों रेलवे को जो नुकसान हुआ उसको पुनः स्थापित करने का पूर्ण व्यय केन्द्र सरकार कर रही है।

# सडकों की जल्द मरम्मत के लिये लोक निर्माण विभाग के केंद्रीय जोन को अतिरिक्त धन उपलब्ध करवाने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**प्रदेश कांग्रेस** अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मण्डी संसदीय क्षेत्र में भारी बारिश व बाढ़ से हुए नुकसान से सडकों की जल्द मुरम्मत के लिये लोक निर्माण विभाग के केंद्रीय जोन को अतिरिक्त धन उपलब्ध करवाने की मांग की है, जिससे इस जोन के अंतर्गत आने वाली क्षतिग्रस्त सडको को जल्द बाहल किया जा सकें। उन्होंने कहा है कि मण्डी से कुल्लू,मनाली व लाहौल स्पीति के बीच राष्ट्रीय राज मार्ग को बहाल करने के लिये राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण को अतिरिक्त मशनिरी लगाने को भी कहा जाना चाहिए।प्रतिभा सिंह ने मुख्यमंत्री से कहा है कि जब तक पंडोह से कैंची मोड़ मार्ग जो पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है दुरस्त नही होता तब तक बजौरा, कोटला, कटिंडी व चैलचोक गोहर पंडोह को मार्ग पर एक योजनाबद्ध तरीके से माल बाहक वाहनों के लिये प्रयोग किया जाना चाहिए।प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्रदेश में भारी बारिश व बाढ़ से जानमाल का बहुत बड़ा नुकसान हुआ हैं। उन्होंने कहा कि सेब बाहुल क्षेत्रों में सडकों की बहाली सबसे बड़ी चुनौती है जिसे समय रहते पार पाना हैं। उन्होंने कहा है



कि अगर मण्डी कुल्लू सडक जल्द बहाल नही होती तो इससे इस क्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, खाद्यान्न की भारी कमी के साथ-साथ यहां के फ लों सेब, सब्जियों की ढुलाई पर भी विपरीत असर पड़ सकता हैं। उन्होंने कहा कि इसी मार्ग से सेना की रसद भी जाती है इसलिए इसे जल्द से जल्द बहाल करने के हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।प्रतिभा सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं का आह्वान किया है कि वह सब आपदा प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करें। उन्होंने कहा है प्रदेश इस समय बहुत बड़ी चुनौती से गुजर रहा हैं। उन्होंने लोगों से अपनी सुरक्षा के प्रति पूरी तरह सजग रहने का आग्रह करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना भी प्रकट की हैं।

# शिमला में भारी बारिश के कारण मारे गए लोगों को मोरारी बापू की श्रद्धांजलि और सहायता

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

पिछले कुछ दिनों से उत्तर भारत में विशेषकर हिमाचल प्रदेश में भारी वर्षा के कारण जानमाल का बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अकेले हिमाचल प्रदेश में 7000 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है। पिछले कुछ दिनों में शिमला और उसके आसपास भारी बारिश के कारण बड़े पैमाने पर भूमि और घरों का कटाव हुआ है और 60 से अधिक लोगों ने अपनी जान गंवाई है। मृतकों की संख्या और भी काफी



बढ़ने की आशंका है।पूज्य मोरारीबापू ने इन सभी मृतकों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की है और प्रत्येक मृतक के परिवारों को 15000 रुपये की राहत राशि के रूप में कुल 9 लाख रुपये की राशि अर्पण की है।

# लडभड़ोल क्षेत्र की कई पंचायतों में विद्युत आपूर्ति बेहाल

**टीम एक्शन इंडिया/ जोगिंद्रनगर/ संगराय**

**विद्युत** मंडल जोगिंद्रनगर के अंतर्गत लडभड़ोल क्षेत्र की अधिकतर पंचायतों के बाशिन्दे बिजली के बार-बार कटों से बाग, रोपडी व मतेहड के लोग परेशानी का सामना करने को मजबूर हैं। बाग पंचायत के प्रधान राजीव खान, मतेहड़ के प्रधान प्रमोध चौहान व रोपड़ी की प्रधान शम्मा राणा ने अधिशासी अभियंता विद्यंव्द्धत विभाग पूर्ण चन्द से मंव्द्धलाकात करके समस्या का समाधान करने की मांग की। इस प्रतिनिधिमंडल में हिमाचल हैल्पिंग हैंड्स चैरिटेबल



सोसायटी के स्वयंसेवी गंव्द्धरु शरण परमार, संतोष ठाकंव्द्धर, उमेश ठाकुर, अभिनय ठाकुर, अंतरिक्ष अवस्थी, संव्द्धनील शर्मा व देवीदास रांगड़ा आदि भी उपस्थित रहे। राजीव खान व शरण परमार ने सयुक्त ब्यान में कहा कि फ ील्ड स्टाफ की कमी के चलते पेड़ों की छंगाई नहीं हो रही है और आए दिन लोगों को बिजली के बिना दिक्कत हो रही है। अधिशासी अभियंता पूर्ण चन्द ने 10-15 दिन के अंदर इस समस्या से निजात दिलाने की बात कही है और पेड़ों की छंगाई का भी टेंडर शीघ्र करने का भरोसा दिया है।

# लक्ष्मी और कमला से आखिर क्यों नाराज हुए भगवान

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**जिस प्रकार** एक चिडि?ा तिनका तिनका जोडकर अपने घोसले का निर्माण करती है और जब तूफ ान आता है तो घोंसला गिर जाता है मगर चिडि?ा अपना हौसला नहीं हारती। वह फि र दूसरे घोंसले का निर्माण में लग जाती है। मंडी शहर के टारना मोहल्ला में बात कुछ विपरीत है। लक्ष्मी और कमला ने भी अपने लिए एक ऐसा ही आशियाना बनाया था मगर जब प्रभु की आपदा पड़ी तो वह आशियाना चिडि?ा के घोसले की तरह उनकी आंखों के सामने ही क्षतिग्रस्त हो गया। यह आपदा 12 अगस्त से शुरू हुई जो लगातार



16 अगस्त तक चलती रही। इस आपदा में मंडी शहर के तरना मोहल्ले में लक्ष्मी का एकमात्र कमरा जिसमें वह अपने 86 वर्षीय ससुर, बच्चे तथा पति के साथ रहती है। उसका पूरा कमरा दरक गया। कमरे में दरारें आने से जहां पानी की फ वारें फू ट पड़ी तो वहीं इसी मोहल्ले की कमला देवी के तीन कमरों का मकान भी वर्षा की भेंट चढ़ गया। 86 वर्षीय बुजुर्ग का कहना है कि एक पाई पाई जोडकर एक कमरा बनाया था उसे पर भी प्रभु ने कहर बरपा दिया अब सर छुपाने के लिए भी जगह शेष नहीं बची है। बुजुर्ग का तो यह भी कहना है कि जिस कमरे में पूरी उम्र निकल गई अब अंतिम सांस भी इसी टूटे हुए कमरे में लूंगा। स्वयं लक्ष्मी ऐसे रोग से ग्रसित है जिसका इलाज पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा है जबकि उसका पति राजू पेंट का काम करके अपने परिवार का पोषण करता है। इस परिवार के लिए एक तरफ जहां अपने पोषण की चिंता है तो दूसरी तरफ आशियाना छिन जाने पर अब नीले आसमान के तले रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। कमला और लक्ष्मी की आंखों से जो आंसुओं की बौछार बहती है उससे हर किसी का दिल पिघल जाता है। नाम के लिए तो लक्ष्मी और कमल मगर नसीब के हिसाब से देखा जाए तो आज उनके ऊपर जो आपदा टूट पड़ी है उसे यह परिवार पूर्ण रूप से टूट चुका है। प्रशासन के अधिकारी मौका पर गए उन्होंने भी उन्हें तिरपाल इत्यादि मुहैया करवाया मगर अब समस्या यह है कि जिस जगह पर उनका मकान दरक चुका है क्या वह उस मकान को दोबारा बना पाएंगे। दूसरी तरफ उनके पास कोई ऐसी जमीन भी नहीं है जहां पर अपना मकान बना सके। कमला का पति भी चालाक है और दिहाड़ी लगाकर रोजी-रोटी कमाता है। मंडी शहर में ऐसे दर्जनों परिवार है जिन्हें ऐसी आपदा आन पड़ी है कि अब सर

# मेड इन इंडिया गैलेक्सी जेड फ्लिप-5 और जेड फोल्ड-5 की बिक्री शुरू हुई

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**सैमसंग के** मेड इन इंडिया फोल्डेबल स्मार्टफोन गैलेक्सी जेड फ्लिप-5 और गैलेक्सी जेड फोल्ड-5 की बिक्री आज से शुरू होगी।गैलेक्सी जेड फ्लिप-5 में नई फ्लेक्स विंडो है और यह पॉकेट में लेकर चलने वाला एक शानदार सेल्फ.एक्सप्रेशन टूल है जबकि गैलेक्सी जेड फोल्ड-5 बड़ी स्क्रीन के साथ शानदार प्रोडक्टिविटी पावरहाउस है। ये दोनों स्मार्टफोन ग्राहकों को फोल्डेबल फोन का बेजोड़ अनुभव प्रदान करेंगे।गैलेक्सी जेड फ्लिप-5 और गैलेक्सी जेड फोल्ड-5 दोनों ही की भारत में जबरदस्त मांग है। इन स्मार्टफोन को पहले 28 घंटों में 100000 उपभोक्ता प्रि.बुक कर चुके हैं।सैमसंग की पांचवीं जनरेशन के फोल्डेबल स्मार्टफोन की इस जबरदस्त माँग से फोल्डेबल श्रेणी में भारतीय उपभोक्ताओं का बढ़ता विश्वास प्रदर्शित होता है।गैलेक्सी जेड फ्लिप-5 पॉकेट.साइज की डिवाइस में अपनी अभिव्यक्ति करने का एक स्टाइलिश और अनोखा फोल्डेबल अनुभव प्रदान करता है। गैलेक्सी जेड फ्लिप-5 की बाहरी स्क्रीन पहले से 3.78 गुना ज्यादा बड़ी हो गई है जिससे पहले से ज्यादा उपयोगिता मिलती है।गैलेक्सी जेड फोल्ड-5 बड़ी स्क्रीन के साथ शानदार प्रोडक्टिविटी पावरहाउस है।यह गैलेक्र्सी श्रृंखला में सबसे शक्तिशाली परफॉर्मेंस देता है और अब तक का सबसे पतला तथा लाइटवेट फोल्डेबल फोन है। गैलेक्सी जेड फ्लिप-5 और गैलेक्सी जेड फोल्ड-5 दोनों में ही आई पी एक्स -8 सपोर्ट के साथ एयरक्राफ्ट ग्रेड आर्मर एल्युमीनियम फ्रेम दिये गये हैं।दोनों फ्लेक्स विंडो और बैक कवर में कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस 2 की सुरक्षा है।

# इलीगल कंस्ट्रक्शन पर रोक लगाने पर दिया जाएगा जोर, बनाए जाएंगे ठोस नियम

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**नगर निगम** सोलन द्वारा शुक्रवार को जनरल हाउस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता निगम की मेयर पूनम ग्रोवर ने की, सरकार द्वारा मनोनीत पार्षद भी पहली बार आज जनरल हाउस में पहुंचे थे इस दौरान निगम ने विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की, भाजपा और कांग्रेस पार्षदों ने निगम में देरी से हो रहे विकास कार्यों को लेकर सवाल उठाए वही आपदा के समय निगम कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी इस दौरान पार्षदों द्वारा की गई। इस दौरान नगर निगम सोलन की मेयर पूनम ग्रोवर ने कहा कि निगम का आज जनरल हाउस था जिसमें सबसे बड़ा फैसला यह लिया गया है कि जिस तरह से प्रदेश में आपदा का दौर चल रहा है उसको ध्यान में रखते हुए शहर में इलीगल कंस्ट्रक्शन पर रोक लगाई जाएगी इसके लिए सख्त



कानून बनाए जाएंगे और उसे लागू भी किया जाएगा। इस दौरान निगम ने बिल्डिंग के बेस को मजबूत करने के लिए भी योजना बनाने की बात कही है।इसी के साथ पिछले काफी लंबे समय से यात्री निवास को लेकर विवाद पर भी आज चर्चा की गई है जिसमें निगम द्वारा यात्री निवास में 6 दुकानों का निर्माण किया गया था लेकिन बिना निगम की परमिशन लिए उन दुकानों को तोडकर वहां पर हॉल का निर्माण किया गया था, ऐसे में इसको लेकर भी आज चर्चा की गई है और इसमें आगामी रिपोर्ट मांगी गई है। वहीं सोलन शहर में कूड़ा सेग्रीगेशन को लेकर निगम द्वारा एक मुहिम शुरू की जानी है जिसको लेकर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा लोगों को उसके प्रति जागरूक किया जाएगा ताकि शहर में कूड़ा सिर्फ कूड़ेदान में ही डाला जाए और निगम के कर्मचारियों को ही कूड़ा दिया जाए ताकि सोलन शहर साफ स्वच्छ रह सके। वहीं हाउस के दौरान इसको लेकर भी चर्चा की गई है किस तरह से आपदा के समय काम किया जाना है और सोलन शहर में विकास कार्यों को तेजी दी जानी है वहीं शहर के अलग-अलग वार्डों में पार्कों को लेकर किस तरह से काम किया जाएगा इसको लेकर भी आज अधिकारियों ने रिपोर्ट प्रस्तुत की है और जल्द ही शहर के वार्डों में झूले लगाने का काम भी शुरू कर दिया जाएगा। इसी के साथ सोलन शहर में निगम द्वारा किस तरह से अपने आय को बढ़ाया जाना है इसको लेकर आज निगम द्वारा चर्चा की गई है वहीं स्टॉल, दुकानों को निर्मित और आवंटित करने के बारे में भी चर्चा की गई है आईएचएसडीपी के अंतर्गत बन रहे आवासों के आवंटन और नगर निगम सोलन की विभिन्न पार्किंग की नीलामी को लेकर भी आज चर्चा की गई है ताकि सोलन निगम की आय बढ़ सके और उसे विकास कार्यों में लगाया जा सके।

# विकास खंड सोलन की ग्राम पंचायत चेवा के, गांव उदयपुर क्यार, हरिपुर का दौरा किया

**टीम एक्शन इंडिया/ कसौली/ विशाल**

**कसौली** के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने गत दिवस, विकास खंड सोलन की ग्राम पंचायत चेवा के, गांव उदयपुर क्यार, हरिपुर का दौरा किया। इस दौरान सुलतानपुरी बारिश से प्रभावित ग्रमीणों के परिवारों से मिले। ग्रामीणों ने विधायक को बारिश से हुए नुकसान की जानकारी दी।विधायक ने प्रत्येक गांव के घर-घर जाकर, नुकसान का जायजा लिया व बताया कि सरकार दुखःकी इस घड़ी में आपदा प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। इन गांवों के ग्रामीण पूर्ण चंद, रोशन लाल, चन्दरदत्त, अशोक, तुलाराम, राजू, शामलाल के मकान में बारिश के कारण भारी क्षति हुई है। प्रभावित परिवारों को विधायक द्वारा समुचित सहायता देने का आश्वासन भी दिया गया। सुल्तानपुरी ने बताया कि जिन भी परिवारों का नुकसान



हुआ है। सरकार उन्हें उचित मुआवजा देने का प्रयास कर रही है। विधायक सुलतानपुरी ने बताया किए कुमार हट्टी से धर्मपुर वाया हरिपुर, बशोलु, उदयपुर सडक को पक्का करने के लिए साठ लाख की राशि व्यय की जा रही है। ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने, कयार व उदयपुर को जल शक्ति विभाग से पेयजल आपूर्ति करवाने बारे विभाग को शीघ्र ही सर्वे करने का आदेश दिया। उन्होंने उदयपुर से निचली हरिपुर संपर्क मार्ग के लिए रू 300000, कयार से पडगयानी संपर्क मार्ग के लिए रू 300000 देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर हरिपुर गांव के ग्रामीणों के एक प्रतिनिधि ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, जियालाल ठाकुर की अगुवाई में हरिपुर में पशु डिस्पेंसरी खोलने की भी मांग की विधायक ने स्थानीय पंचायत प्रधान को इस बारे में तुरंत प्रस्ताव बनाकर भेजना को कहा व बताया कि वह शीघ्र ही इस एरिया में पशु औषधालय का निर्माण करवाएंगे।

# बस सेवा बंद होने से दो पंचायतों के लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ। बीते दो माह** से राणाघाट-देवठी-राजगढ़ बस सेवा बंद होने से क्षेत्र की दो पंचायतों के लोगों और विशेषकर स्कूली बच्चों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ रही है। राणाघाट निवासी जीवन सिंह तोमर, ओम सिंह, इंद्र सिंह, प्रताप सिंह सहित अनेक लोगों ने बताया कि बीते कुछ वर्षों से यह बस सेवा राजगढ़ से तीन बजे वाया धार बघेड़ा होते हुए राणाघाट देवठी पहूंचती है। जीवन सिंह तोमर ने बताया कि राणाघाट, धाईला देवठी, ढाया पीतली के करीब चालीस बच्चे प्रतिदिन शरगांव पढने जाते हैं। इन सभी बच्चों के बस के पास बने हुए हैं। बस न आने से करीब 12 किलोमीटर का पैदल सफ र तय करके बच्चे शिक्षा ग्रहण करने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शरगांव आते हैं।

# पंचायत भवन में एक दुकान में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा। पुराने** बस स्टैंड के समीप पंचायत भवन में एक दुकान में आग लगी, माना जा रहा है की आग दुकान के अंदर शॉर्ट सर्किट से लगी। कुछ ही क्षणों में आग बड़ गई। दुकान के मालिक ने आग बुझाने की कोशिश की जिससे उनके हाथों पर चोटे भी आई। दमकल दल ने तुरंत आकर आग पर नियंत्रण पाया। भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, भाजपा नेता गणेश दत्त मौके पर पहुंचे और दुकान मालिक से मिले, नेताओं ने हादसे पर दुख प्रकट किया। दुकान मालिक ने बताया की दुकान में काफ ी नुकसान हुआ है जिसका आंकलन अभी किया जा रहा है, मालिक ने बताया की नुकसान 10 लाख से अधिक हो सकता है। रोजमर्रा का सामान और फ्रि ज इस हादसे में नष्ट हो गए।

# ग्राम पंचायत खड्ड के प्रधान ने सचिव के खिलाफ खोला मोर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**उपमंडल हरोली** के तहत ग्राम पंचायत खड्ड में झंडे को लेकर उपजे विवाद को लेकर अब प्रधान ने सचिव के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जिलाधीश ऊना के पास शिकायत दी है। प्रधान ने सचिव ने पंचायत कार्य में बाधा पहुंचने व समय पर कार्य न करने का आरोप लगाते हुए जिलाधीश से सचिव बदलने की मांग उठाई है। उधर, सचिव ने प्रधान द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को नकार दिया है। ग्राम पंचायत खड्ड के प्रधान वीरेंद्र हीर ने डीसी ऊना के पास शिकायत पत्र सौंपते हुए बताया कि पंचायत सचिव सुरेश सैनी राजनीति का शिकार है। जब से पंचायत बनी है, तब से पंचायत कार्य में बाधा बनता आया। न ही सयम पर आते हैं और न ही



समय पर कार्य करते हैं। इसकी शिकायत पहले भी बीडीओ व एडीसी के पास दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरी पंचायत सचिव से परेशान है। उन्होंने बताया कि सचिव पंचायत कार्य में कम ध्यान देता है और अपने कार्य ज्यादा करता है। पंचायत के कार्य में कोई रूचि नहीं रखता। पूरी पंचायत इससे परेशान है, इसी वजह से झंडे को लेकर विवाद उत्पन्न किया गया। जबकि पंचायत चौकीदार सुरज कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज को पूर मान सम्मान के साथ उतारकर पंचायत घर में रखा। उन्होंने डीसी ऊना से मांग करते हुए कहा कि पंचायत सचिव बदला जाए, जिससे ग्राम पंचायत खड्ड के कार्य बाधित न हो। उधर, पंचायत के सचिव सुरेश सैणी ने अपने ऊपर लगाए सभी आरोपों को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि मैं अपनी डयूटी पूरी ईमानदारी से करता हूं। विकास कार्य में कोई भी रूकावट नहीं डाली गई है।

# विधायक आशीष शर्मा ने बारिश के कारण हुए नुकसान का गांव-गांव जाकर लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**विधानसभा** क्षेत्र हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में बारिश के कारण हुए नुकसान का लगातार छठे दिन भी गांव-गांव जाकर जायजा लिया। शुक्रवार को विधायक ग्राम पंचायत बलोह, लंबलू, डबरेड़ा, बफ ड़ी में पहुंचे और बारिश के कारण प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर फ ौरी राहत राशि भी अपनी ओर से दी। इसके साथ ही संबंधित हलका पटवारियों को नुकसान की रिपोर्ट बनाने व उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि इस बरसात में पूरे प्रदेश में जहां भारी नुकसान हुआ



है वहीं हमीरपुर में भी करोड़ों रुपए की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। वह लगातार 6 दोनों से फ ील्ड में है और नुकसान का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने परिस्थितियों को सामान्य करने के लिए फ ील्ड में डटे विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों का भी हालातों को बेहतर करने के लिए आभार व्यक्त किया है। विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि आपदा से प्रभावित परिवार घबराएं नहीं। प्रदेश सरकार, प्रशासन और वह स्वयं लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं और हर संभव मदद की जा रही है। विधायक ने पंचायत प्रतिनिधियों को भी प्रभावित परिवारों की उचित सहायता करने के निर्देश दिए।

# 'मोदी सरकार ने अभी तक प्रदेश की बहुत मदद की है आगे भी करेगी'

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**इस आपदा** के समय में प्रदेश सरकार को केंद्र से मदद भी चाहिए और साथ में आलोचना भी करेंगे यह उचित नहीं लगता। मोदी सरकार तो लगातार मदद कर रही है। सरकार को आपसी सहयोग से इस आपदा के समय में काम करना चाहिए और आलोचना से बचना चाहिए। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने शुक्रवार को हमीरपुर से जारी एक ब्यान में यह बात कही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करना केंद्र सरकार का निर्णय होता है। यह निर्णय तय नियमों के आधार पर होता है। राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए नियम भी 2008 में केंद्र सत्तासीन कांग्रेस की यूपीए सरकार ने बनाये थे। इसलिए यह दो सरकारों के बीच का मामला है। प्रदेश सरकार ने यदि मांग उठाई है तो केंद्र सरकार नियमों के तहत जो उचित समझेगी वह करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले वर्ष 2000 में भी सतलुज त्रासदी प्रदेश में हुई थी। बहुत नुकसान हो गया था । उस समय भी केंद्र की ओर से एयरपोर्ट के हेलीकॉप्टर प्रदेश में राहत कार्यों के लिए दिए गए थे। और नियमों के तहत जो आपदा राशि बनती थी वही प्रदेश को केंद्र से मिली थी। क्योंकि आपदा के लिए नियमों के तहत तय निश्चित राशि ही मिलती है। और केंद्र से एक टीम आकर प्रदेश में असेसमेंट करती है करती है कि कितना नुकसान हुआ है फिर टीम उस आंकलन के आधार पर सिफारिश करती है जिसके आधार पर केंद्र सरकार निर्णय लेती है। पूर्व मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार मोदी सरकार ने प्रदेश की मदद की है आगे भी पूरी मदद होगी। अभी तक प्रदेश सरकार को केंद्र में बहुत मदद भेजी है और आगे भी केंद्र सरकार प्रदेश को पूरी मदद भेजेगी।

# डीसी ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई सद्भावना की शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ। पूर्व प्रधानमंत्री** स्वर्गीय राजीव गांधी का जन्म दिवस इस वर्ष भी 20 अगस्त को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर शुक्रवार को जिला हमीरपुर के विभिन्न सरकारी कार्यालयों एवं संस्थानों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्रीय सदभावना की शपथ ली। बिना देश की भावनात्मक एकता और सदभावना के लिए कार्य करने तथा सभी प्रकार के मतभेदों को सदैव आपसी बातचीत एवं संवैधानिक माध्यमों से ही सुलझाने की शपथ दिलाई।

# जल शक्ति विभाग के एसई से ठगी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**जल शक्ति** विभाग में अधीक्षण अभियंता के पद पर तैनात अधिकारी के साथ बीमा पॉलिसी प्रीमियम के नाम पर की गई 6.94 लाख रुपए की ठगी मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हाथ लगी है। वीरवार देर रात पुलिस ने आरोपी को पंजाब के मोहाली से काबू किया। आरोपी की पहचान उत्तराखंड निवासी मोहन सिंह रावत के रूप में की गई है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता नरेश धीमान



द्वारा एक निजी बीमा कंपनी की पॉलिसी खरीदी गई थी। जिसके प्रीमियम वह समय अनुसार अदा कर रहे थे। इसी बीच इसी बीमा कंपनी में नियुक्त मोहन सिंह रावत ने अधिकारी के पास पहुंचकर एकमुश्त प्रीमियम जमा करवा कर अधिक लाभ मिलने की बात कही। जिसके चलते नरेश धीमान ने मोहन सिंह रावत को 6.94 लाख रुपए प्रीमियम जमा करवाने के लिए दे दिए। लेकिन मोहन सिंह रावत ने इन पैसों को कंपनी के कार्यालय में जमा नहीं करवाया। जांच पड़ताल करने पर अधिकारी को पता चला कि एक मुश्त प्रीमियम जमा करवाने पर किसी भी प्रकार का कोई लाभ बीमा कंपनी द्वारा नहीं दिया जा रहा और ना ही उनसे लिया गया पैसा कंपनी के कार्यालय में जमा कराया गया है जिसके बाद उन्होंने पुलिस को मामले की शिकायत सौंपी। डीएसपी हेडक्वार्टर अजय ठाकुर ने कहा कि पुलिस ने मामले के संबंध में केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी थी। अब इस मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# एसपी बोले: पहले भी कई चोरियां कर चुका है आरोपी

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**सोलन शहर** के ऑफि सर कॉलोनी में बीते 3 अगस्त को डिलिवरी ब्वॉय बनकर चाकू की नोक पर लूट का प्रयास करने के आरोपी को सोलन पुलिस ने मोहाली से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की आरंभिक जांच में पता चला है कि इस घटना को अंजाम देने वाला युवक सोलन के ऑफि सर कॉलोनी का ही रहने वाला है। आरोपी ऑनलाइन गैमिंग में करीब 10 लाख रुपए हार गया और इसकी भरपाई के लिए ऑन लाइन लॉनिंग के चक्कर में फं स गया। लॉन चुकाने के दबाव में युवक ने सोलन में अपने घर में भी चोरी की।एसपी सोलन गौरव सिंह ने कहा कि ऑफि सर कॉलोनी में हुई चोरी और लूट के प्रयास मामलों की जांच में पुलिस लगी थी। लूट के प्रयास वाली वारदात में आरोपी



ने चाकू से एक 18 साल के लडके पर हमला भी किया था।इससे लोगों में दहशत का माहौल था। जांच के दौरान सीसीटीवी फु टेज और अन्य कडि?ों को जोड़ा गया तो सामने आया कि इन घटनाओं को स्थानीय युवक ने ही अंजाम दिया है। इस आधार पर लोकेंद्र कश्यप को शुक्रवार को मोहाली से गिरफ्तार किया गया है।

**एमबीए है आरोपी**

आरोपी युवक वैल एजुकेटिड यानी एमबीए है और मोहाली की एक कंपनी में नौकरी करता है। जांच में पता चला है कि यह युवक पिछले 24 साल से अपने माता-पिता के साथ सोलन के ऑफि सर कॉलोनी में रहता है। इसके पास मोहाली में भी फ्लेट है। ऑन लाइन गैमिंग की लत के कारण करीब 10 लाख रुपए हार गया था। ऑन लाइन लॉन लिया तो देनदारी चुकाने के दवाब में अपने घर में भी चोरी की। यह घटना इसी साल जुलाई माह की है।

# गलुआ से चोरी का आरोपी शिमला से गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**ऊना शहर** के वार्ड नंबर 3 स्थित मोहल्ला गलुआ के एक घर में दिनदहाड़े ताले तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम देने के एक आरोपी को पुलिस ने शिमला से दबोचा है। आरोपी की पहचान मोहम्मद फारुख पुत्र गुलजार अहमद वासी भूंड जिला कठुआ के रूप में की गई है। पुलिस को इस आरोपी की धरपकड़ से हिमाचल में कई जगह पर हुई चोरियों की वारदात से पर्दा उठने की भी उम्मीद है। बता दें कि 11 अगस्त को शहर के वार्ड 3 की निर्मल कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 10 अगस्त को शाम के वक्त पहुंचे, तो पाया कि घर के ताले टूटे हुए थे।

## रॉयल स्टैग बूमबॉक्स ने वायकॉम18 के साथ साझेदारी में अपना तीसरा ओरिजनल गीत, मोहब्बत रिलीज किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

रॉयल स्टैग बूमबॉक्स, वायकॉम 18 के साथ गठबंधन में संगीत की एक नई शैली पेश करने के लिए तैयार है, जिसमें बॉलीवुड की मधुर धुन और हिप हॉप के मिश्रण से जनरेशन लार्ज की ओरिजनल साउंड का निर्माण होता है। संगीत हर पीढ़ी के लोगों में भावनाएँ जगा देता है, इसलिए यह सीग्राम के रॉयल स्टैग के लिए जोश का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। आज के आधुनिक समय में युवा ग्राहक संगीत के रोमांचक व नए रूपों में ज्यादा रुचि रखते हैं। 'लिविंग इट लार्ज' की भावना का जश्न मनाते हुए और मणिपाल, भुवनेश्वर, पुणे, इंदौर एवं देहरादून में अपने अनूठे ऑन-ग्राउंड अनुभवों से हजारों संगीत-प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर देने के बाद, रॉयल स्टैग बूमबॉक्स 4 ओरिजनल संगीत ट्रैक के लॉन्च के साथ अगले चरण में प्रवेश कर रहा है। रिलीज होने वाले तीसरे ओरिजनल म्यूजिक ट्रैक में म्यूजिक मैस्ट्रो अमित त्रिवेदी और दिलेर रैपर स्लोचीता का अनूठा गठबंधन है।इस नये गीत ह्यमोहब्बतह्व में सबसे शक्तिशाली भावना- लव में हमारे विश्वास को बल मिलता है। अमित त्रिवेदी लव गुरु




(फिलॉसफर) बने हैं, जो नर्वस फ्रेशर, स्लोचीता को अपने प्यार का खुलकर इजहार करने के लिए मनाते हैं। इस गीत में देसी मेलोडी और हिप-हॉप बीट्स का बेहतरीन मिश्रण है, जो प्यार होने के विभिन्न चरणों को दिखाता है।यह रॉयल स्टैग बूमबॉक्स के अद्वितीय व फि जिटल फॉर्मेट में सभी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज होने वाला मेलोडी हिप हॉप म्यूजिक ट्रैक का तीसरा ओरिजनल गीत है। रैपर स्लोचीता ने कहा, रॉयल स्टैग बूमबॉक्स एक बेहतरीन मंच है जहां हम जैसे कलाकार मिलकर खुद की अभिव्यक्ति करने के लिए साथ आ सकते हैं। अमित त्रिवेदी जैसे आइकॉन के साथ काम करने और इस खास ट्रैक को बनाने का अनुभव अनमोल है। यह मुझे हमेशा याद रहेगा।


**e-TENDER NOTICE**

[illegible] Deputy Director, Animal Health/Breeding, Hamirpur, District Hamirpur H.P. hereby invites e-tenders from the reputed agencies/firms, for out sourcing of services of various unskilled works at Sheep Breeding Farm Tal District Hamirpur H.P. during the year 2023-24 (01/10/2023 to 30/09/2024).

The key dates are: -

Date of online publication of e-Tender : 17/08/2023 at 5:30 PM

1. Date of Download the e-Tender : 17/08/2023 (5:30 PM) to 10/09/2023 (5:00 PM)
2. Date of submission of e-bids : From 17/08/2023 (6:00 PM) to 11/09/2023 (11:00 PM)
3. Physical submission of EMD etc. : Upto 11/09/2023 (11:30 AM)
4. Opening of e-Tender : 11/09/2023 at 12:30 PM

The bid form and other details are available on https://hptenders.gov.in

Deputy Director, Animal Health/Breeding, Hamirpur District Hamirpur. (H.P.)
Phone No. 01972-222476
E-mail id- [illegible]

R.O.N-2168/2023-2024

**H. P. GOVT. DENTAL COLLEGE AND HOSPITAL, SHIMLA-1**
Ph. No.: 0177-2658818, 2652562; Fax No.: 0177-2651483
Website: www.hpgdcshimla.org
Email: hpgdcshimla@gmail.com

Ref. No. HFW(GDC)6(3)-5/99-II-1852 Dated: 18-08-2023

**NOTICE FOR INVITING E-TENDER**

1. Principal, H.P. Government Dental College & Hospital, Shimla invites e-Tender from the eligible & qualified bidders as per terms of the tender document for procurement of **Dental Instruments** required for H.P. Government Dental College & Hospital, Shimla on F.O.R door delivery basis.
2. **The detailed tender document can be viewed and download from the website:** https://hptenders.gov.in **from 19-08-2023 to 11-09-2023 up to 1:00PM** against the payment of Rs.1,000/- in shape of DD in favour of Principal, H.P. Government Dental College & Hospital, Shimla. The last date and time for submission and uploading of filled in tender documents is **11-09-2023** up to 1:00PM. The tender will be opened on **11-09-2023** at 2:30PM.
3. All subsequent corrigendum, modification and clarification in respect of this tender will be published only on aforesaid website. The bidders are advised to visit the website regularly https://hptenders.gov.in.
4. The undersigned reserves the right to reject any or all the tender offers without assigning any reason.

Principal
H.P. Govt. Dental College and Hospital, Shimla-171001.

R.O.N-2170/2023-2024

OFFICE OF THE DIRECTOR – CUM- PRINCIPAL
RAJIV GANDHI GOVT. ENGINEERING COLLEGE KANGRA AT NAGROTA BAGWAN, KANGRA 176047 (HIMACHAL PRADESH)
PH./FAX: 01892-249186, E-MAIL: [illegible]
WEBLINK: rggec.ac.in

**Public Notice**

Rajiv Gandhi Government Engineering College Kangra at Nagrota Bagwan (H.P.) has opened vacancies of apprenticeship (1 year: Fixed) in the National Apprenticeship Promotion Scheme (NAPS) portal.

**Education Qualification:** ITI in the respective field.

**Location:** Rajiv Gandhi Government Engineering College Kangra at Nagrota Bagwan (H.P.) 176047.

**Date of Interview: 31-08-2023, 10:00 AM, Conference Hall (ME Dept. Block)**

| S.No. | Name of Opportunity | Number of vacancies | Opportunity Code | Fellowship, Apprentice Trainee (Per Month Fixed) (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | COPA (Computer Operator and Programming Assistant) | 1 | [illegible] | 7800 |
| 2 | Draughtsman (Civil) | 1 | [illegible] | 7800 |
| 3 | Electrician | 1 | [illegible] | 7800 |
| 4 | Carpenter | 1 | [illegible] | 7800 |

Interested candidates may apply on or before 30-08-2023 only through weblink https://www.apprenticeshipindia.gov.in/candidate-login. Candidates have to register themselves as a "candidate" and later they can browse the created opportunity.
No TA/DA will be paid to attend the interview. No allowance is admissible.

-Sd-
Director-cum-Principal
Rajiv Gandhi Govt. Engg. College
Kangra at Nagrota Bagwan HP

R.O.N-2157/2023-2024

## न्यूज फ्लैश

### बायोफैच इंडिया 7 से 9 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा

**यमुनानगर।** 14 साल की सफलता के बाद, बायोफैच इंडिया का 15वां संस्करण 7 से 9 सितंबर तक इंडिया एक्सपो सेंटर ग्रेटर नोएडा में होने जा रहा है। अग्रणी जैविक, प्राकृतिक और मोटे अनाज की कंपनियों को एक ही मंच पर लाने के लिए न्यूर्नबर्गमेस्से इंडिया के एपीडा (कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) संग आयोजित होने वाले नेचुरल एक्सपो इंडिया 2023 और मिलेट इंडिया 2023 भी इस कार्यक्रम में सह-स्थित होंगें। बायोफैच इंडिया एक ऐसा मंच है जहां संपूर्ण जैविक उद्योग हर साल सरकारी निकायों, सहकारी समितियों, किसानों, निमार्ताओं, विक्रेताओं, नए प्रवेशकों और इच्छुक लोगों के लिए नवीनतम उत्पादों, नवाचारों को प्रदर्शित करने, व्यापार में संलग्न होने और रुझानों को आकार देने हेतु आपस में मजबूत संबंध बनाने के लिए एक बैठक के रूप में एकत्रित होते हैं। इस तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य प्राकृतिक खाद्य और सौंदर्य उत्पादों और मिलेट इंडिया के निमार्ताओं, वितरकों और आपूर्तिकताओं के लिए एक समर्पित मंच प्रदान करना है और यह इस दौरान एफ एंड बी, स्वास्थ्य, जीवन शैली और पोषण क्षेत्रों में कई नए विशेष और कारीगर उत्पादों की मेजबानी करेगा। प्रतिष्ठित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय वक्ता इस सम्मेलन और पैनल चचाओं का हिस्सा होंगे, जिसमें भोजन, पेय पदार्थ, अनाज, मसाले, दालें, डेयरी उत्पाद, प्राकृतिक देखभाल और कल्याण तथा मौटे अनाज जैसे विभिन्न क्षेत्रों से 200+ प्रदर्शनी कंपनियां भाग लेंगी।

### फ्लिपकार्ट ने किया सेलर कान्क्लेव का आयोजन

**गुरुग्राम।** भारत के घरेलू मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपनी देशव्यापी पहल सेलर्स कॉन्क्लेव की सफलतापूर्वक शुरूआत कर दी है। पहला कॉन्क्लेव दिल्ली में आयोजित किया गया। सेलर कॉन्क्लेव का उद्देश्य विभिन्न संवाद सत्र के माध्यम से सेलर्स को सशक्त करना है। साथ ही बहुप्रतीक्षित त्योहारी सीजन 'द बिग बिलियन डेज' के दौरान उनकी तैयारी को बेहतर बनाने के लिए फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस की विकास संबंधी योजनाओं, ग्राहकों की मांग और खरीदारी के ट्रेंड को लेकर उन्हें जानकारी देना भी इनका उद्देश्य है। कॉन्क्लेव का लक्ष्य सेलर्स को उद्यमिता के प्रयासों और कारोबारी क्षमता के मामले में अनूठी दक्षता पाने में सक्षम बनाना है। दिल्ली में आयोजित पहले कॉन्क्लेव में उत्साह के साथ 1,200 से ज्यादा उद्यमियों ने हिस्सा लिया। **फ्लिपकार्ट के** बहुप्रतीक्षित सालाना इवेंट द बिग बिलियन डेज (टीबीबीडी) के 10वें संस्करण का समय करीब आ रहा है। ऐसे में सेलर कॉन्क्लेव का उद्देश्य उन्हें जरूरी कौशल, जानकारी और टूल्स से लैस करना है, जिससे वे अपनी उद्यमिता के सफर पर तेजी से आगे बढ़ सकें। इस कॉन्क्लेव में सेलर्स को त्योहारों के उत्साह का लाभ उठाने में मदद करने और सीखने एवं आपसी गठजोड़ के माहौल को बढ़ावा देते हुए उनके कारोबार के विकास को गति देने पर फोकस किया गया। इवेंट में उन तरीकों पर भी जोर दिया गया, जिनसे सेलर प्रभावी तरीके से ई-कॉमर्स की ताकत का फायदा लेते हुए और फिलपकार्ट के एडवांस्ड एनालिटिक्स टूल्स की मदद से डाटा आधारित निर्णय लेते हुए अपनी ऑनलाइन उपस्थिति को बढ़ा सकते हैं। कॉन्क्लेव में फ्लिपकार्ट के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और उन अवसरों के बारे में बताया, जिन पर इस त्योहारी सीजन में सेलर्स को नजर रखनी चाहिए। फ्लिपकार्ट के वाइस प्रेसिडेंट एवं हेड मार्केटप्लेटस राकेश कृष्णन ने कहा, 'फ्लिपकार्ट में हमारी सेलर कम्युनिटी की सफलता हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इस तरह के कॉन्क्लेव से हमें उनके विकास एवं समृद्धि के लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है। हम मानते हैं कि इस तरह के कार्यक्रम ई-कॉमर्स की व्यवस्था में आगे बढ़ने के लिए टूल्स एवं जानकारियों के माध्यम से सेलर्स को सहयोग देने एवं उन्हें सशक्त करने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हैं। दिल्ली में अपने कॉन्क्लेव में सेलर्स की तरफ से मिली प्रतिक्रिया से हम उत्साहित हैं और इस दिशा में अन्य कार्यक्रमों में भी ऐसी सहभागिता की उम्मीद कर रहे हैं।'

### भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री सोलर पावर सॉल्यूशन से 4.5 अरब मीट्रिक टन से अधिक कार्बन कम कर सकती है: लूम सोलर

**नई दिल्ली।** भारत के नेट जीरो मिशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लूम सोलर फैशन क्लॉथ मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्रियल यूनिट और टेक्सटाइल इंडस्ट्री को शिक्षित एवं जागरूक करने का काम कर रहा है, ताकि कार्बन फुटप्रिंट को कम किया जा सके। इस एजेंडे पर अगर सही ढंग से काम किया जाए तो लगभग 15 लाख टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरिंग युनिट्स द्वारा 4.5 मिट्रिक टन कार्बन कम किया जा सकता है, जो 7 अरब पेड़ों के बराबर है। लूम सोलर की ओर से कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के उद्देश्य को हासिल करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। जिसके तहत उद्देश्य और कार्बन हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में कपड़ा उद्योग के लिए सोलर सॉल्यूशन यूनिट तैयार किए गए हैं। इससे देश की इंडस्ट्री तो विकास करेगी ही साथ ही हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलेगा। हाल ही में कपड़ा उद्योग में अपने सबसे कुशल सौर पैनलों के साथ 350 किलोवाट सौर ऊर्जा संचालित समाधान तैनात किया है, जिससे इसके परिसर के लिए डीजल जेनसेट के माध्यम से कैप्टिव पावर पर निर्भरता कम हो गई है।

# केवल माताएं, बहनें व बेटियां ही आमंत्रित

## राज्य स्तरीय तीज महोत्सव की तैयारियां मुकम्मल, मुख्यमंत्री द्वारा दीपप्रज्जवन के साथ होगी कार्यक्रम की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत, कमाल हुसैन**

**स्थानीय सैक्टर:**13-17 के गुरु तेग बहादुर मैदान में शनिवार को आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय तीज महोत्सव की प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर सोशल मीडिया पर अलग से यातायात प्लान जारी किया गया है। कार्यक्रम में प्रदेश भर से करीब 25 हजार महिलाओं के पहुंचने की संभावना है। स्थानीय पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के बेहतर इंतजाम किए गए हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल 101 से ज्यादा महिलाओं को सम्मानित करेंगे व 25 हजार से ज्यादा महिलाओं को तीज की कौथली प्रदान करेंगे। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया व पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शंखावत ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया व अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम में वही पुरूष प्रवेश कर सकेंगे जिन्हें प्रशासन की ओर से आई कार्ड उपलब्ध होंगे। उन्हीं अधिकारियों को भी कार्यक्रम के अन्दर जाने की अनुमति दी गई है जिनकी डयूटी जिला प्रशासन द्वारा लगाई गई है। बिना अधिकृत परिचय पत्र के कोई भी अधिकारी या कर्मचारी समारोह स्थल में अन्दर प्रवेश नही कर सकेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री दीप प्रज्जवलन कर करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अलग से आधुनिक कम्प्यूटरों के साथ प्रैस गैलरी निर्मित की गई है। अलग से उदघोषणा कक्ष, पुलिस पोस्ट कंट्रोल रूम, रिसैपशन आदि स्थापित किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर मातृशक्ति के बैठने के लिए 20 हजार से ज्यादा हरे रंग की कुर्सियों की बेहतरीन व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम स्थल पर पीने के शुद्ध जल का विशेष प्रबंध किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर अलग से 150 शौचालयों की व्यवस्था गई है। स्वास्थ्य व आयुष विभाग की और से स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जायेगा। कार्यक्रम स्थल पर दमकल विभाग की गाडियां व हैल्थ विभाग की एम्बुलैंस मौजूद रहेंगी। उपायुक्त ने बताया कि 55 के करीब स्वयं सहायता समूह के स्टॉल लगेंगे। 35 स्टॉलों पर फूड कोर्ट उपलब्ध होंगे। कार्यक्रम में 500 के करीब बसों में महिलाएं विभिन्न जिलों से शामिल होंगी।



**तीज महोत्सव**

8 कार्यक्रम की सफलता को लेकर सोशल मीडिया पर अलग से यातायात प्लान जारी किया गया

## विज्ञान ही ऐसा साधन जो हमें नित नए आविष्कार के लिए प्रेरित करता है : देवेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर । शुक्रवार को** तीज फेस्ट कम मॉडल एग्जिबिशन जैन स्कूल मे लगाया गया। जिसमें पहली कक्षा से 12वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने तरह-तरह के ज्ञानवर्धक और सुंदर मॉडल बनाए, जिसमें साइंस, इंग्लिश, हिंदी व मैथ्स सहित हर विषय के मॉडल बच्चों ने बनाए। इसके अलावा तीज फेस्ट में रंग-बिरंगी ड्रेस पहन कर छोटे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के तौर पर देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं प्रमुख समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। उनका बच्चों ने तिलक लगाकर अभिनंदन किया। कादियान ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बच्चों द्वारा बनाए मॉडल का अवलोकन कर उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। विज्ञान ही ऐसा साधन है, जो हमें नित नए आविष्कार के लिए प्रेरित करता है। विज्ञान हमारे जीवन की नवीनता को बनाए रखता है।

## भारत विकास परिषद ने मनाया तीज महोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेंदरगढ़**

**भारत** विकास परिषद महेंद्रगढ़ शाखा ने राजा मैरिज पैलेस में तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। शाखा की प्रांतीय महिला सह संयोजिका उमा खुराना व महिला संयोजिका रीना बंटी ने जानकारी देते हुए बताया कि सावन के पवित्र महीने में भारत विकास परिषद शाखा महेंद्रगढ़ द्वारा राजा मैरिज पैलेस में तीज महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम आने वाले सभी सदस्यों का तिलक लगाकर तथा माला पहनकर स्वागत किया गया । उसके बाद तीज के झूले झूले गए और सावन के गीत गाए गए । तीज के पावन अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा भोजन को जूठन ना छोड़ने का व व्यर्थ न करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर भारत विकास परिषद् महेंद्रगढ़ के अध्यक्ष सुरेश सैनी, जिला समन्यक भरत खुराना, संजय माधोगढिया, इंद्रलाल शर्मा, नपा उपप्रधान मंजू कौशिक, इंद्रा नांगलिया, संजू शर्मा, मेघा, शालिनी, सोनिया जिंदल, सुनैना माधोगढ़िया, अर्चना मैहता, पूजा, सारिका, नीता आदि उपस्थित थे।

## चेन चोरी की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: शहर थाना** सोनीपत पुलिस ने चेन चोरी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बिंदा निवासी बाबा कॉलोनी सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बाबा कॉलोनी निवासी विमला ने गत 14 अगस्त को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह घर पर रात के समय सो रही थी। किसी ने उसके गले में पहली सोने की चेन चोरी कर ली। अपने स्तर पर चेन की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

## पंचतत्व में विलीन हुए महान शिक्षाविद शांति ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया/मधुबनी**

पंच तत्व में विलीन हुए महान शिक्षाविद व मधुबनी जिला अंतर्गत बेनीपट्टी प्रखंड खिड़हर उच्च विद्यालय के सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य शांति ठाकुर कल 16/08/2023 शाम 6:30बजे 79 वर्ष के उम्र में बिहार राज्य मधुबनी मेडिकल कॉलेज में अन्तिम सांस लेकर परमात्मा को सिधार गए वह बहुत मिलनसार मृदुभाषी ब्यक्तित्व उनके मृत्यु से सम्पूर्ण बेनिपट्टी प्रखंड शोकाकुलित है उनके छात्र रहे 1996 बैच के IPS ADG Cisf आलोक कुमार व उन्ही के छात्र रहेपूर्व लोक सभा शदस्य महाबल मिश्रा विनम्र श्रद्धांजलि दिए है और दोनों ने बताए कि श्री शांति बाबू का जाना गरीब छत्रों के लिए बहुत बड़ी क्षति है कारण व गरीब छत्रों को अपने समय मे निशुल्क अलग से अपने घर पर ट्यूशन पढ़ाते थे वर्ष 2019 में श्री शांति कुमार ठाकुर को इंद्रप्रस्थ मिथिला परिवार द्वारा बाबा विद्यापति स्मृति पर्व समारोह नरेला में शिक्षाविद सम्मान से सम्मानित किया गया था उन्हें उत्कृष्ट शिक्षा के किए मधुबनी जिला द्वारा कई बार सम्मानित किया गया है उनका अंतिम संस्कार 17/08/2023 को उनके पैतृक ग्राम मधुबनी जिला के मनपौर ग्राम में हुआ जिसमें पूरे मनपौर ग्राम व उनके आस पास के सैकड़ो ब्यक्तिव उपस्थित होकर उन्हें अंतिम विदाई दिए वो अपने पीछे हंसता खेलता परिवार छोड़कर गए है उनका जेष्ठ पुत्र भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारी श्री संजय ठाकुर ने उनको मुखाग्नि दिए व उनके छोटे पुत्र निखिल चंदन पौत्र बालादित्य सेतु व सम्पूर्ण ग्राम वासी उनके अंतिम विदाई देकर नम हो गये।

## हरियाणा उदय के जागरूकता अभियान में स्कूल के बच्चों को किया जागरूक



**खरखौदा/सोनीपत/ सोमपाल सैनी**

**हरियाणा उदय** कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को खरखौदा के सरकारी स्कूल में पहुँचकर कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों से मुलाकात की और आगे भविष्य में पढ़ाई और अन्य कोर्स जैसे आईटीआई आदि बारे विस्तार से चर्चा भी की। इस दौरान एसीपी जीत सिंह बेनीवाल ने उपस्थित बच्चो को बताया गया की आपके क्षेत्र में हरियाणा सरकार द्वारा मारुति का बहुत बड़ा प्लांट लगाया जा रहा है। इस प्लांट के साथ और काफी सहयोगी प्लांट का निर्माण भी होना निश्चित है। इस आईएमटी वा अन्य आने वाले प्लांट से यहां रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इस प्लांट में तकनीकी ट्रेड के रोजगार काफी मात्रा में मिलेंगे इसलिए इच्छुक बच्चो से कहा गया की आप आईटीआई से विभिन्न ट्रेड में आप यहाँ कोर्स कर सकते हो ताकि भविष्य में आपको यहाँ अपने क्षेत्र में रोजगार मिल सके। इसके लिए बच्चो से यही भी कहा गया की आप अपने गांव /शहर में अपने अन्य भाई बहनों को इस बारे जागरूक भी करे ताकि युवा पीढ़ी रोजगार की इस मौका को प्राप्त कर सके। उपस्थित बच्चों को यह भी बताया गया की किसी को आईटीआई एडमिशन सम्बन्धी कोई भी दिक्कत हो। इस बारे हमे बताया ताकि हम उच्च स्तर पर बात करके उसका समाधान निकलवा सके। इस अभियान में आईटीआई खरखौदा के प्रिसिपल संदीप अहलावत से भी बात हुई उन्होंने कहा की हमारे यहाँ पर 600 बच्चो के लिए अलग अलग 18 ट्रेड है। लेकिन अभी तक करीब 425 बच्चो ने दाखिला लिया है। उन्होंने करीब अन्य चार ट्रेड बारे कहा है कि अगर ये ट्रेड यहां आईटीआई में मंजूर होकर आ जाए जिसका मुख्य संबंध इस मारुति प्लांट से है। हरियाणा उदय के जागरूकता अभियान में रोजगार के अवसर बारे बच्चो को बताने से और उनके द्वारा पूर्णता अमल करने से क्राइम और नशा में बहुत कमी आयेगी। आज बच्चो के साथ संवाद में नशा, क्राइम और साइबर फ्रॉड से बचने के भी संदेश दिया गया। साइबर फ्रॉड के बारे में बच्चो से गांव, शहर में अपने परिजनों को भी सावधान करने बारे कहा गया। इस दौरान सचूल स्टाफ के साथ साथ एसीपी जीत सिंह, थाना प्रभारी सुनील कुमार , एएसआई वीरपाल मौजूद रहे।

## खाटू श्याम कथा एवं भजन संध्या 20 से 23 अगस्त तक



**पंचकूला।** श्री श्याम सहारा परिवार की ओर से पंचकूला में पहली बार संगीतमय श्री श्याम कथा एवं भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। 20 अगस्त से 23 अगस्त तक चलने वाले आयोजन में हजारों लोगों के सम्मिलित होने की संभावना है। श्री श्याम सहारा परिवार के सुरेंद्र गोयल ने बताया कि 20 से 22 अगस्त तक श्री श्याम कथा अग्रवाल भवन सेक्टर 16 पंचकूला में होगी। जिसके चलते भव्य निशान यात्रा 20 अगस्त को सुबह 12:30 बजे दुर्गा मंदिर सेक्टर 7 पंचकूला से शुरू होकर अग्रवाल भवन सेक्टर 16 तक आएगी। कथा विश्वविख्यात कथावाचक श्याम रतन श्री पप्पू शर्मा जी खाटू वाले सुनाएंगे। कथा रोजाना दोपहर 4 से शाम 7 बजे तक चलेगी। उसके बाद शाम रसोई का भी आयोजन किया गया है संस्था के रोहित जिंदल ने बताया कि 23 अगस्त को भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भजन सम्राट कन्हैया मित्तल जी, मोहन यदुवंशी, अभिषेक जी अपने भजनों से लोगों को भक्ति रस में डुबो एंगे यह कार्यक्रम शाम 7: 15 बजे से प्रभु इच्छा तक होगा। जिसमें बाबा को 56 भोग लगाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से बढ़-चढ़कर कथा सुनने की अपील की।

## दो घरों से आभूषण व नकदी चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सदर थाना** क्षेत्र के गांव बैंयापुर में दो घरों से चोर नकदी और आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत सदर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बैयांपुर निवासी अंकित ने सदर थाना पुलिस को बताया कि वह रात को घर के अंदर सो रहे थे। रात करीब ढाई बजे चोर उनके घर की खिडकी तोडकर अंदर घुस गए। इसके बाद कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर चोरों ने 10 हजार रुपये की नकदी, सोने की बालियां, सोने की नाक की तिल्ली, चार चांदी की चेन, चार चांदी के सिक्के, चांदी का गले का सेट, चांदी की तागड़ी और अन्य आभूषण चोरी कर ले गए। सुबह उन्हें पता लगा कि चोर पड़ोसी कृष्ण के घर से भी 15 हजार रुपये चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामले की सूचना के बाद घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही है। ताकि चोरों के बारे में कोई जानकारी पुलिस को मिल सके।

## अधिकारी बिजली के पोल का एस्टीमेट पहले से ही सही बनाएं: बिजली मंत्री

### अगर एस्टीमेट 3 गुना से ज्यादा है तो वह बिल ठीक नहीं है उसे जारी ही ना करें: चौधरी रणजीत सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल। हरियाणा के** बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने कहा कि बिजली अधिकारी बिजली के पोल का स्टीमेट पहले से ही सही बनाएं। अगर स्टीमेट 3 गुना से ज्यादा बन गया है तो वह बिल ठीक नहीं है उसे जारी ही ना करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कई मामले संज्ञान में आए हैं जिससे किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पहले बिल बनकर जाता है अगर बिल बड़ा बन जाता था तो उसका फैसला हिसार में होता था। अब हमने इसे सर्किल डिजिट पर कर दिया है पहले एसई करेंगे उसके बाद एसडीओ करेंगे।

ऊर्जा मंत्री आज पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। पत्रकारों द्वारा बिजली चोरी सिंगल डिजिट में आने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अब हमारा लाइन लॉस 9.25 है जो पहले 31 प्रतिशत था।

एक फीसदी लाइन लॉस घटने पर निगम को लगभग 300 करोड रुपए का फायदा होता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बिजली के लिए चार कंपनियां काम कर रही हैं जो देश में एक नंबर पर है। हम गुजरात से भी आगे हैं।

# पुलकित बने हेड ब्वॉय, विशाखा बनी हेड गर्ल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**ज्ञान गंगा** ग्लोबल स्कूल (जी-3) में शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं में नेतृत्व की क्षमता व आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूल में स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया। समारोह में छात्र पुलकित को स्कूल का हेड ब्वाय और छात्रा विशाखा को हेड गर्ल चुना गया। प्राचार्या गीता चोपड़ा के मार्गदर्शन में चयनित सभी छात्र-छात्राओं को अपना दायित्व पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाने की शपथ दिलाई गई । इससे पहले स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्टूडेंट काउंसिल में चयनित विद्यार्थियों को शैश पहनाकर बैज लगाया गया । अलंकरण समारोह में स्कूल की चारों हाउस के छात्र-छात्राओं ने शानदार मार्च पास्ट कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर चेयरमैन सुधीर जैन ने चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और उनसे अपने कर्तव्यों को परिश्रम और निष्ठा के साथ निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में विद्यार्थियों में आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता का होना बहुत जरूरी है। इस प्रकार की गतिविधियां उनके मनोबल को बढ़ावा देते हैं। सीनियर विद्यार्थियों को अनुशासित देखकर ही जूनियर छात्र-छात्राएं उनका अनुसरण करते हैं। सीईओ संजय जैन ने कहा कि स्कूल स्तर से ही विद्यार्थियों में नेतृत्व की भावना विकसित करना जरूरी है । कोई भी पद बड़ी जिम्मेदारी होती है ऐसे में उसे पूरी निष्ठा से निभाई जानी चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कर्तव्य के प्रति सजग एवं अनुशासित रहने की सलाह दी। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि अलंकरण समारोह के मद्देनजर छात्र-छात्राओं से मतदान कराया गया,जिसके परिणाम के आधार पर ही स्कूल के हेड ब्वाय और हेड गर्ल का चयन किया गया। उनकी योग्यता, क्षमता और कुशलता के अनुसार अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई।



**उद्देश्य**

8 छात्रो में नेतृत्व की क्षमता व आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूल में स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया

## हरियाणा में बनेगा नारायण सेवा संस्थान का पहला सेवा केंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

देश - दुनिया में मानव सेवा के विभिन्न प्रकल्पों से लाखों की ज़िन्दगी में खुशियाँ भरने वाला उदयपुर का नारायण सेवा संस्थान, दीन दु:खी -दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में लाने व उन्हें लाभान्वित करने के उद्देश्य से कैथल हरियाणा में पहला सेवा केंद्र बनने जा रहा है। इसका नाम होगा दया गुप्ता मानव मंदिर। नारायण सेवा संस्थान के प्रवक्ता भगवान प्रसाद गौड़ ने प्रेस वार्ता में बताया कि संस्थान सर्वे भवंतु सुखिन: संकल्प के साथ उदयपुर मुख्यालय के अलावा आंध्र प्रदेश के हैदराबाद व राजस्थान के जयपुर में केंद्र संचालित कर रहा है। हरियाणा में बनने वाला दया गुप्ता मानव मंदिर संस्थान का तीसरे सेवा केंद्र के रूप में शामिल होगा। संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल की प्रेरणा एवं कुशल नेतृत्व में भारत सहित विदेश में शारीरिक रूप से असक्षम लोगों के लिए हर रोज शिविर और सेवा कार्य किए जा रहे हैं। "कुआं प्यासे के पास" भाव के साथ संस्थान हर जरूरतमंद और दु:खी प्राणी को उसके पास पहुंचकर उसके दु:ख मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है।

ऐसी सद्भावना के साथ संस्थान शाखा कैथल की तरह अन्य क्षेत्रों में भी सेवाएं संचालित करेगी। आने वाले महीनों में कैथल का सेवा केंद्र बनकर तैयार होगा तब संपूर्ण हरियाणा के दुर्घटनाग्रस्त और दिव्यांगजन हर रोज अपने घर के पास ही लाभ लेने लेंगे।

# संपादकीय

## अमेरिका की साख पर सवालिया निशान ?

**वैश्विक** स्तरपर हम दशकों से देखते आ रहे हैं कि दुनियां में दो शक्तियां अति महापावरफुल मानी जाती है एक अमेरिका और दूसरा रूस परंतु समय के चक्र के चलते रूस विखंडित हुआ फि र अब रूस यूक्रेन युद्ध होने से दुनियां में अमेरिका का अकेला बादशाह होने का संदेश साफ दिखाई दे रहा है जिसका सानी अभी कोई नहीं है, जो हमें बाहर से देख रहा है। परंतु बड़े बुजुर्गों की कहावत है कि दूर के ढोल सुहाने लगते हैं, हर-घर में बाहर तो शोहरत दिखती है परंतु अंदर की कहानी हर घर वालों को ही पता रहती है। सच ही है, हम कई स्थानों पर यह देख चुके हैं। मगर आज हम उसका संज्ञान वैश्विक स्तरपर लें तो हम हाल ही में ब्रिटेन को पछाड़कर पांचवी अर्थव्यवस्था बने हैं और अभी तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। वहीं हमने पिछले दिनों देखें कि किस तरह ऋण मामले में अमेरिका में क्राइसिस बड़ रहे थे जिन्हें सुझाव दिया गया है। परंतु अभी पिछले हफ्ते में वहां एक साथ दो घटनाएं देखी गई जिसकी उम्मीद शायद वर्षों से किसी को नहीं थी एक तो पूर्व राष्ट्रपति को अमेरिका न्याय विभाग द्वारा 2020 की हार को पलटने की साजिश में मुकदमा दर्ज.करवाना है। सोमवार 14अगस्त 2023 देर शाम को जॉर्जिया के ग्रैंड जूरी ने उन पर चौथा आपराधिक आरोप लगाते दर्ज.किया। जॉर्जिया के ग्रैंड जूरी ने ट्रंप पर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ अभियोग जारी किया है।फुल्टन काउंटी के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी फानी विलिस के लगाए गए इन आरोपों के बाद 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन नामांकन की दौड़ में सबसे आगे चल रहे ट्रंप के सामने कानूनी दिक्कतें बढ़ गई हैं।और दूसरी वहां की प्रतिष्ठित रेटिंग एजेंसी ने क्रेडिट रेटिंग घटाई है जो रेखांकित करने वाली बात है। यानें दुनियां में अमेरिका की साख पर सवालिया निशान लगा है कि इतनां विकसित देश और यह क्या? क्योंकि उपरोक्त दोनों घटनाओं ने विश्व का ध्यान खींचा है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियां के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका पर भीतर और बाहर से दो बातों पर सवाल? क्रेडिट रेटिंग घटा और पूर्व राष्ट्रपति पर धोखाधड़ी के आरोप दर्ज.। साथियों बात अगर हम अमेरिका के रुतबे की करें तो, जिस अमेरिकाकी इकोनॉमी का परचम दुनियाभर में लहराता है, जिसके शेयर मार्केट की चाल देखकर तमाम देशों के शेयर बाजारों की चाल तय होती है, जिस अमेरिका की ताकत उसकी शक्तिशाली अर्थव्यवस्था है, अब उसपर से दुनियां की दिग्गज रेटिंग एजेंसी फिच का भरोसा डगमगा गया है। फिच ने अमेरिका की रेटिंग को एएए से घटाकर एए+ कर दिया है यानें अब अमेरिका के पाले में फिच की तरफ से दी जाने वाली टॉप रेटिंग नहीं है। 12 साल यानी 2011 के बाद अमेरिका की रेटिंग को पहली बार किसी रेटिंग एजेंसी ने घटाया है। फिच ने ये कदम अमेरिका के कमजोर होते फाइनेंशियल हालात और बढ़ते कर्ज को देखकर उठाया है। साथियों बात अगर हम क्रेडिट रेटिंग घटने के वजह की करें तो, दुनिया की तीन बड़ी स्वतंत्र एजेंसियों में शामिल फिच का कहना है कि अमेरिका में बीते 20 साल में गवर्नेंस के हालात काफी खराब हुए हैं। फिच की तरफ से दी जाने वाली रेटिंग की दुनिया भर में मान्यता है।

# आपदाओं ने पहाड़ी जीवन पर अनेक सवाल खड़े किए

ललित गर्ग

> भारी वर्षा ने जिस तरह विनाश का खेल खेला है उससे पर्वतीय क्षेत्रों के विकास के लिए की जा रही विभिन्न गतिविधियों पर सवालिया निशान लग रहे हैं और भूगर्भ शास्त्री इस बारे में चेतावनियां भी दे रहे हैं कि पहाड़ी क्षेत्रों के लिए विकास का पैमाना वह नहीं हो सकता जो मैदानी क्षेत्रों में होता है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अनुसार अब तक के आकलन के मुताबिक प्राकृतिक आपदा से 10 हजार करोड़ रुपयों एवं भारी जानमाल का नुकसान हो चुका है। ये दर्दनाक एवं त्रासद घटनाएं प्रकृति के साथ तालमेल को नजरअंदाज करने का परिणाम है। यही वजह है, दोनों पहाड़ी राज्यों के लोगों को भविष्य में अंधाधुंध विकास की दौड़ से बचने के लिए तैयार रहना होगा। प्रकृति हमें आपदाओं के साथ यही संकेत और संदेश दे रही है कि विभिन्न स्तरों पर और निरंतर बहुत कुछ करने की जरूरत है।

**पहले** उत्तराखंड और अब हिमाचल प्रदेश की आपदाओं ने पहाड़ी जीवन पर अनेक सवाल खड़े कर दिये हैं, क्या पहाड़ी जीवन असंभव हो जायेगा या हमें नाजुक पहाड़ों पर सुरक्षित एवं निष्कंटक जीने के लिये नये तरीके से जीना सीखना होगा। इन पहाड़ों में भारी बारिश व भूस्खलन से जान-माल की तबाही चिंतित करने वाली है। पहाड़ों में यह पहली बार नहीं है कि इतनी तबाही हुई है। इससे पहले भी देश के पहाड़ी राज्यों में ऐसी तबाही होती रही है। इनमें न सिर्फ बड़ी संख्या में लोगों को जान गंवानी पड़ रही है, बल्कि निजी और सरकारी संपत्तियों को भी बड़ा नुकसान होता जा रहा है। ऐसे हालात में सवाल यही उठता है कि बार-बार की आपदाओं के कारण हो रही तबाही को न्यूनतम करने की दिशा में कदम उठाने के लिए हमने सबक क्या लिया? क्या पहाड़ों पर सामान्य धरती यानी मैदानी क्षेत्रों की तरह विकास योजनाओं, सड़क, भवन निर्माण, टनल, औद्योगिक उपक्रम, पर्यटन आदि को आकार देना उचित है। भूस्खलन की बढ़ती घटनाओं के कारणों की पड़ताल जरूरी है। पहाड़ों पर हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट लगातार हो रहे भूस्खलन की एक बड़ी वजह हैं। प्रोजेक्ट के दौरान टनल बनाने के लिए विस्फोट किए जाते हैं। भारी मशीनों के इस्तेमाल से पहाड़ों पर तेज कंपन होता है। हिमाचल प्रदेश का इकोसिस्टम अभी काफी संवेदनशील है। इन राज्यों में लगातार वृक्षों को काटने एवं मौजूद पहाड़ों की उम्र भी कम होने की वजह से लैंडस्लाइड की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन को भी भूस्खलन के बढ़ते मामलों की एक वजह माना जा सकता है। पिछले साल फरवरी में नासा ने एक रिपोर्ट जारी की थी। इसके मुताबिक क्लाइमेंट चेंज से हिमालयी के ग्लेशियर झील वाले इलाकों में जून से सितंबर के दौरान लैंडस्लाइड बढ़ सकती है। साथ ही इससे बाढ़ की आपदा से जूझना पड़ सकता है। लेकिन ऐसे पूर्व अनुमानों से हमने क्यों नहीं सबक लिया?

हिमालय आज चिन्ताओं का हिमालय बन गया है। कुछ दशकों में खासकर हिमालयी क्षेत्र के राज्यों में विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हुआ है। इतना ही नहीं, प्रकृति से खिलवाड़ कर नियमों के खिलाफ ऐसा निर्माण खड़ा किया जा रहा है, जो बाढ़ और भूस्खलन के साथ बबार्दी लेकर आया है। सवाल यह भी है कि पहाड़ी राज्यों में विकास का क्या पैमाना होना चाहिए? अगर विकास के नाम पर कहीं



निर्माण गतिविधियां आवश्यक हों तो वह नियोजन के साथ ही आपदाओं को झेलने में सक्षम होनी चाहिए। आम तौर पर देखा गया है कि इन राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा देने के नाम पर ऐसी बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी हो गईं जो न सिर्फ बाढ़ और भूस्खलन झेलने में अक्षम साबित हुईं, बल्कि पर्यावरण के हिसाब से भी नुकसानदेह रही हैं। ऐसे निर्माण में सरकारी स्तर पर सतर्कता की जो उम्मीद की जाती है, उसे नजरअंदाज किया गया।

हमने पहाड़ों को बाजारवाद के हवाले कर दिया है, वहां पर जिस तरह का आधारभूत ढांचा गत क्षेत्र से लेकर आवास क्षेत्र, होटलों आदि तक में अंधाधुंध निर्माण कार्य किया है और पहाड़ों को एक तरफ खोदा है और दूसरी तरफ उन पर क्रंक्रीट का निर्माण कार्य करके बोझ बढ़ा दिया है उससे प्रकृति द्वारा निर्मित इन मनोहर स्थानों का स्वरूप बदल रहा है। पिछले दिनों हमने बद्रीनाथ तीर्थ की यात्रा के आधार नगर जोशीमठ की हालत देखी थी कि किस प्रकार यह शहर दरकने लगा है। उससे पहले श्री केदारनाथ धाम में आयी विनाश लीला को भी देखा था। यह सब पहाड़ों पर बोझ बढ़ाने का ही नतीजा है और पहाड़ों को बेहिसाब तरीके से काटने व खोदने का ही नतीजा है। अगर कालका-शिमला राजमार्ग पर सोलन तक की दूरी में ही दस जगह भूस्खलन होता है तो हमें सोचना पड़ेगा कि गलती कहां हुई है। यदि शिमला शहर की पहाड़ियों पर ही मकान ढहने लगते हैं तो हमें सोचना पड़ेगा कि ऐसे स्थानों में भवन निर्माण के नियम क्या हैं?

शिमला की घटनाओं ने अधिक चिन्ता में डाला है। राजधानी एवं अधिक सक्रिय, जनबहुल एवं पयर्टन नगर होने की बजह से शिमला में जो दृश्य देखें गये, वे अधिक डरावने, चिन्ताजनक एवं दहशतभरे थे। शिमला के कृष्णा नगर इलाके में 15 अगस्त को लैंडस्लाइड के चलते यहां कई मकान ढह गए। अपने आस-पास दशकों से रह रहे लोगों के घर ढहते देख पड़ोसी अपनी चीखें नहीं रोक पाए, भूस्खलन के बाद समूचे देश ने मचा हाहाकार देखा है। लेकिन जब जमीन धंसकती है और आपकी आंखों के सामने सब-कुछ नष्ट हो जाता है, वो बेबसी सरकारी योजनाओं, विकास प्रक्रियाओं एवं असंवेदनहीन होती सोच पर सवाल खड़ा करती है। शिमला के ही समर हिल इलाके में बादल फटने के बाद भूस्खलन हुआ। चपेट में इलाके का शिव मंदिर भी आ गया, जहां सावन का सोमवार होने के चलते भीड़ कुछ अधिक थी। जमीन इतनी तेजी से धंसी कि किसी को कुछ करने का मौका नहीं मिला। मंदिर के मलबे से अभी तक कुल लगभग 25 शवों को निकाला गया है। 14 अगस्त को ही शिमला में एक और जगह फागली पर भूस्खलन हुआ। यहां पांच लोगों की मौत हो गई। सोलन जिले में भी 7 लोगों के मर जाने की खबर है।

भारी वर्षा ने जिस तरह विनाश का खेल खेला है उससे पर्वतीय क्षेत्रों के विकास के लिए की जा रही विभिन्न गतिविधियों पर सवालिया निशान लग रहे हैं और भूगर्भ शास्त्री इस बारे में चेतावनियां भी दे रहे हैं कि पहाड़ी क्षेत्रों के लिए विकास का पैमाना वह नहीं हो सकता जो मैदानी क्षेत्रों में होता है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अनुसार अब तक के आकलन के मुताबिक प्राकृतिक आपदा से 10 हजार करोड़ रुपयों एवं भारी जानमाल का नुकसान हो चुका है। ये दर्दनाक एवं त्रासद घटनाएं प्रकृति के साथ तालमेल को नजरअंदाज करने का परिणाम है। यही वजह है, दोनों पहाड़ी राज्यों के लोगों को भविष्य में अंधाधुंध विकास की दौड़ से बचने के लिए तैयार रहना होगा। प्रकृति हमें आपदाओं के साथ यही संकेत और संदेश दे रही है कि विभिन्न स्तरों पर और निरंतर बहुत कुछ करने की जरूरत है। जिम्मेदारी सरकार और वहां के लोगों की है कि वे नाजुक पहाड़ी जीवन की मयार्दा, संयम, सादगी और पवित्रता को बनाए रखें। हर कोई जीवन में सुख-समृद्धि हासिल करना चाहता है लेकिन अंधाधुंध निर्माण गतिविधियों पर नियंत्रण बनाने की जरूरत है। पहाड़ों के प्राकृतिक स्वरूप से अधिक छेड़छाड़ किए बिना संतुलित विकास हो।

पर्यावरण विशेषज्ञों एवं जानकारों के अनुसार हिमाचल प्रदेश की सड़कों को चौड़ा करने के लिए पहाड़ों को ऊपर से काटा जा रहा है। इसी वजह से भूस्खलन की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। पहाड़ी इलाकों में इंसानी एवं पर्यटन गतिविधियां लगातार बढ़ती जा रही है। इस वजह से पहाड़ों का संतुलन लगातार बिगड़ रहा है। बारिश के मौसम में या फिर बारिश के बाद पहाड़ों की नींव कमजोर हो जाती है। इसी वजह से पहाड़ टूटकर गिरने लगते हैं।

भूस्खलन की एक बड़ी वजह वनों को काटना भी हैं। दरअसल पेड़ों की जड़े मिट्टी पर मजबूती के साथ पकड़ बनाती है। इसके साथ ही पहाड़ों के पत्थरों को भी बांधकर रखती हैं। पेड़ों को काटने से यह पकड़ ढ़ीली होती है। इसी वजह से जब बारिश होती है, तो पहाड़ के बड़े-बड़े पत्थर गिरने लगते हैं। शिमला में हो रहे हादसों का भी यही कारण है।

मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी पहाड़ों में त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वहां के वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ पहाड़ी जीवन के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। भारत को अपने पहाड़ों की विकास नीति तैयार करनी होगी। इस काम में भूगर्भ शास्त्रियों की ही प्रमुख भूमिका हो सकती है। हिमाचल के मुख्यमन्त्री श्री सुक्खू जब यह स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि पहाड़ों पर पूरी तरह गैर वैज्ञानिक तरीके से अंधाधुंध निर्माण करा कर और सड़कों को चौड़ी करने के मोह में पहाड़ों को अंधाधुंध काट कर हमने इस मुसीबत को खुद दावत दी है तो पूरे देश को विचार करना चाहिए कि प्रकृति का बिना जाने-बूझे शोषण करने का क्या नतीजा हो सकता है?

# कविता

## हे युवाओ आगे आओ

हे युवाओ
आगे आओ
मत बैठो निराश

रोजगार भी तुम्हें मिलेगा
और मिलेगी जॉब
हे युवाओ
आगे आओ
मत बैठो निराश

मत बैठो निराश
आश्रित तुम किसी पर
करो स्वयं कोई काम शुरू
और अमल इसी पर

हे युवाओ
आगे आओ
मत बैठो निराश

मत बैठो निराश दिखा दो दमखम अपना
देश गाँव परिवार का पूरा करके सपना।

नरेन्द्र सोनकर

## क्रांतिकारी उल्लासकर दत्त

प्रमोद दीक्षित मलय

**देश** में ऐसे असंख्य मौन साधक हुए हैं जो नाम-यश की आकांक्षा से दूर मां भारती की सेवा साधना में अविचल अविराम साधनारत हो राष्ट्र यज्ञ में जीवन का कण-कण, पल-पल अर्पित करते रहे हैं। अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध देश के स्वातंत्र्य समर के औप्रज्वलित अग्निकुंड में जीवन की श्वास समिधा समर्पित कर अंग्रेजी सत्ता की नींव उखाड़ भारत माता के प्रति सम्मान और श्रद्धा का अर्ध्य प्रदान किया। किंतु आजादी मिलने के बाद हजारों नायक गुमनामी के अंधेरे में खो गए। इतिहास के पृष्ठों में स्थान न पा सके। समय और उपेक्षा की धूल ऐसी पड़ी कि देश की नई पीढ़ी भी इन भूले बिसरे क्रांतिकारी नायकों से अपरिचित ही रह गई। ऐसा ही एक अपरिचित अद्वितीय क्रांतिकारी है उल्लासकर दत्त जिसे सेलुलर जेल (काला पानी की सजा) की घोर अमानवीय यातना ने पागल बना दिया था। यह वही गुमनाम क्रांतिकारी है जिसके बनाये बम से खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर के मजिस्ट्रेट डगलस किंग्सफोर्ड की गाड़ी पर हमला किया था। संयोग से किंग्सफोर्ड उस गाड़ी में नहीं बल्कि पीछे आ रही दूसरी गाड़ी में था। लेकिन उस हमले में दो अंग्रेज महिलाएं मृत्यु को प्राप्त हुई थीं जो अंग्रेज वकील प्रिंगल केनेडी की पत्नी और बेटी थीं। स्मरणीय है कि बम बनाने में सिद्धहस्त उल्लासकर दत्त ने सेलुलर जेल में जेलर के नियम मानने से इनकार कर दिया था। वह मानते थे कि बागी बागी ही होता है, चाहे वह जेल के बाहर हो या भीतर। नाराज जेलर ने उल्लासकर को घोर यातना दी। फलत: वह अपना मानसिक संतुलन खो बैठे और पागल हो गये।

परम देशभक्त उल्लासकर दत्त का जन्म 16 अप्रैल, 1885 को बंगाल प्रांत के कलिकाछा गांव में हुआ था जो अब बांग्लादेश में है। लंदन विश्वविद्यालय से कृषि स्नातक पिता द्विजदास दत्त स्वतंत्र सोच के व्यक्ति थे। माता मुक्तकेशी की ममता एवं वात्सल्य की छांव में पले-बढ़े उल्लासकर ने प्रारंभिक शिक्षा गांव में प्राप्त कर उच्च शिक्षा हेतु कलकत्ता के प्रेसीडेंसी कॉलेज में प्रवेश लिया। यहां से 1903 में मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण कर एफ.ए. कक्षा में पहुंच गये। वह शीघ्र ही अपने विचारों के बल पर युवकों में प्रिय हो गए और युवाओं में राष्ट्रभक्ति का भाव जगाने लगे। वह एफ.ए. की परीक्षा में नहीं बैठ सके क्योंकि एक दिन कक्षा में अंग्रेज प्रोफेसर रसेल ने बंगालियों पर अभद्र अपमानजनक टिप्पणी करते हुए भारतीयों का मजाक उड़ाया। देशभक्ति के रंग में डूबे उल्लासकर को भला यह कैसे सहन होता, पलक झपकते ही उसने अंग्रेज के गाल पर जोरदार तमाचा जड़ दिया। परिणामस्वरूप उल्लासकर को कालेज से निकाल दिया गया, क्योंकि यह तमाचा एक व्यक्ति के गाल पर नहीं बल्कि अंग्रेजी सत्ता के क्रूर चेहरे पर पड़ा था और अंग्रेज सरकार इससे तिलमिला गई थी। कालेज से निष्कासन के बाद वह बम्बई के टेक्सटाइल इंस्टीट्यूट में प्रवेश ले कपड़ा बुनने की कला एवं तकनीकी सीखने लगे। यहीं पर रसायनों के प्रयोग करने की रुचि जगी। हृदय में देशप्रेम की आग धधकाए मां भारती का वह पुत्र अरविंद घोष की अनुशीलन समिति एवं युगांतर दल से जुड़ गया, जहां उसका परिचय देश के अन्य क्रांतिकारियों से हुआ। वह समय बंग भंग के विरोध और स्वदेशी अपनाने के आग्रह का काल था।

# विचार

## विपक्षी गठबंधन में अविश्वास का भाव

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

**केंद्र की** सत्ता से बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए की सरकार को हटाने के लिए बड़े ही जोर–शोर के साथ 26 विपक्षी दलों ने दो बैठकों के बाद नए गठबंधन इंडिया के गठन का ऐलान किया था। अभी गठबंधन की तस्वीर पूरी तरह साफ भी नहीं हुई है कि दिल्ली से लेकर महाराष्ट्र, यूपी और पश्चिम बंगाल तक भरोसे की कमी दिखाई देने लगी है। विपक्षी गठबंधन इंडिया में दरारें और अविश्वास के भाव पनपने लगे हैं। भारत में राजनीतिक गठबंधनों की नियति यही रही है कि वे बनते हैं, क्योंकि उन्हें टूटना होता है। वे टूटते हैं, क्योंकि फिर बनना होता है। सियासी गठबंधन का कोई भी स्थायी भाव नहीं होता। शरद पवार देश के रक्षा और कृषि मंत्री रह चुके हैं। वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहे हैं। एक दौर था कि उनका नाम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री पद के लिए भी चर्चा में रहता था। यह दीगर है कि उनकी पार्टी इतनी छोटी है कि वह कभी इन पदों तक पहुंच ही नहीं सके और न ही संभव था। अलबत्ता वह भाजपा में आ जाएं, तो विचार किया जा सकता है, लेकिन वह देश के प्रधानमंत्री कभी भी नहीं बन सकते। ऐसे वयोवृद्ध और अनुभवी नेता पर शिवसेना (उद्धव) और कांग्रेस के वे नेता सवाल कर रहे हैं, जो नौसीखिया जमात के हैं और विपक्षी गठबंधन के धागे बुनने में जिनका रत्ती भर भी योगदान नहीं है। दिल्ली में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता अलका लांबा ने मीडिया को सार्वजनिक तौर पर ब्रीफ किया कि कांग्रेस नेतृत्व ने दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर चुनावी तैयारी के निर्देश दिए हैं, जाहिर है कि पार्टी सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। यह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और दिल्ली के प्रादेशिक नेताओं ने एक बैठक में तय किया। तल्ख प्रतिक्रिया स्वाभाविक थी, लिहाजा दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आम आदमी पार्टी (आप) की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने गठबंधन के औचित्य पर सवाल उठा दिए। यह भी कहा कि इंडिया की मुंबई बैठक में शामिल होने का मतलब ही क्या है? अलबत्ता उन्होंने अंतिम फैसला मुख्यमंत्री केजरीवाल पर छोड़ दिया। अलका लांबा के बयान के बाद मचा घमासान अभी थमा भी नहीं था कि कांग्रेस के दिग्गज नेता संदीप दीक्षित ने आप को बेवकूफों की पार्टी करार दे दिया है। उन्होंने साथ ही अलका लांबा का बचाव भी किया है। उन्होंने बिना नाम लिए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर भी बड़ा हमला बोला है। संदीप दीक्षित ने एक निजी चैनल के साथ बातचीत में कहा, आम आदमी पार्टी तो बेवकूफों की फौज है... वे पूरे दिन झूठ बोलते हैं ब्लैकमेल करके जीते हैं। जो आदतन इस तरह के काम करने के लिए मजबूर हैं,उनका क्या कर सकते हैं। चुनाव के लिए आपको सभी सीटों पर तैयारी करनी पड़ती है। अगर हमने नई दिल्ली सीट के लिए तैयारी की और गठबंधन के बाद चांदनी चैक सीट मिल गई, तो हम क्या करेंगे? वे बेवकूफ लोग हैं एक नंबर के। उन्हें न किसी चीज के समझ है। जो आदमी इतना धोखा देता है, उसे लगता है दुनिया उसे धोखा दे रही है। वह खुद धोखेबाज है। टायर फटने पर ऐसा जताते हैं, जैसे गोली चल गई हो। अलका लांबा और संदीप दीक्षित के तल्ख बयानों के बाद दोनों दलों के रिषतों को आसानी से समझा जा सकता है। राजनीतिक विशलेषकों के मुताबिक दिल्ली सर्विस बिल पास होने के बाद से ही दोनों दलों के बीच खटास बढ़नी शुरू हो गई थी। दूसरी तरफ महाराष्ट्र के भीतरघात हैं। वहां उपमुख्यमंत्री अजित पवार और दिग्गज नेता शरद पवार की मुलाकात पुणे के एक उद्योगपति के आवास पर हुई। इससे पहले भी दो-तीन मुलाकातें हो चुकी थीं। शरद पवार उपमुख्यमंत्री के सगे चाचा हैं और पवार परिवार में पिता-तुल्य हैं, लिहाजा ऐसी मुलाकातें स्वाभाविक हैं। एनसीपी में बगावत और विभाजन के बाद ये मुलाकातें हुई हैं। उद्धव ठाकरे की पार्टी के मुखपत्र सामना में इन मुलाकातों के मद्देनजर संपादकीय तक लिख दिया गया कि शरद पवार भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश–174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर–29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## पुस्तकालय ज्ञान का मंदिर है

विजय गर्ग

पुस्तकालय ज्ञान का मंदिर है और इस डिजिटल युग में भी हजारों लोग ज्ञान जुटाने के लिए केवल सार्वजनिक पुस्तकालयों पर निर्भर हैं पुस्तकालय सभ्यता की प्रगति का प्रतीक हैं। हमारे अधिकांश स्कूलों और कॉलेजों में यही संस्कृति अपनाई जाती है कि छात्रों को पाठकों से कैसे दूर रखा जाए। किताबें अलमारियों में सुरक्षित रूप से बंद हैं और कई बेचारी किताबें पाठक द्वारा उसके पन्ने छूने का इंतजार कर रही हैं। यहां तक कि बहुत उच्च रैंक से मान्यता प्राप्त कॉलेजों में भी छात्रों को पुस्तकालय का मुफ्त उपयोग करने की अनुमति नहीं है। अनुसंधान संस्थानों द्वारा प्रबंधित पुस्तकालयों में स्थिति अधिक दयनीय है। वे अपनी सुविधा का उपयोग करने के लिए जनता का मनोरंजन नहीं करेंगे या यदि वे अनुमति देते हैं तो भी उन्हें कई क्या करें और क्या न करें की आवश्यकता होगी, जैसे कि पाठक एक उच्च-सुरक्षा क्षेत्र में है। एक बार प्रतिबंध लगने के बाद कोई भी युवा अपने जीवनकाल में आगे उस क्षेत्र में प्रवेश नहीं करेगा। पढ़ना एक ऐसा कौशल है जिसे केवल सक्रिय पढ़ने के माध्यम से ही विकसित किया जा सकता है और इसमें पुस्तकालयाध्यक्षों की बड़ी भूमिका होती है। एक अच्छा लाइब्रेरियन एक अच्छे विश्वकोश जितना ही अच्छा होता है। एक अच्छा लाइब्रेरियन हमारे युवाओं के व्यवहार में बदलाव ला सकता है। कुछ अच्छे लाइब्रेरियन हैं जो पाठकों के साथ बातचीत करते रहते हैं और उन्हें लाइब्रेरी में उपलब्ध नई किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। उसे ज्ञान प्रसार के एजेंट के रूप में कार्य करना चाहिए। पुस्तकालय एक विकासशील संस्था है और इसका विकास एक अच्छे पुस्तकालयाध्यक्ष की सहायता से ही संभव है। एक अच्छे पुस्तकालयाध्यक्ष को पुस्तकालय संस्कृति में वर्तमान समय के अनुरूप परिवर्तन लाना चाहिए। हालाँकि पुस्तकालय में मौन की संस्कृति को बनाए रखा जाना चाहिए, फिर भी पाठकों को पुस्तकालय के भीतर सक्रिय चर्चा करने के लिए स्थान आवंटित किया जाना चाहिए। आईआईएम त्रिची जैसे कुछ अच्छे पुस्तकालयों में ऐसे स्थान भी हैं जहां पाठक आराम से लेट सकते हैं और पढ़ सकते हैं।

## मूँछ की बात

डॉ. सुरेश कुमार

**अदालत** के बाहर भैया मजनू अपनी मुँछों पर ताव दे रहे थे। अपनी मर्दानगी को इन्हीं मूँछों से नापते-तोलते थे। इसी मर्दानगी के चक्कर में अपनी साली का खून कर बैठे। खून करने का कोई पछतावा नहीं था। पत्नी को छोड़ घर के सभी लोगों ने केस को रफा-दफा करने के लिए वकील पर दबाव बनाने लगे। वकील ने कहा झ्र मैं औरत थोड़ी न हूँ, जो मुझ पर अपनी मर्दानगी दिखाने की कोशिश कर रहे हो। केस खुद तुम्हारी पत्नी ने ठोका है। दम हो तो उसी के सामने अपनी मूँछों पर हाथ फेरकर दिखाओ। मजनू ने कहा झ्र ऐ काले कोर्ट। ज्यादा चपड़-चपड़ मत कर। तुझे अच्छी तरह से पता है कि जिस दिन तू ईमानदारी के पक्ष में केस लड़ने लगेगा उस दिन तेरी दुकान बंद हो जाएगी। बीवी-बच्चे भूखे मरने लगेंगे। तेरे जैसे बड़े खुशकिस्मत हैं कि दुनिया भर में बेईमानी, पाप, अत्याचार भरा पड़ा है जिससे तुम जैसों की दुकान चलती है। खुद बेईमानी की आँच पर पकी रोटियाँ खाने जैसा नामर्दी की बात करता है और चला है मुझे मेरी मर्दानगी सिखाने।

वकील कुछ कहना चाहता था कि मजनूँ फिर से बोल उठा झ्र मर्दानगी न हो तो पुरुष की जिंदगी बेकार है। जीने को तो मच्छर-मक्खी भी जी लेते हैं, लेकिन वह जीना भी कोई जीना होता है। पैसा फेंककर मैं पेरोल पर अंदर-बाहर होने का खेल खेलकर ऊब चुका हूँ। वह तो मेरी मर्दानगी है कि मैं इतना सब कुछ होते हुए भी टस से मस नहीं होता। मेरी पत्नी को समझा कि वह केस वापस ले ले। वरना मेरी मर्दानगी को उबाल मारने में देर नहीं लगेगी। जो हश्र साली का हुआ है वही उसके साथ भी हो सकता है। वकील के साथ पत्नी भी खड़ी थी। यह सब सुन वह भड़क उठी - मैं तेरी धमकियों से डरने वाली नहीं हूँ। मैं औरत हूँ औरत। जो कापुरुषों को जन्म दे सकती है, वह कापुरुषों को मार भी सकती है। मेरी बहन की हत्या करने को मर्दानगी समझते हो तो मैं थूकती तुम्हारी ऐसी मर्दानगी पर। शम्मा-परवानों के बखानो में आने वाली स्त्री डरावनी बनने में देर नहीं लगाती। उसे अबला समझने की भूल करना आ-बला जैसी होगी। औरत का औरतपन मर्दानगी पर भी भारी पड़ता है।

## न्यूज फ्लैश

### पुलिस मुठभेड़ में दो बाबरिया घायल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना कोसीकलां पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए अन्तर्राज्यीय बावरिया गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गये। बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ कोसीकला थाना क्षेत्र में शालीमार रोड नरसी विलेज के पास हुई।मुठभेड में दोनों बदमाश के पैर में गोली लगी है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। 10 अगस्त को प्रधान क्रैन सर्विस मनीराम वास बाईपास कोसीकलां के सामने से सोनू पुत्र रनवीर सिंह निवासी मनीराम वास बाईपास कोसीकलां की मोटरसाइकिल सवार चेन लूटकर भाग गये थे। इस संबंध में थाना कोसीकला पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से बदमाशों की पहचान की। प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकलां अनुज कुमार के मुताबिक शुक्रवार को शालीमार रोड शिवा फैक्ट्री के पास बैरियर लगाकर पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि चार बदमाश दो मोटर साइकिलों पर सवार होकर नंदगांव रोड की तरफ से घटना को कारित करने के इरादे से आ रहे है। पुलिस ने मोटरसाइकिल सवारों को रोकने का प्रयास किया तो इन लोगों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की ओर से की गई फायरिंग में कपिल बावरिया पुत्र मुकेश बावरिया निवासी अलाऊद्दीनपुर थाना झिझांना जिला शामली तथा दिनेश बावरिया उर्फ गनेश बावरिया पुत्र कृष्ण बावरिया निवासी खोखसा, थाना झिझांना जिला शामली पुलिस की गोली लगने से घायल हो गये। इनके आपराधिक रिकार्ड की अन्य थानों से जानकारी की जा रही है।

### मां भगवती के दुग्धाभिषेक के साथ शुरू होंगी भरत मिलाप मेले की तैयारी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कोसीकलां में श्री रामलीला संस्थान के तत्वावधान में लगने वाले श्री राम भरत मिलाप लक्खी मेले की तैयारियां नगर देवी मां भगवती के दुग्धाभिषेक के साथ ही शुरू हो जाएंगी। आज शनिवार की सुबह आठ बजे संस्था के पदाधिकारी नगर वासियों के साथ मिलकर मां भगवती का दुग्धाभिषेक करेंगे। जानकारी देते हुए संस्थान के मीडिया प्रभारी नवल किशोर अग्रवाल ने बताया कि दुग्धाभिषेक मेला आचार्य पं. मोर मुकुट शास्त्री कराया जाएगा। इसके साथ इस भव्य मेले की तैयारियां शुरू हो जाएंगी।

### शातिर ने पुलिस पर तमंचे से झोंका फायर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बृहस्पतिवार को उप निरीक्षक विनोद कुमार और सुरेंद्र कुमार शांति व्यवस्था तथा वांछितों की तलाश में गए थे। पुलिस को मुखबिर से सकरवा मार्ग पर चौराहे के समीप संदिग्ध युवक के खड़े होने की सूचना मिली। पुलिस युवक से पूछताछ को जाने लगी। तभी युवक ने तमंचे से फायर कर दिया। हालांकि किसी भी पुलिस कर्मी के गोली नहीं लगी। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम हरि बाजपेई ने बताया कि तालिम निवासी मडोरा को एक तमंचा एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पर फायर करने सहित संबंधित धारा में चालान किया गया है।

### हाईवे के दोनों ओर बनेंगे यात्री शैड, पूरे होंगे अधूरे सर्विस रोड

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
अगर सब कुछ सही रहा तो हाईवे किनारे बाईपास पर दोनों ओर यात्री शैड का निर्माण किया जाएगा। उद्योग बंधू बैठक में चर्चा के बाद जिलाधिकारी के आदेश पर शुक्रवार को हाईवे प्राधिकरण की टीम कोसीकलां पहुंची। जहां उन्होंने सभी बिंदुओं पर व्यापारियों के साथ चर्चा की और मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने जल्द आगामी कार्रवाई का आश्वासन भी दिया है। दरअसल उद्योग व्यापार मंडल की ओर से उद्योग बूंध बैठक में शहर के मनीष अग्रवाल एवं अंकित मालविया द्वारा हाईवे किनारे दोनों ओर यात्री शैड की आवश्यकता वाले बिंदु को जिलाधिकारी के समक्ष रखा था। इसके साथ उन्होंने हाईवे की सर्विस रोड के अधूरे होने के मुद्दे को भी जोर शोर से उठाया। दोनों ही मामलों पर गंभीरता से विचार करते हुए जिलाधिकारी ने हाईवे प्राधिकरण एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों कों जांच पडताल एवं कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था। शुक्रवार को मामले में कार्रवाई के लिए हाईवे प्राधिकरण के डिप्टी मैनेजर मन्नान खान एवं इंजीनियर लोकेश शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां व्यापारी नेता मनीष अग्रवाल एलआई, अंकित मालविया, शंकर बंसल एवं जगदीश शर्मा आदि ने मौके पर पहुंचकर स्थिति के बारे में बताया।

# हरियाली तीज : वृंदावन में भीड़ नियंत्रण को प्रशासन ने कसी कमर

**तीज का पर्व**

**8 -वृंदावन को तीन जोन, 18 सेक्टर में बांट कर तैयार किया गया प्लान**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
15 अगस्त को हुए हादसे के बाद जिला प्रशासन की पहली परीक्षा तीज का पर्व है। तीन के पर्व पर ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन करने के लिए लाखों श्रद्धालु पहुचेंगे। हादसे के बाद जिला प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है। विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में हरियाली तीज के पावन पर्व पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु अपने आराध्य के दर्शन करने के लिए वृंदावन पहुंचते हैं। उसी को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा कल होने वाले हरियाली तीज पर्व को लेकर वृंदावन शोध संस्थान में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी गणों के साथ आगामी त्यौहार हरियाली तीज के संबंध में ब्रीफिंग की गई एवं बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े इसके लिए पुलिस एवं यातायात तथा पार्किंग व्यवस्था के संबंध में दिशा आवश्यक निर्देश दिए गए एवं ड्यूटी पर तैनात रहने वाले पुलिसकर्मियों एवं अन्य कर्मचारी गणों को श्रद्धालुओं के साथ सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करने के लिए निर्देशित किया गया।



जिलाधिकारी मथुरा पुलकित खरे ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से शहर को तीन जोन एवं 18 सेक्टरों में बांटा गया है।

वृंदावन में प्रवेश करने वाले वाहनों को चिन्हित पार्किंग स्थलों पर खड़ा करने की समुचित व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही जगह जगह पर पुलिसकर्मियों के साथ साथ अधिकारी एवं कर्मचारी भी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मौजूद रहेंगे।

## चर्म रोग, सर्दी जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बदलते मौसम में चर्म रोग, सर्दी जुकाम के मरीजों की बढ़ती संख्या के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ओपीडी में भीड़ का दबाव बढ़ता जा रहा है। यूं तो यह सरकारी अस्पताल 30 शैया का है पर तीन दशक से भी ज्यादा पुरानी इमारत होने के चलते काफी हिस्सा खण्डहर में भी तब्दील हो चुका है, ज्यादातर सरकारी आवास रहने योग्य नहीं बचे हैं, हालत यह है कि चिकित्सकों के रहने के लिए भी आवास नहीं है। इस सबके के बाबजूद क्षेत्र के लोगों में पिछले कुछ दिनों से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति विश्वास बढ़ा है।
सीएचसी बाजना अधीक्षक डॉ.अमित अग्रवाल ने बताया कि इन दिनों चर्म रोग, खांसी जुकाम के करीब तीन सौ मरीज रोजाना ओपीडी में आ रहे है।वहीं अन्य बीमारियों के मरीजों से भी वार्ड हर वक्त भरा रहता है। शासन द्वारा सीएचसी पर महीना में चार दिन गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है,जिसके लिए एक मात्र महिला चिकित्सक इस प्रत्येक दिन में करीब दो सौ मरीजों को एक मात्र महिला चिकित्सक डॉ.मीनाक्षी देख रही हैं।



**फोटो परिचय-**
सीएचसी बाजना पर मरीजों को देखतीं चिकित्सक।

## राधा कुंड में सुरक्षित स्नान को लगेंगी लोहे की जाली

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
गोवर्धन परिक्रमा मार्ग स्थित राधा कुंड में स्नान के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए घाटों पर लोहे की जालियां लगाई जाएंगी। घाटों के चारों तरफ रोशनी के पर्याप्त प्रबंध होंगे। टिर्री का संचालन व्यवस्थित किया जाएगा। अधिक मास मेला के दौरान मानसी गंगा और राधा कुंड में डूबने से श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। एसडीएम दीपिका मेहर ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को योजना तैयार की है। उन्होंने बताया कि राधा कुंड में घाटों के चारों तरफ लोहे की जाली लगाई जाएगी। जालियों के अंदर कुछ सीढ़ियों तक कुंड का जल रहेगा। जिससे श्रद्धालु स्नान के दौरान सुरक्षित रहेंगे। घाटों पर सांकल लगाई जाएंगी। जिन्हें पकड़कर श्रद्धालु स्नान कर सकें। रोशनी के उचित प्रबंध रहेंगे। मानसी गंगा पर चकलेश्वर मंदिर से लेकर मुकुट मुखारविंद होते हुए मनसा देवी मंदिर तक के घाटों पर भी जाली लगाकर स्नान के लिए सुरक्षित किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभाग से वार्ता कर जल्द योजना को मूर्त रूप दिया जाएगा। उन्होंने अनियंत्रित ई रिक्शा के नियंत्रण को भी जल्द योजना लागू करने की बात कही। रिक्शा संचालन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की जा रही है।



## एसपी ने ली परेड की सलामी, ड्रिल के साथ जवानों से लगवाई दौड़

**मीरजापुर/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी ली। परेड का निरीक्षण, अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल तथा शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए जवानों से दौड़ लगवाई। साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड पर एसपी ने परेड की सलामी ली। परेड का निरीक्षण किया और जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। इस दौरान पीआरवी 112 वाहनों को चेक किया गया तथा उपकरणों के रख रखाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## 28 ग्राम सचिवों को मिले लैपटॉप

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
फील्ड में काम कर रहे कर्मचारियों की कार्य क्षमता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने पंचायती राज में पहली बार फील्ड में कार्य कर रहे कर्मचारियों को लैपटॉप उपलब्ध कराए हैं। लैपटॉप के जरिए मथुरा के ग्राम सचिव जहां एक और स्मार्ट बनेंगे वहीं दूसरी ओर स्मार्ट ग्राम पंचायतों की आधारशिला भी रखेंगे। जिले की ग्राम पंचायतों को पहले से अधिक हाईटेक व कंप्यूटर अनुप्रयोग में अधिक कुशल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत विधायक पूरन प्रकाश और डीपीआरओ किरन चौधरी की मौजूदगी में 28 ग्राम सचिवों को लैपटॉप वितरित किये गये। वहीं जनपद में 52 सचिवों को लैपटॉप मिले हैं। विधायक पूरन प्रकाश ने कहा कि केंद्र सरकार ने पंचायती राज विभाग के ग्राम सचिवों को हाईटेक करने, विकास कार्यों में तेजी लाने और कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए लैपटॉप मुहैया कराए हैं। ग्राम सचिवों को पंचायती राज के विकास कार्यों की निगरानी के लिए लैपटॉप का सही उपयोग करना होगा। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवों से लैपटॉप के रखरखाव पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। डीपीआरओ किरन चौधरी ने कहा कि हर गांव पहले स्मार्ट बने और जब स्मार्ट बनेगा तो आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को भी प्राप्त करेगा।




# वृंदावन में ट्रैक्टरों की एंट्री को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**ज्ञापन**

**8 -भाकियू कार्यकर्ता बोले हरा चारा लाने वाले ट्रैक्टरों को मिलेगा प्रवेश**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने वृंदावन के किसानों की समस्याओं के संबंध में सिटी एसपी को ज्ञापन सौंपा। किसान संगठन वृंदावन में किसानों के ट्रैक्टरों को प्रवेश नहीं देने के मुद्दे को लेकर आंदोलित हैं। किसान संगठन के नेताओं का कहना है कि इस बात पर सहमति बनी है कि तय समय सीमा के अंदर किसानों के उन ट्रैक्टरों को वृंदावन के नो एंट्री एरिया में जाने दिया जाएगा। महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी, वृंदावन नगर अध्यक्ष भगवानदास निषाद ने संयुक्त रूप से कहा कि वृंदावन के आस पास के गांवों में किसान अपने खेतों में चरी बाजरा मक्का बरसीम आदि हरा चारा लगाते हैं। जिसे बेचने के लिए वृंदावन नगर में आना पड़ता है लेकिन ट्रैफिक पुलिस द्वारा किसानों का नो एंट्री के नाम पर दिया जाता है। जिससे उनका हरा चारा खराब हो जाता है। एक महीने पहले किसानों की समस्याओं के संबंध में ज्ञापन दिया गया था। उसके बाद मथुरा कलेक्ट्री पर प्रदर्शन भी हुआ लेकिन किसानों की समस्या जैसी की तैसी बनी हुई है। किसानों को नो एंट्री के नाम पर अब भी रोका जा रहा है। ज्ञापन देने के बाद किसान नेताओं ने कहा कि सिर्फ हरे चारे के ट्रैक्टरों को वृंदावन में प्रवेश दिया जाए, इस बात का आश्वासन एसपी सिटी एमपी सिंह ने दिया है। शनिवार, रविवार व त्योहारों पर किसान अपने ट्रैक्टर सुबह छह बजे तक बाकी दिनों में नौ बजे तक ले जा सकते हैं। ट्रैक्टरों को वृंदावन में नो एंट्री पर नहीं रोका जाएगा। किसी भी किसान के साथ किसी भी नो एंट्री पर अभद्रता नहीं होगी सिर्फ किसानों के हरे चारे के ही ट्रैक्टर ही वृंदावन में अंदर जाएंगे। किसान संगठन के कार्यकताओं कहा कि उनकी एसपी सिटी के साथ वार्ता सफल रही है। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुमार रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष राकेश चौधरी, नगर अध्यक्ष मथुरा मुजाहिद कुरैशी, नगर प्रभारी फैजान कुरैशी, वृंदावन नगर उपाध्यक्ष विनोद निषाद, सूरज आदि मौजूद रहे।



## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का श्री अन्न रेसिपी प्रशिक्षण संपन्न



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
शुक्रवार को बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग मथुरा की सभी 11 परियोजनाओं में प्रशिक्षित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा श्री अन्न अर्थात मोटे अनाज से विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर अन्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया तथा मोटे अनाज की पौष्टिकता एवं इसके सेवन से होने वाले शारीरिक लाभ से अन्य कार्यकताओं को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन लगभग 300 कार्यकत्रियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। रेसिपी प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यकत्रियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मोटे अनाज जिसमें मुख्य रूप से ज्वार, बाजरा,रागी, समा ,कुटकी आदि शामिल हैं। ये अनाज प्रोटीन, कैल्शियम ,आयरन ,फाइबर, अमीनो एसिड आदि पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। और इसका सेवन वयस्कों के साथ साथ बच्चों के लिए फायदेमंद है। सभी को अपनी नियमित आहार में मोटे अनाज को अवश्य शामिल करना चाहिए। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से आम जनमानस को श्रीनेत के प्रति जागरूक करना है।

## मतदेय स्थलों को लेकर मांगे सुझाव, आपत्तियां

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में बैठक आहूत की गयी। बैठक में सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, महामंत्री भारतीय जनता पार्टी महीपाल सिंह, भारतीय जनता पार्टी उपाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह, जिला महासचिव समाजवादी पार्टी रणवीर धनगर, जिला सचिव बहुजन समाज पार्टी प्रेम प्रकाश एड., जिला सचिव बहुजन समाज पार्टी मुनेन्द्र सिंह निगम उपस्थित रहे। अधिकारियों में विजय शंकर दूबे अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), अजय जैन उप जिलाधिकारी सदर, नीलम श्रीवास्तव उप जिलाधिकारी महावन, प्रीति जैन उप जिलाधिकारी मांट, दीपिका मेहर उप जिलाधिकारी गोवर्धन, विजय श्याम नायब तहसीलदार छाता आदि उपस्थित रहे।

## नैनो तरल उर्वरक अपनाएं, लागत घटाएं, उत्पादन बढ़ायें

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नैनो तरल उर्वरकों को अपनाएं, लागत घटायें, उत्पादन बढायें। खेतों में अंधाधुंध रसायनों का उपयोग बंद होना चाहिए। ये विचार इफको क्षेत्र प्रबंधक सतवीर सिंह ने व्यक्त किए। शुक्रवार को मेरी माटी, मेरा देश के तहत विकास खंड कार्यालय सभागार में विकास खंड स्तरीय संगोष्ठी में किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होने नैनो तरल यूरिया एवं डीएपी की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए इसकी उपयोगिता अत्यंत लाभकारी एवं गुणकारी बताई। खेती में तरल उर्वरक वरदान साबित हो रहे हैं। उन्होने तरल उर्वरकों की आवश्यकता, स्थापना, उपलब्धता, उपयोगिता, परिणाम आदि प्रत्येक बिंदु पर संपूर्ण जानकारी देकर किसानों को लाभान्वित किया। एडीओ कृषि आरके सिंघल ने मृदा परीक्षण, उर्वरकों की उपयोगिता की जानकारी दी। एडीओ पीपी लक्ष्मी नारायन शर्मा ने फसलों में लगने वाले रोग, बीमारियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। अपर जिला सहकारी अधिकारी छाता शिव प्रकाश शर्मा ने सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं एवं उर्वरकों पर दी जा रही सब्सिडी की जानकारी देकर किसानों का लाभान्वित किया। शाखा प्रबंधक संजीव द्विवेदी ने किसान हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन इफको के क्षेत्र प्रबंधक सतबीर सिंह ने किया। इस मौके पर सचिव प्रताप सिंह, सुरजीत सिंह, शिवराम सिंह लखन मेम्बर प्रकाश सिंह शंकर लाल यादव, बलवीर सिंह, रमेश, बदन सिंह, राजपाल, सूरज, कन्हैया, रामपाल, दिनेश, रवि, हरेन्द्र, प्रेमपाल सहित सैकडों किसान मौजूद रहे।




# जन्माष्टमी तक मथुरा वृंदावन की सड़कों पर नहीं दिखेगा अतिक्रमण

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी तक मथुरा वृंदावन की सड़कें साफ सुथरी नजर आएंगी। अतिक्रमण नहीं दिखेगा, इसके लिए नगर निगम लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रहा है। अतिक्रमण करने वालों पर जुमार्ना भी लगाया जा रहा है जिससे वह आगे अतिक्रमण करने की मंशा को त्याग दें। नगर आयुक्त अनुनय झा द्वारा मौके पर उपस्थित रहकर यमुना पुल से लेकर लक्ष्मी नगर तिराहे तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान सभी प्रकार से अस्थाई अतिक्रमण, होर्डिंग्स, टीन शैड को ध्वस्त करते हुए जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी। साथ ही अतिक्रमण कताओं एवं गंदगी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध 26900 रुपए के चालान की कार्यवाही की गयी। मौके पर अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, सहायक नगर आयुक्त धीरेन्द्र कुमार सिंह, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार मित्तल, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, कर अधीक्षक उम्मेद सिंह, पुलिस प्रशासन के इंस्पेक्टर उपस्थित रहे। इसी प्रकार भूतेश्वर फायर ब्रिगेड कार्यालय से लेकर कृष्णा नगर चैराहा तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया, जिसके अन्तर्गत 30 अस्थायी अतिक्रमण, 15 अवैध वेंडर्स को हटाया गया एवं जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी। होली गेट से पुराना बस स्टैण्ड तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत पांच अस्थायी अतिक्रमण, चार अवैध होर्डिंग हटाए गये। वृन्दान नगर में अटल्ला चुंगी से लेकर नगर निगम कार्यालय तक अभियान चलाया गया, जिसमें चार अस्थायी अतिक्रमण, छह अवैध वेंडर्स, एक अवैध रिक्शा स्टैंड हटाते हुये 5000 रुपये का जुमार्ना किया गया। वृन्दावन नगर में रमणरेती पुलिस चौकी से विद्यापीठ चौराहा तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया, जिसमें आठ अस्थाई अतिक्रमण हटाए गये, सात ढकेल जब्त करते हुए 26700 रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया। इस प्रकार नगर निगम मथुरा वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत चलाये गये अतिक्रमण के दौरान कुल 58600 रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया। अतिक्रमण अभियान श्री कृष्ण जन्माष्टमी तक निरंतर चलाया जाएगा।



# बरसाना में व्यापारियों ने बुलाई पंचायत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बरसाना के मैन बाजार में माता मन्दिर हैं। यहां एक दुकान के निर्माण पर कुछ लोग आपत्ति जता रहे हैं और दुकान के निर्माण को अवैध बता रहे हैं। इन लोगों का कहना है कि बरसाना नगर पंचायत निर्माण रोकने के लिए कई बार नोटिस दे चुकी है। इसी मुद्दे पर इन लोगों ने मंदिर पर पंचायत बुलाई। पंचायत में पहुंचे लोगों का कहना था कि मैन बाजार में एक दुकान निर्माण को लेकर विरोधाभास बना हुआ है। दुकान को लेकर अवैध निर्माण बताया जा रहा है। दुकान निर्माण को लेकर पहले भी कई बार पत्थरबाजी व विरोध हो चुका है। पंचायत में दुकान का निर्माण कर रहे व्यक्ति को भी बुलाया। उन्होंने दुकान की रजिस्ट्री व बैनामा का हवाला दिया। वहीं दूसरे लोगों का कहना है कि बरसाना नगर पंचायत ने दुकान निर्माण को लेकर तीन बार नोटिस भी दिया है। लखन ठाकुर, राजेंद्र नेता, पुरुषोत्तम शंकरा, गोकुलेश कटारा, राधा बल्लभ शंकारा, महाराज सिंह काका, नवलकिशोर, भरत एड., रोहन काका, कलुआ यादव, रमेश यादव, राजवीर यादव, भोला लम्बरदार, नवल किशोर ठाकुर, रासबिहारी गौड, संजय खंडेलवाल, प्रहलाद खंडेलवाल, अनिल खंडेलवाल, राजू खंडेलवाल, मुकेश खंडेलवाल, मोहित अग्रवाल, बल्लो ठाकुर आदि मौजूद रहे।



## चीन की दिग्गज रियल एस्टेट कंपनी ने न्यूयॉर्क में मांगा दिवालियापन संरक्षण, 300 अरब डॉलर का है कर्ज

**बीजिंग।** चीन की दिग्गज रियल एस्टेट कंपनी एवरग्रांडे ग्रुप जिसकी चूक ने दो साल पहले देश में व्यापक संपत्ति ऋण संकट को तेज किया था ने गुरुवार को न्यूयॉर्क में चेप्टर 15 के तहत दिवालियापन संरक्षण की मांग की। यह कदम इसे अमेरिका में लेनदारों से बचाएगा, इस दौरान कंपनी पुनर्गठन सौदे पर काम कर रही है। चीन की रियल एस्टेट कंपनी की ओर से अध्याय 15 के तहत दायर याचिका में हांगकांग और केमैन द्वीप समूह में की जा रही पुनर्गठन कार्यवाही का संदर्भ दिया गया है।अंतरराष्ट्रीय ऋण-पुनर्गठन सौदों को कभी-कभी लेनदेन को अंतिम रूप देने के दौरान अध्याय 15 के तहत फाइलिंग की आवश्यकता होती है। पिछले साल, बीजिंग स्थित डेवलपर मॉडर्न लैंड चाइना कंपनी ने भी 250 मिलियन डॉलर के बॉन्ड को चुकाने में विफल रहने के बाद अध्याय 15 के तहत दिवालियापन के लिए आवेदन किया था और कहा था कि यह एक अपतटीय ऋण पुनर्गठन सौदे के साथ आगे बढ़ेगा।

एवरग्रांडे की ओर से दिवालियापन के लिए आवेदन की खबर का चीन की 60 ट्रिलियन डॉलर की वित्तीय प्रणाली पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा यह बैंकों, ट्रस्टों और लाखों घर मालिकों में हलचल पैदा कर सकता है। यह देश के सबसे बड़े ऋण पुनर्गठन में से एक होगा। 300 अरब डॉलर से अधिक की देनदारियों के विशाल आकार का मतलब है कि ऋण पुनर्नगठन की प्रक्रिया लंबी होनी निश्चित है।देश के सबसे बड़े प्रॉपर्टी डेवलपर्स में से एक कंट्री गार्डन होल्डिंग्स कंपनी के बिल्डरों के रिकॉर्ड ऋण विफलताओं के बीच संभावित पहली चूक की ओर बढ़ने के बाद इस महीने चीनी बाजारों के प्रति धारणा प्रभावित हुई।

## बैंकों की ओर से लोन डिफाल्ट होने पर दंडात्मक ब्याज लगाने पर रोक, एक जनवरी 2024 से प्रभावी होगा नियम

**बीजिंग।** बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की ओर से राजस्व बढ़ाने के साधन के रूप में दंडात्मक ब्याज का इस्तेमाल करने की परंपरा से चिंतित रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को संशोधित नियम जारी किए, जिसके तहत ऋण चुकाने में चूक के मामले में बैंक केवल 'उचित' दंडात्मक शुल्क ही लगा सकेंगे। रिजर्व बैंक ने 'ऋण खातों में उचित ऋण प्रथा-दंड शुल्कध पर अपनी अधिसूचना में कहा कि बैंकों और अन्य ऋणदाता संस्थानों को एक जनवरी 2024 से दंडात्मक ब्याज लगाने की अनुमति नहीं होगी। रिजर्व बैंक ने एक अधिसूचना में कहा, 'कर्जदार की ओर से ऋण अनुबंध के नियमों और शर्तों का अनुपालन नहीं करने पर यदि जुर्माना वसूला जाता है तो उसे 'दंडात्मक शुल्क' माना जाएगा और इसे 'दंडात्मक ब्याज' के रूप में नहीं लगाया जाएगा जो अग्रिमों पर लगाए जाने वाले ब्याज की दर में जोड़ा जाता है।आरबीआई की ओर से जारी संशोधित नियम में कहा गया है कि दंडात्मक शुल्क की मात्रा किसी विशेष ऋण/उत्पाद श्रेणी के भीतर भेदभाव किए बिना ऋण अनुबंध के भौतिक नियमों और शर्तों के -उचित और गैर-अनुपालन के अनुरूप' होनी चाहिए। इसके अलावा, दंड शुल्क का कोई पूंजीकरण नहीं होगा- इस तरह के आरोपों पर आगे ब्याज की गणना नहीं की जाएगी।आरबीआई ने कहा कि हालांकि, ये निर्देश क्रेडिट कार्ड, बाहरी वाणिज्यिक उधार, व्यापार क्रेडिट और संरचित दायित्वों पर लागू नहीं होंगे, जो उत्पाद-विशिष्ट निर्देशों के तहत आते हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि उसकी ओर से विनियमित कई इकाइयां कर्जदार की ओर से चूक या अनुपालन नहीं करने के मामले में लागू ब्याज दरों के अलावा दंडात्मक ब्याज दरों का इस्तेमाल करती हैं।

## जीवन बीमा पॉलिसी की परिपक्वता राशि पर टैक्स, सीबीडीटी बोली- पांच लाख से ज्यादा प्रीमियम दायरे में

**नई दिल्ली :** आपने एक अप्रैल, 2023 या उसके बाद जीवन बीमा पॉलिसी ली है तो परिपक्वता रकम पर टैक्स देना होगा। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इसके टैक्स की गणना का सर्कुलर जारी किया है। जिन पॉलिसियों का सालाना प्रीमियम पांच लाख से ज्यादा है, वे दायरे में आएंगी। यूनिट लिंक्ड पॉलिसी इससे बाहर होंगी।

सीबीडीटी के मुताबिक, अगर एक से ज्यादा पॉलिसी है और सभी का सालाना प्रीमियम 5 लाख रुपये से ज्यादा है, तो उस पॉलिसी की भी परिपक्वता राशि पर टैक्स लगेगा। 31 मार्च, 2023 तक जिन्होंने पॉलिसी ली है वे नए नियम के दायरे में नहीं आएंगे। यदि बीमाधारक की पॉलिसी अवधि के दौरान मौत हो जाती है तो नॉमिनी को जो राशि (मृत्यु लाभ) मिलेगी वह भी टैक्स से बाहर होगी। परिपक्वता राशि में से कुल चुकाए गए प्रीमियम को घटाने के बाद जो राशि बचेगी उस पर टैक्स लगेगा। इसकी गणना अन्य साधनों से होनेवाली आय के तहत की जाएगी। बीमाधारक को उस राशि पर टैक्स स्लैब के अनुसार कर चुकाना होगा। आपने चुकाए गए प्रीमियम पर हर एक वित्त वर्ष में 80सी के तहत कटौती का फायदा लिया है तब कर की गणना बदल जाएगी।

## कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 85 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के




पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.19 डॉलर यानी 0.23 फीसदी की बढ़त के साथ 84.31 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.30 डॉलर यानी 0.37 फीसद की उछाल के साथ 80.69 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## जून में 20.27 लाख नए श्रमिकों का ईएसआई योजना में नामांकन

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) से जून, 2023 के महीने में 20.27 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी है।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में बताया कि जून महीने में 20.27 लाख नए श्रमिकों ने ईएसआई योजना के तहत नामंकन कराया है। आंकड़ों के मुताबिक जून के महीने में लगभग 24,298 नए प्रतिष्ठानों को पंजीकृत किया गया है। इसे कर्मचारी राज्य बीमा निगम की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था के अंतर्गत लाया गया है, जिससे अधिक कवरेज सुनिश्चित हुआ है। आंकड़ों से स्पष्ट है




कि देश के युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं। मंत्रालय के मुताबिक जून महीने के दौरान जोड़े गए कुल 20.27 लाख कर्मचारियों में से 25 साल के 9.77 लाख कर्मचारी हैं, जो कुल कर्मचारियों का 48.22 फीसदी है। इसी तरह जून में महिला सदस्यों का शुद्ध नामांकन 3.87 लाख रहा है। इसके अलावा जून में ईएसआई योजना के तहत कुल 71 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने पंजीकरण कराया है। मंत्रालय ने कहा कि ये आंकड़ा दिखाता है कि ईएसआईसी समाज के हर वर्ग तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ रुपया

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में आई कमजोरी और निराशा के माहौल के बीच भारतीय मुद्रा में भी आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। आज की गिरावट के बाद रुपया डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। आज दिनभर के कारोबार के बाद डॉलर के मुकाबले रुपया 20 पैसे की गिरावट के साथ 83.15 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुआ। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को भारतीय मुद्रा 82.95 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी।भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 4 पैसे की कमजोरी के साथ 82.99 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। दिन के कारोबार के दौरान डॉलर की मांग बढ़ने पर रुपया लगातार कमजोर होता गया। डॉलर इंडेक्स की मजबूती के कारण आज रुपये की स्थिति में कभी भी सुधार के लक्षण नजर नहीं आए। आज के कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया



गिरकर 83.19 के स्तर तक पहुंच गया था, लेकिन आखिरी वक्त में डॉलर की मांग में मामूली कमी आने की वजह से भारतीय मुद्रा निचले स्तर से कुछ सुधर कर 83.15 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई। आपको बता दें कि डॉलर इंडेक्स आज 103.60 से लेकर 103.46 के बीच ऊपर नीचे होता रहा है। ये इंडेक्स आज लगातार चौथे दिन 103 के स्तर पर बना हुआ है। सबसे बड़ी बात तो ये है कि पिछले 4 महीने के दौरान डॉलर इंडेक्स कभी भी 100 के स्तर से नीचे नहीं गया है, जिसकी वजह से रुपया समेत दूसरी सभी वैश्विक मुद्राओं पर लगातार दबाव बना हुआ है।

भारतीय मुद्रा के अलावा एशिया की दूसरी मुद्राएं भी आज डॉलर के मुकाबले कमजोरी के साथ कारोबार करती रहीं। सिंगापुर का डॉलर आज अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 0.13 प्रतिशत कमजोर हो गया। इसी तरह थाईलैंड की मुद्रा बात भी आज डॉलर के मुकाबले 0.21 प्रतिशत टूट गई। इसी तरह फिलीपींस की मुद्रा पेसो और चीन की मुद्रा रेनमिन्बी में भी 0.21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। डॉलर इंडेक्स की मजबूती के कारण आज सबसे ज्यादा 0.39 प्रतिशत की गिरावट मलेशिया की मुद्रा रिंगीत में दर्ज की गई, जबकि दक्षिण कोरियाई मुद्रा वॉन भी आज 0.35 प्रतिशत लुढ़क गई।

## जल्द मिलेगी राहत, घट सकती हैं पेट्रोल-डीजल की कीमतें; एक लाख करोड़ रुपये आवंटन की सरकार की योजना

**नई दिल्ली ।** हो पेट्रोल और डीजल से लोगों को जल्द राहत मिल सकती है। भोजन और ईंधन की लागत में वृद्धि को रोकने के लिए सरकार एक लाख करोड़ का आवंटन कर सकती है। विभिन्न मंत्रालयों के बजट से इस रकम को आवंटित करने की योजना पर विचार हो रहा है। सरकारी सूत्रों ने बताया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आने वाले हफ्तों में इस पर निर्णय ले सकते हैं।इस योजना के तहत पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर कर को कम किया जा सकता है। साथ ही खाना पकाने के तेल और गेहूं पर आयात शुल्क भी कम हो सकता है। सरकार ने पिछले साल 26 अरब डॉलर की योजना की घोषणा की थी। आम लोगों को राहत देने और जरूरी वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए इस बार भी फैसला लिया जा सकता है। महंगाई लगातार मुद्दा बनी हुई है। जुलाई की खुदरा महंगाई बढ़कर 15 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। इससे भी ज्यादा चिंता की बात सब्जियों और खाद्य पदार्थों की कीमतें थीं, जो बेतहाशा बढ़ी हैं।सूत्रों के मुताबिक, चूंकि इस साल देश के कुछ राज्यों जैसे मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव और अगले साल आम चुनाव होने हैं। ऐसे में मोदी के पास मतदाताओं के लिए कीमतों पर लगाम कसने के लिए बस कुछ ही महीने बचे हैं। हालांकि, इस तरह के फैसले लेने से पहले बजट घाटे को भी देखना होगा, जिस पर पूरी दुनिया के निवेशकों की नजर है। भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज रफ्तार से बढ़ रही है। ऐसे में सरकार के पास एक लाख करोड़ रुपये के आवंटन करने की क्षमता है। यह मार्च, 2024 में खत्म होने वाले बजट का केवल दो फीसदी है। सरकार बजट घाटे के लक्ष्य पर कायम रहते हुए गरीबों के लिए सस्ता कर्ज और घर उपलब्ध कराने की भी योजना पर विचार कर सकती है।

## आरबीआई ने बैंकों में लावारिस पड़ी जमा राशि के लिए उद्गम पोर्टल किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बिना दावे वाली (लावारिस) जमा राशि की खोज करने के लिए एक केंद्रीकृत वेब पोर्टल 'उद्गम' लॉन्च किया है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने केंद्रीकृत वेब पोर्टल उद्गम (अनक्लेम्ड डिपॉजिट-गेटवे टू एक्सेस इंफॉर्मेशन) लॉन्च किया। इस वेब पोर्टल को जनता के उपयोग के लिए विकसित किया गया है, ताकि उन्हें एक ही स्थान पर कई बैंकों में अपनी लावारिस पड़ी जमा राशि की खोज करना और आसान हो सके। रिजर्व बैंक द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक इस वेब पोर्टल के लॉन्च होने से उपयोगकर्ताओं को अपनी लावारिस जमा राशि और बैंक खातों की पहचान करने में




मदद मिलेगी। आरबीआई ने 06 अप्रैल को विकासात्मक और नियामक नीतियों पर वक्तव्य के हिस्से के रूप में लावारिस जमा राशि की खोज के लिए एक केंद्रीकृत वेब पोर्टल के विकास की घोषणा की थी।

> **इस वेब पोर्टल को जनता के उपयोग के लिए विकसित किया गया है, ताकि उन्हें एक ही स्थान पर कई बैंकों में अपनी लावारिस पड़ी जमा राशि की खोज करना और आसान हो सके।**

उद्गम वेब पोर्टल को रिजर्व बैंक सूचना प्रौद्योगिकी प्राइवेट लिमिटेड (आरईबीआईटी) और भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी और संबद्ध सेवाओं (आईएफटीएएस) तथा भाग लेने वाले बैंकों ने विकसित करने में सहयोग किया है। इस वेब पोर्टल का उपयोग करने वाले फिलहाल उपलब्ध सात बैंकों स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, धनलक्ष्मी बैंक लिमिटेड, साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड, डीबीएस बैंक इंडिया लिमिटेड और सिटी बैंक में अपनी लावारिस जमा राशि का विवरण प्राप्त करने में सक्षम होंगे। इस पोर्टल पर शेष बैंकों की खोज सुविधा चरणबद्ध तरीके से 15 अक्टूबर तक उपलब्ध कराई जाएगी।

## गुलामी की मानसिकता छोड़ने से ही 2047 तक विकसित देश बनेगा भारत : सीतारमण

**भुवनेश्वर/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि गुलामी वाली मानसिकता छोड़कर ही 2047 तक भारत का विकसित देश बनने का सपना साकार होगा।ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर देर रात भुवनेश्वर पहुंची सीतारमण ने सुबह जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। सीतारमण ने ओडिशा के पुरी में 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम के तहत 'पंच प्रण प्रतिज्ञा' में लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि अंग्रेजों के शासनकाल में हमारे अंदर पैदा की गई गुलामी की मानसिकता से खुद को मुक्त करने की जरूरत है, तभी भारत 2047 तक विकसित देश बन सकेगा। ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर देर रात भुवनेश्वर पहुंची सीतारमण ने



सुबह जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा, स्थानीय विधायक जयंत सारंगी और ललितेंदु विद्याधर महापात्र मौजूद थे।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ओडिशा के पुरी में 'मेरी माटी, मेरा देश' के तहत पौधरोपण अभियान और 'पंच प्रण प्रतिज्ञा' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और संबित पात्रा के साथ ओडिशा के पुरी में ब्लू फ्लैग समुद्र तट पर प्रसिद्ध रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक की 'मेरी माटी मेरा देश' थीम पर तैयार रेत कला देखी।दो दिवसीय ओडिशा दौरे पर भुनेश्वर पहुंची वित्त मंत्री सीतारमण एक पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम और राष्ट्रीय सीए सम्मेलन के 20वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में भी शिरकत करेंगी।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में 29 हजार डॉलर के नीचे फिसला बिटकॉइन, सभी प्रमुख आभासी मुद्राओं में गिरावट

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान लगातार दूसरे दिन भी भगदड़ की स्थिति बनी नजर आ रही है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 10 में शामिल बिटकॉइन और एथेरियम समेत सभी 10 आभासी मुद्राएं गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रही हैं। बिटकॉइन लुढ़क कर 29 हजार डॉलर के स्तर से भी नीचे आ गया है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने वाली अधिकृत कंपनी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के अनुसार शाम 5 बजे तक दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की कीमत 1.91 प्रतिशत की कमजोरी के साथ



28,578.25 डॉलर यानी 23.74 लाख रुपये के स्तर पर पहुंच गई थी। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आभासी मुद्रा एथेरियम की कीमत 1.63 प्रतिशत टूट कर 1,792.25 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा अन्य प्रमुख क्रिप्टो करेंसीज में टेथर 0.04 प्रतिशत, बीएनबी 1.29 प्रतिशत, एक्सआरपी 2.18 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.03 प्रतिशत, कार्डानो 0.42 प्रतिशत, डोजेकॉइन 3.37 प्रतिशत, सोलाना 0.62 प्रतिशत और ट्रॉन 1.75 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। अगर ओवरऑल क्रिप्टो करेंसी मार्केट की बात करें, तो पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 1.51 प्रतिशत की कमजोरी आई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 1.13 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 93.87 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। मार्केट में सुस्ती के बावजूद 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में लेन-देन में तेजी आई है। इस अवधि में करीब 3,557 करोड़ डॉलर यानी करीब 2.95 लाख करोड़ रुपये कीमत की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई है। पिछले 1 दिन की तुलना में लेन-देन का ये स्तर 9.44 प्रतिशत अधिक रहा है। आज के कारोबार में हुई खरीद बिक्री के बाद क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की हिस्सेदारी 0.11 प्रतिशत घट कर 49.01 प्रतिशत रह गई है।

## 2047 तक भारत की प्रति व्यक्ति आय पांच गुना बढ़ेगी,आईटी रिटर्न दाखिल करने वाले 588फीसदी ज्यादा होंगे

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 47 तक भारत की प्रति व्यक्ति आय डॉलर के संदर्भ में लगभग पांच गुना बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि देश के मध्यम आय वर्ग का आकार लगातार बढ़ रहा है। एसबीआई रिसर्च के अनुसार, देश की प्रति व्यक्ति आय वित्त वर्ष 2023 के 2,500 डॉलर (2 लाख रुपये) से बढ़कर वित्त वर्ष 2047 तक 12,400 डॉलर (14.9 लाख रुपये) होने की उम्मीद है। एसबीआई रिसर्च ने एक नोट में कहा कि यह वृद्धि 'ग्रेट इंडियन मिडिल इनकम क्लास' से प्रेरित होगा, जिसमें 2047 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष तक 25त्र करदाताओं के निम्नतम आय वर्ग से मध्यम और उच्च आय वर्ग में जाने की उम्मीद है।

**कामगारों की संख्या 53 करोड़ से बढ़कर 72.5 करोड़ होने का अनुमान**

नोट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 47 तक आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या 588 प्रतिशत बढ़कर



48.2 करोड़ होने की उम्मीद है, जिससे कर योग्य आधार वाले कार्यबल में इसकी हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2023 के 22.4फीसदी प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 47 में 85.3त्र प्रतिशत हो जाएगी। वित्त वर्ष 47 में कामगारों की संख्या 53 करोड़ से बढ़कर 72.5 करोड़ होने का अनुमान है।

एसबीआई रिसर्च के अनुसार मध्यम वर्ग की भारित औसत आय आकलन वर्ष 2014 (वित्त वर्ष 2013) की तुलना में 4.4 लाख रुपये से बढ़कर 13 लाख रुपये हो गई है। एसबीआई ने कहा कि 2047 में यह बढ़कर 49.7 लाख रुपये होने की उम्मीद है। यह विशेष रूप से करदाताओं की संख्या में वृद्धि के कारण संभव होगा क्योंकि अधिक करदाता निम्न आय वर्ग से ऊपर की ओर जा रहे हैं।

**64 फीसदी आबादी अब भी 5 लाख रुपये तक की आय वर्ग में**

आकलन वर्ष 23 (वित्त वर्ष 2022) में 6.85 करोड़ लोगों ने आयकर रिटर्न दाखिल किया, जिसमें 64 फीसदी आबादी अब भी 5 लाख रुपये तक की आय वर्ग में है, जबकि आकलन वर्ष 2012 में यह आंकड़ा 84 फीसदी था। वित्त वर्ष 47 तक 25 फीसदी आयकर रिटर्न भरने वालों के सबसे कम आय वर्ग छोड़ने की उम्मीद है, जबकि आकलन वर्ष 2012 से 2023 की अवधि में 13.6त्र फीसदी लोगों ने नौकरी छोड़ी है।

## सुनहित बिश्नोई को दूसरे दौर के बाद एक शॉट की बढ़त

**चेन्नई ।** गुरुग्राम के गोल्फर सुनहित बिश्नोई ने इंडिया सीमेंट प्रो गोल्फ चैंपियनशिप के दूसरे दौर में यहां चार अंडर 68 का स्कोर बनाकर एकल बढ़त हासिल की। दूसरे दिन हवा चलने के कारण पहले दिन की तुलना में अंडर पार के कम स्कोर बने। 22 वर्षीय बिश्नोई 68 का कार्ड खेलने से एकल बढ़त बनाने में कामयाब रहे। पहले दौर के बाद संयुक्त बढ़त पर चल रहे बिश्नोई का कुल स्कोर 10 अंडर 134 है। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा (67) नौ अंडर 135 के साथ दूसरे जबकि बांग्लादेश के जमाल हुसैन (69) उनसे एक शॉट पीछे तीसरे स्थान पर हैं।हैदराबाद के मोहम्मद अज़हर ने दिन का सर्वश्रेष्ठ कार्ड (66) बनाया। वह सात अंडर 137 के स्कोर के साथ चंडीगढ़ के गोल्फर हरेंद्र गुप्ता (69) के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।



## अंडर-19 वर्ल्ड कप के इन सितारों को मिली सकती है क्रिकेट विश्व कप 2023 में जगह

**नई दिल्ली ।** पिछले अंडर19 विश्व कप के दो सितारे तिलक वर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस उन कुछ युवा खिलाड़ियों में से हैं जो 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तिलक वर्मा की दूसरी गेंद को डीप स्क्वायर पर भेजा। अगली बार जब इस निडर किशोर का सामना तेजतर्रार अल्जारी जोसेफ से हुआ तो उसने फिर से ऐसा ही किया। अपनी पहली टी20आई श्रृंखला समाप्त करने के बाद तिलक को पहले से ही भारत की विश्व कप टीम में जगह देने पर विचार किया जा रहा है, उन्होंने पांच मैचों में 140 से अधिक की स्ट्राइक रेट के साथ 173 रन बनाए हैं और अत्यधिक परिपक्वता और संयम का परिचय दिया है।

रवि शास्त्री ने कहा कि वह तिलक से 'बहुत, बहुत प्रभावित' थे। शास्त्री ने कहा, 'अगर मैं एक बाएं हाथ के बल्लेबाज की तलाश में हूं, तो मैं वास्तव में उस दिशा में देखूंगा।' 2020 19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करने वाले दक्षिणपूर्वी खिलाड़ी ने अभी तक अपना वनडे डेब्यू नहीं किया है, लेकिन वह ऐसा कर सकते हैं। यह अगले महीने ही होगा जब भारत एशिया कप के लिए पाकिस्तान और श्रीलंका में खेलेगा। तिलक ने 23 युवा एकदिवसीय मैचों की 19 पारियों में एक शतक और चार अर्द्धशतक के साथ 38 से अधिक की औसत से 661 रन बनाए हैं।

## 90 मीटर की दूरी पार करने के करीब हूं, विश्व चैम्पियनशिप से पहले बोले नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली।** भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी और ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा पिछले कुछ समय से 90 मीटर की दूरी पार करने का प्रयास कर रहे हैं और उन्होंने कहा कि वह यह लक्ष्य हासिल करने के करीब हैं और उन्हें इसके लिए केवल अनुकूल परिस्थितियों की जरूरत है। तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा पिछले साल 90 मीटर की दूरी तक भाला फेंकने के बेहद करीब पहुंच गए थे। तब उन्होंने स्टॉकहोम में डायमंड लीग प्रतियोगिता में 89.94 मीटर भाला फेंका था।

चोपड़ा ने कहा, 'निश्चित तौर पर मैं इस लक्ष्य के करीब हूं। मुझे बस एक अच्छे दिन की जरूरत है जिसमें मौसम की परिस्थितियां अनुकूल हों। मुझे विश्वास है कि मैं यह लक्ष्य हासिल करने में सफल रहूंगा।' यह स्टार खिलाड़ी यहां विश्व चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेगा। उन्होंने कहा कि वह उनसे लगाई जा रही उम्मीदों से निपटने के आदी हो चुके हैं। चोपड़ा ने कहा, 'मैं दबाव झेलने का आदी हो चुका हूं। हालांकि जब मैं हर दो या चार साल में होने वाली प्रतियोगिताओं (जैसे विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक) भाग लेता हूं तो निश्चित तौर पर जिम्मेदारी का बोध रहता है। उन्होंने कहा, 'लेकिन मैं हमेशा अपना शत-प्रतिशत देता हूं और अपने प्रदर्शन पर पूरा ध्यान लगाता हूं। पहले कुछ चीजें मुझ पर हावी हो जाती थी लेकिन धीरे-धीरे मुझे इनकी आदत पड़ गई। चोपड़ा ने 30 जून को 87.66 मीटर भाला फेंक कर लगातार दूसरी बार प्रतिष्ठित डायमंड लीग का खिताब जीता था लेकिन वह अभी तक 90 मीटर की दूरी तक नहीं पहुंच पाए हैं। उन्होंने कहा, 'प्रतियोगिताओं में भाग लेना और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के सामने शीर्ष स्तर पर प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना चुनौतीपूर्ण है।

# हॉकी इंडिया ने की पहले सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को पहली बार, राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 सदस्यीय महिला सब-जूनियर कोर ग्रुप की घोषणा की है, जो 21 अगस्त 2023 को राउरकेला के विश्व स्तरीय बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में शुरू होने वाला है। गौरतलब है कि भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी कैंप में मेंटर और कोच के रूप में काम करेंगी। यह विकास युवा प्रतिभाओं को पोषित करने और भारतीय हॉकी के लिए एक मजबूत भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है और यह देश भर से सबसे प्रतिभाशाली और सबसे होनहार युवा प्रतिभाओं को एक साथ लाएगा। खिलाड़ियों का चयन हॉकी इंडिया सब-जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में उनके हालिया प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। विशेष रूप से, शिविर के बाद यूरोप में अंतरराष्ट्रीय मैच होंगे।

एक योग्य कोचिंग स्टाफ जिसमें अनुभवी भारतीय खिलाड़ी रानी शामिल हैं, जो कोच के रूप में काम करेंगी, दो सहायक कोच, दो फिजियो, दो मालिश करने वाले और एक प्रशिक्षक भी शिविर में कोर ग्रुप के साथ रहेंगे।

कोच रानी ने शिविर के बारे में कहा, 'महिला सब-जूनियर कोर ग्रुप का गठन उभरते खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण और अनुभव प्रदान करने के हॉकी इंडिया के निरंतर प्रयासों के हिस्से के रूप में किया गया है।




यह पहल हॉकी इंडिया की हॉकी में देश की निरंतर सफलता सुनिश्चित करने के लिए दीर्घकालिक प्रतिभा विकसित करने के प्रतिबद्धता के अनुरूप है। यह निस्संदेह भारत में महिला हॉकी के लिए एक ठोस आधार तैयार करेगा।'

उन्होंने कहा, 'शिविर के दौरान, खिलाड़ियों को व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राप्त होंगे जो कौशल वृद्धि, शारीरिक कंडीशनिंग, सामरिक जागरूकता और मानसिक लचीलेपन पर ध्यान केंद्रित करेंगे - ये सभी एक सफल अंतरराष्ट्रीय एथलीट बनने के महत्वपूर्ण घटक हैं। मुझे यह भी विश्वास है कि इन एथलीटों को सर्वोत्तम कोचिंग, सुविधाएं और अनुभव प्रदान करके, वे इस अवसर पर आगे बढ़ेंगे और वैश्विक मंच पर भारत को गौरवान्वित करेंगे।

**सब-जूनियर महिला 40 सदस्यीय कोर-संभावित समूह में खिलाड़ियों की सूची:**

गोलकीपर- तारा शैलजा, होदाम पवित्रा देवी, तनुजा।

डिफेंडर्स- मुस्कान, रजनी केरकेट्टा, पार्वती टोपनो, सुष्मिता डुंगडुंग, अमीषा एक्का, हरजीत कौर, कोमल पाल, भव्या, तमन्ना, प्रियंका। मिडफील्डर- पुष्पा डांग, रोशनी आइंद, रितिका अहिरवार, लीशांगथेम नटाली चान, मुतुम प्रिया देवी, पूजा माझी, निशा डाडेल, शरणजीत कौर, पूर्णिमा यादव, पूजा। फॉरवर्ड- तुलसी कुण्पा, स्वीटी डुंगडुंग, जमुना कुमारी, लक्ष्मी, काजल, कृष्णा शर्मा, गुनगुन कौर, डोली भोई, दीपिका बरवा, तनुजा टोप्पो, करुणा मिंज, बिनती मिंज, मनीषा पटेल, वंदना पटेल, काजल, रवीना, कीर्ति।

# काउंटी चैम्पियनशिप के लिए ससेक्स में शामिल हुए जयदेव उनादकट

**नई दिल्ली।** ससेक्स क्रिकेट ने सितंबर में पहले तीन काउंटी चैंपियनशिप मैचों के लिए भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के साथ अनुबंध की घोषणा की। उनादकट डरहम, लीसेस्टरशायर और डर्बीशायर के खिलाफ खेलों के लिए चयन के लिए उपलब्ध होंगे। ससेक्स द्वारा जारी एक मीडिया विज्ञप्ति में उनादकट ने कहा, मैं सितंबर में चैम्पियनशिप मैचों के लिए ससेक्स में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं। मैं टीम की हालिया सफलता पर नज़र रख रहा हूं और पॉल के साथ मेरी अच्छी बातचीत हुई और ऐसा लगता है कि मैं निश्चित रूप से मूल्य जोड़ सकता हूं और टीम के लक्ष्यों में योगदान दे सकता हूं।

उन्होंने कहा, इंग्लिश काउंटी चैम्पियनशिप की एक अद्भुत विरासत है और मैं जब भी संभव हो अवसर का लाभ उठाने के लिए उत्सुक था और ऐसा लगता है कि



मेरे करियर के इस बिंदु पर यह मेरे लिए सही समय है। मुझे उम्मीद है कि मेरे प्रिय मित्र और टीम-साथी चेतेश्वर पुजारा, जो कि पिछले कुछ सीजन से ससेक्स का प्रतिनिधित्व करते हुए और अधिक महत्वपूर्ण रूप से टीम को गेम जीतने में मदद कर रहे हैं, की तरह ही योगदान दे सकूंगा। मैं ससेक्स में सभी के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हूं। 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ने 103 मैचों में 22.5 के औसत और 8-39 के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ों के साथ 382 प्रथम श्रेणी विकेट लिए हैं। उनादकट ने 22 मौकों पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है और हाल ही में वेस्टइंडीज दौरे पर गई टेस्ट टीम का हिस्सा थे। ससेक्स के मुख्य कोच, पॉल फारब्रेस ने कहा, हमें खुशी है कि जयदेव सितंबर चैंपियनशिप अवधि के लिए हमारे साथ जुड़ेंगे, वह एक गुणवत्ता वाले गेंदबाज हैं और सीजन के रोमांचक समय में हमारी टीम में शामिल हो रहे हैं। उनका रिकॉर्ड उत्कृष्ट है, और हम अपनी विकासशील टीम के साथ अपना अनुभव साझा करने के लिए, जयदेव का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, होव में हर कोई जयदेव को इस चैंपियनशिप का हिस्सा बनने और टीम को विकेट लेने और क्रिकेट के खेल जीतने में मदद करने के लिए उत्सुक है।

## भारत दिसंबर में जी-20 आइनबॉल स्पोर्ट इंटरनेशनल लीग 2023 की करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली।** देश भर में आइनबॉल के खेल को बढ़ावा देने के लिए समर्पित अग्रणी संगठन, आइनबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया, दिसंबर 2023 में गुजरात में पहले अंतरराष्ट्रीय लीग की मेजबानी करेगा। चैंपियनशिप को 'जी-20 आइनबॉल स्पोर्ट इंटरनेशनल लीग' कहा जाएगा। आइनबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष, नौसेना स्टाफ के पूर्व उपप्रमुख, वाइस एडमिरल एस एन घोरमडे पीवीएसएम एवीएसएम एनएम एडीसी और आइनबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संस्थापक अध्यक्ष प्रताप सिंह ने यहां आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में संयुक्त रूप से कहा, 'यह भारत के अध्यक्ष बनने का जश्न है। जी20 शिखर सम्मेलन में जहां भारत का सक्षम नेतृत्व वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते प्रभाव का प्रमाण है और इसलिए हम खेल पर्यटन के माध्यम से इसे और बड़ा बनाना चाहते हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'जी-20 आइनबॉल स्पोर्ट इंटरनेशनल लीग' चैंपियनशिप में करीब एक दर्जन देशों के अंतरराष्ट्रीय खेल क्लब हिस्सा ले रहे हैं। आइनबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया शारीरिक, नैतिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, फेडरेशन खेल के माध्यम से एक स्वस्थ और मजबूत भारत की कल्पना करता है। फिट इंडिया आंदोलन को बढ़ावा देने जैसी पहल में अपनी सक्रिय भागीदारी के साथ, फेडरेशन देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।'बता दें कि आइनबॉल, एक उभरता हुआ खेल है जो दुनिया भर में गति पकड़ रहा है, जिसने भारत को इस खेल में एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित किया है।

आइनबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया देश की एथलेटिक शक्ति और वैश्विक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने में बहुत गर्व महसूस करता है। खेल का प्रभाव दुनिया भर में गूंजता है, और भारत की भागीदारी समग्र विकास के प्रति उसके समर्पण का प्रमाण है।

# रिहैबिलिटेशन अवधि के दौरान सकारात्मक रहा और मजबूत वापसी को लेकर आश्वस्त था : बुमराह

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, जो लगभग एक साल बाद आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं, ने कहा कि वह रिहैबिलिटेशन अवधि के दौरान सकारात्मक बने रहे और मजबूत वापसी करने को लेकर आश्वस्त थे। पिछले साल निराशा के लंबे सफर के बाद वापसी पर 29 वर्षीय बुमराह पर टीम की कप्तानी की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी होगी।

तेज गेंदबाज कुछ द्विपक्षीय खेलों के अलावा आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2022 और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल सहित प्रमुख आयोजनों में नहीं खेल पाए, लेकिन बुमराह अब वापस आ गए हैं और उन्होंने पुष्टि की है कि उन पर कोई प्रतिबंध




नहीं है और वह पूरी तरह से गेंदबाजी करने में सक्षम होंगे।

आयरलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुमराह ने कहा,आपको अपने शरीर का सम्मान करना होगा और इसे ठीक होने के लिए समय देना होगा। जैसे ही मेरा शरीर ठीक हुआ, मैं समझ गया कि मैं थोड़ा अतिरिक्त कर सकता हूं। मैं पीछे नहीं हट रहा हूं। मैंने सिर्फ एनसीए में ही नहीं, गुजरात टीम के साथ भी काफी समय नेट पर प्रशिक्षण में बिताया। मुझे अब कोई समस्या नहीं है। शरीर अच्छा महसूस करता है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने जोर देकर कहा कि वह रिहैबिलिटेशन अवधि के दौरान सकारात्मक बने रहे और मजबूत वापसी करने को लेकर आश्वस्त थे। उन्होंने कहा, जब आपकी चोट गंभीर हो जाती है तो यह कई बार निराशाजनक हो जाता है। लेकिन आत्म-संदेह करने और यह सोचने की बजाय कि मैं वापसी नहीं कर पाऊंगा, मैं सकारात्मक रहा और मुझे विश्वास था कि मैं मजबूत वापसी करूंगा।

## अमेरिकी ओपन में पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए होगी एक समान गेंद

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में इस साल पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए एक समान गेंद का उपयोग किया जाएगा जो उन महिला खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है जिन्होंने पिछले साल उपयोग में लाई गई गेंद को घटिया करार दिया था। विश्व में नंबर एक खिलाड़ी और पिछले साल की चैंपियन इगा स्विएतेक उन महिला खिलाड़ियों में शामिल थी जिन्होंने महिला वर्ग में उपयोग लाई जा रही गेंद को पुरुष वर्ग की गेंद की तुलना में हल्का करार दिया था। अमेरिकी ओपन चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अकेला टूर्नामेंट है जिसमें पुरुष और महिला वर्ग के लिए अलग-अलग गेंदों का उपयोग किया जाता रहा है।

अमेरिकी ओपन की टूर्नामेंट निदेशक स्टेसी एलास्टर ने पिछले साल कुछ खिलाड़ियों से उनकी राय जानी थी। इन खिलाड़ियों ने हल्की गेंद के बजाय भारी गेंद का समर्थन किया था। वर्ष का यह आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट फ्लशिंग मीडोज में हार्ड कोर्ट पर खेला जाता है और टेनिस की गेंद बनाने वाले विल्सन के अनुसार इस तरह के कोर्ट के लिए भारी गेंद आदर्श होती है। एलास्टर ने कहा, 'अगर डब्ल्यूटीए गेंद में बदलाव चाहता है तो फिर हमें कोई परेशानी नहीं है। विल्सन महिलाओं के लिए भी वैसी गेंद तैयार करेगा जैसा डब्ल्यूटीए चाहता है। इसमें कोई अतिरिक्त लागत नहीं लगेगी।

# धीनिधि देसिंघु ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**भुवनेश्वर।** कर्नाटक की धिनिधि देसिंघु ने यहां ओडिशा के भुवनेश्वर में 39वीं सब जूनियर और 49वीं जूनियर नेशनल एक्वाटिक चैंपियनशिप 2023 में लड़कियों के ग्रुप टू में 100 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। कोच मधु कुमार बीएम के तहत डॉल्फिन एक्वेटिक्स में प्रशिक्षण लेने वाली 13 वर्षीय देसिंघु ने 2014 में बनाए गए माना पटेल के 59.12 के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 57.67 सेकेंड का समय निकाला।

उनका नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड केनिशा गुप्ता के सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय 57.3 से कुछ ही सेकंड धीमा था।एक अन्य रोमांचक रेस में, कर्नाटक के ईशान मेहरा ने ग्रुप टू लड़कों के लिए 100 मीटर फ्रीस्टाइल में 1:00.64 के समय के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 2022 में बनाए गए सुहास प्रेथम के 1:01.29 के रिकॉर्ड को बेहतर किया। ईशान के बाद कर्नाटक के वेदांत मधिर भी



रहे। उन्होंने 1:01.98 का समय निकालकर रजत पदक जीता। पहले दिन अपने रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन के दम पर, असम के जनंजय ज्योति हजारिका ने 50 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण पदक जीता। वह सहज दिखे और महाराष्ट्र के सलिल प्रशांत भागवत से आगे निकलते हुए 25.12 सेकंड के साथ पहले स्थान पर रहे, जबकि भागवत ने 25.94 सेकंड का समय निकाला।

एक ऐसी रेस जिसने शाम को दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखा, वह ग्रुप टू लड़कों के लिए 1500 मीटर फ्रीस्टाइल थी। लगभग 900 मीटर रेस में सबसे आगे रहे आंध्र प्रदेश के गोटेटी संपत कुमार को महाराष्ट्र के रौनक नितिन सावंत और कर्नाटक के दर्शन एस ने तीसरे स्थान पर धकेल दिया, जिन्होंने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता।

दिलचस्प बात यह है कि दर्शन, जो लेन नंबर 5 में तैर रहे थे, ग्रिलिंग 1500 मीटर की रेस पूरी करने के लिए केवल 300 मीटर शेष रहते हुए लेन नंबर 4 में संपत कुमार से आगे निकल गए। स्पष्ट बढ़त में, वह स्वर्ण पदक जीतने के लिए सहज दिख रहे थे, लेकिन तभी रौनक, लेन 7 में तैरते हुए, सबसे तेज़ अंतिम लैप में आगे आ गए और 16.27.90 का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि दर्शन ने 16:28.18 का समय लेकर रजत और संपत ने 16:31.17 का समय लेकर कांस्य पदक जीता।

# न्यूजीलैंड 10 साल के अंतराल के बाद करेगा बांग्लादेश का दौरा

**ढाका।** न्यूजीलैंड पुरुष क्रिकेट टीम 2013 के बाद पहली बार दो चरणों में एकदिवसीय और टेस्ट श्रृंखला के लिए बांग्लादेश का दौरा करेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने न्यूजीलैंड के लंबे समय से प्रतीक्षित दौरे के कार्यक्रम का अनावरण किया, जिसमें आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 से पहले तीन एकदिवसीय मैच शामिल हैं। ब्लैक कैप्स का दौरा 21 सितंबर को शुरू होने वाला है, जिसमें तीनों एकदिवसीय मैच मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। दौरे के दूसरे चरण में दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला शामिल है जो वर्तमान आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा होगी। नए चक्र में बांग्लादेश के लिए पहली डब्ल्यूटीसी श्रृंखला हैं।विश्व कप के बाद नवंबर-



दिसंबर में टेस्ट श्रृंखला खेली जाएगी। दोनों टेस्ट मैचों के आयोजन स्थल की घोषणा बाद में की जाएगी।

न्यूजीलैंड 14 सितंबर को बांग्लादेश पहुंचेगा और 21 सितंबर को पहला डे/नाइट वनडे खेलेगा, इसके बाद अगले दो मैच 23 और 26 सितंबर को होंगे। पहला टेस्ट 26 नवंबर से 2 दिसंबर तक खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 6 से 10 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। जहां तक विश्व कप की बात है तो 2019 विश्व कप फाइनलिस्ट न्यूजीलैंड अपने क्रिकेट विश्व कप 2023 अभियान की

**न्यूजीलैंड 14 सितंबर को बांग्लादेश पहुंचेगा और 21 सितंबर को पहला डे/नाइट वनडे खेलेगा, इसके बाद अगले दो मैच 23 और 26 सितंबर को होंगे।**

शुरुआत 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ करेगा। बांग्लादेश अपनी विश्व कप यात्रा की शुरुआत 7 अक्टूबर को धर्मशाला के सुरम्य हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा।

# नाडा के चार साल के प्रतिबंध को चुनौती देंगी दुती चंद

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों में दो रजत पदक जीतने वाली महिला एथलीट दुती चंद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा उन पर लगाए गए चार साल के प्रतिबंध को चुनौती देंगी। वह नाडा की टूर्नामेंट के इतर प्रतिबंधित पदार्थ की डोप जांच में विफल रही थीं। 27 साल की दुती पर प्रतिबंध लगाया गया था। इस 100 मीटर की राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एथलीट के पिछले साल दिसंबर में लिए गए दो नमूनों में 'अन्य एनाबोलिक एजेंट / एसएआरएमएस' मौजूद थे जो वाडा की 2023 प्रतिबंधित पदार्थों की सूची में शामिल हैं। ये नमूने पांच और 26 दिसंबर को लिए गए थे और दोनों ही एक समान पदार्थ के पॉजिटिव पाए गए थे। 'एसएआरएमएस' (सलेक्टिव एंड्रोजन रिसेप्टर मोड्यूलेटर) ऐसे 'नॉन स्टेरॉयड' पदार्थ हैं जिन्हें आमतौर पर आस्टियोपोरोसिस (हड्डी संबंधित बीमारी), अनीमिया (खून की कमी) और मरीजों में जख्मों से उबरने के लिए किया जाता है। दुती पर लगा प्रतिबंध इस साल तीन जनवरी से प्रभावी होगा और 5 दिसंबर 2022 को लिए गए पहले नमूने की इस तारीख से उनके सभी प्रतिस्पर्धी नतीजे हटा दिए जाएंगे। दुती के वकील पार्थ गोस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि यह खिलाड़ी अपने पूरे पेशेवर करियर में 'क्लीन एथलीट' (किसी भी डोपिंग से दूर) रही है और यह मामला इस पदार्थ के 'अनजाने में सेवन' करने का था। दुती ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में 100 मीटर और 200 मीटर स्पर्धा में रजत पदक जीते थे और उनके नाम 2021 से 100 मीटर में 11.17 सेकेंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। गोस्वामी ने कहा, 'हमारे लिए यह मामला स्पष्ट तौर पर अनजाने में प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन का है। हम इस पदार्थ का स्रोत भी स्पष्ट रूप से जान पाए जो पूरी तरह से उनके इरादे का ठोस सबूत है। इस पदार्थ का इस्तेमाल कभी भी खेल में फायदा उठाने के लिए नहीं किया गया था।' उन्होंने कहा, 'हम अपील दायर करने की प्रक्रिया में हैं। हमें उम्मीद है कि हम अपीलीय पैनल को यह बात समझाने में सफल रहेंगे।' दुती के वकील ने कहा, 'दुती भारत का गौरव हैं और वह पूरी तरह से 'क्लीन एथलीट' हैं। एक दशक के चमकदार करियर के दौरान दुती अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर कई डोप जांच से गुजर चुकी हैं और इतने लंबे करियर में वह कभी भी डोप के मामले में पॉजिटिव नहीं आईं।' दुती और उनके वकील ने नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीडीपी) के समक्ष भी दावा पेश किया था कि यह अनजाने में सेवन का मामला था। एडीडीपी के आदेश के अनुसार, 'एथलीट और उनके वकील ने एनडीटीएल (राष्ट्रीय डोप जांच प्रयोगशाला) के जांच के नतीजे की रिपोर्ट से इनकार किए बिना कहा कि उन्होंने यह पदार्थ अनजाने में लिया था जो उनके फिजियोथेरेपिस्ट की सलाह पर लिया गया था जिनसे यह एथलीट नियमित रूप से परामर्श लेती हैं।'

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 19 अगस्त 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## दस वर्षीय बच्चे के दिमाग तक पहुंचे नाक के ट्यूमर को निकाला

**जयपुर:** दस वर्षीय के दिवांशु (परिवर्तित नाम) को नाक से दिमाग को ओर जा रहे ट्यूमर से जान का खतरा था। इस ट्यूमर को निकालने की सर्जरी भी बेहद जटिल थी। लेकिन शहर के रुक्मणी बिरला हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने बिना किसी चीरफाड़ के दूरबीन से ही ट्यूमर को निकाल मरीज को नया जीवन दिया। हॉस्पिटल के सीनियर ईएनटी सर्जन डॉ. अमित नाहटा ने इस दुर्लभ ट्यूमर नेजल एंजियो फायब्रोमा की जटिल सर्जरी की।

**बच्चे को थे नाक से खून आने और बंद होने के लक्षण:** डॉ. अमित नाहटा ने बताया कि बच्चे को नाक से ब्लीडिंग और नाक बंद के लक्षण आ रहे थे। जांच करने पर पता लगा कि उसे दुर्लभ ट्यूमर नेजल एंजियो फायब्रोमा की समस्या थी। यह ट्यूमर बच्चों में पाया जाता है। उन्होंने बताया कि यह खून की नसों से बना ट्यूमर होता है जिसकी सर्जरी बहुत मुश्किल होती है क्योंकि इसमें रक्तस्राव बहुत ज्यादा हो सकता है। कभी-कभी मौत भी हो जाती है।

**दूरबीन से की जटिल सर्जरी:** सामान्यत: इसकी सर्जरी आंख के नीचे चीरा लगाकर नाक को पूरा खोलकर और होंठ को आधा काट कर ट्यूमर निकाला जाता है। यह बड़ी सर्जरी होती है जिसमें बच्चे को रिकवरी में भी काफी समय लगता है। डॉ. अमित नाहटा ने कहा कि हमने यह ट्यूमर दूरबीन द्वारा निकाल दिया। इसमें बच्चे के चेहरे पर चीरा भी नहीं लगाना पड़ा। यह ट्यूमर खोपड़ी में जा रहा था जिसे बिना किसी चीरफाड़ के निकाल दिया गया। साढ़े तीन घंटे चली इस सर्जरी के बाद मरीज को एक दिन के लिये आईसीयू में रखा गया और तीन दिन सामान्य वार्ड में मॉनिटरिंग में रखकर डिस्चार्ज कर दिया गया। अब वह पूरी तरह स्वस्थ है।

## शिमला से सेब लेकर बिहार रवाना ट्रक रास्ते में गायब

**शिमला।** सेब सीजन के बीच शिमला की फल मंडी से सेब लेकर बिहार के मुज्जफरपुर के लिए निकला ट्रक रास्ते में गायब हो गया है।

इसे लेकर शिमला के एक ट्रांसपोर्टर ने ट्रक के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। शिमला के चम्याना निवासी ट्रांसपोर्टर कुलदीप कुमार ने थाना ढली में शिकायत दी है कि वह 13 अगस्त को भट्टाकुफर मंडी आया और उसने ट्रक नं. UP53-HT-8687 से सेब की 50 पेटियां लोड कीं। बाकी पेटियां पराला फल मंडी से लोड करने के लिए ट्रक को पराला भेजा। इसके बाद से लदा ट्रक बिहार के मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हो गया।

# लोगों को मिलेट्स का मुरीद बना रही योगी सरकार

### मिड डे मील में बाजरा शामिल करने के बाद एमएसपी पर ज्वार खरीदने का भी निर्णय

समृद्धि

**मिड डे मील (मध्याह्न भोजन) में बच्चों को एक दिन बाजरे की खिचड़ी भी दी जाएगी**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
योगी सरकार लोगों को मिलेट्स का मुरीद बना रही है। यह काम दोतरफा चल रहा है। खाने के साथ किसानों के स्तर पर भी। मसलन कुछ दिन पहले सरकार ने निर्णय लिया कि अब मिड डे मील (मध्याह्न भोजन) में बच्चों को एक दिन बाजरे की खिचड़ी भी दी जाएगी। स्वाभाविक है कि उत्तर प्रदेश में मिड डे मील पाने वालों बच्चों की संख्या के मद्देनजर यह बाजरा उत्पादक किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी है। सरकार पहले से ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मक्का और बाजरा खरीद रही है। सरकार ने खरीफ के इसी सीजन से धान के साथ ही ज्वार को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का निर्णय लिया है। योगी सरकार के इन निर्णयों के नतीजे दूरगामी होंगे। मसलन मिड डे मील में बाजरे के शामिल होने के बाद इसकी मांग भी बढ़ जाएगी। इस बढ़ी मांग के अनुसार सरकार को इसकी और खरीद करनी पड़ेगी। इससे ओपन मार्केट में भी बाजरे के बेहतर दाम मिलेंगे। बेहतर दाम किसानों को इसके उत्पादन के लिए भी प्रोत्साहित करेंगे। कुल मिलाकर यह आमजन की सेहत और किसानों की समृद्धि के लिए मुफीद होगा।

भविष्य में यही स्थिति ज्वार की भी हो सकती है। यही नहीं क्लाइमेट चेंज (जलवायु परिवर्तन) के मद्देनजर जिस तरह गेहूं और धान जैसी परंपरागत और एकल खेती को खतरा बताया जा रहा है, उसमें भी प्रतिकूल परिस्थितियों में, कम पानी, खाद, कीटों और रोगों के प्रति प्रतिरोधी ये अनाज कृषि विविधिकरण के अनुकूल है। पोषण के लिहाज से परंपरागत फसलों से उम्दा होना इनके लिए सोने पर सुहागा है।



## बाला फीचर्स से लैस होंगे 449 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**योगी सरकार उत्तर प्रदेश में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण** शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ शिक्षा को रोचक बनाकर बच्चों के सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। सीएम योगी के निर्देश पर परिषदीय विद्यालयों में खेलों के माध्यम से लर्निंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में अब परिषदीय प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों के परिसर में स्थित को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों को बाला फीचर्स से लैस किया जाएगा। इसके लिए सरकार की ओर से प्रति केंद्र 30 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड द्वारा वर्ष 2023-24 के अनावर्तक मद में उत्तर प्रदेश के 449 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में बाला फीचर्स मुहैया कराने के लिए 1.12 करोड़ रुपए का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**प्रबंध समिति के खाते में जाएगी धनराशि:** महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद की ओर से सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि बाला फीचर्स संबंधी कार्य के लिए 30 हजार रुपए प्रति केंद्र की दर से एक करोड़ 12 लाख 50 हजार रुपए की लिमिट जनपदवार जारी की गई है। उन विद्यालयों की प्रबंध समिति के खाते में धनराशि की लिमिट जारी की जाए व संबंधित विद्यालय व खंड शिक्षा अधिकारी राज्य परियोजना कार्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में बाला फीचर्स के कार्य को कराना सुनिश्चित करें।

**दीवारों से लेकर खंभे और खुले स्थान पर होंगी रचनात्मक गतिविधियां:** विकसित किए जाने वाले बाला फीचर्स संबंधी कार्य में बालवाटिका एवं मूलभूत साक्षरता के लिए चिन्हित अधिगम लक्ष्यों को आधार बनाया जाए। इसके अंतर्गत कक्ष के अंदर की चारों दीवारों को 1 मीटर की ऊंचाई तक वाटरप्रूफ हरा रंग किया जाएगा या फिर ब्लैकबोर्ड की तरह इस्तेमाल किया जाएगा। इस पर बच्चे आड़ी-तिरछी रेखाएं बनाना या आकृति या शब्द बनाना सीखेंगे। इसके अलावा खिड़की, फर्श का भी इसी तरह रचनात्मक प्रयोग किया जाएगा, जिसके माध्यम से बच्चे खेल और सीखने की गतिविधियों को क्रियान्वित कर सकें। कक्षा के बाहर खुले स्थान पर ओपन सैंड बेड का प्रयोग बच्चों द्वारा मिट्टी या बालू में वर्णों को बनाने में किया जा सकेगा। विद्यालय के खुले उपलब्ध स्थान पर बरामदे आदि पर लूडो, सांप सीढ़ी, गोलतारा एवं विभिन्न प्रकार के आकार जैसे चौकोर, तिकोना, गोल आदि को बनाया जाए।



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, सिगरा में जी-20 के तहत आयोजित यूथ-20 समिट के उद्घाटन कार्यक्रम में स्वागत करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

## मूसेवाला के मर्डर की अयोध्या में प्रैक्टिस हुई थी

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाबी** सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या में शामिल लॉरेंस गैंग के बदमाश यूपी के अयोध्या में इकट्ठे हुए थे। अयोध्या में ये लोग एक नेता के फार्म हाउस में रहे और वहीं पर हथियार चलाने की प्रैक्टिस की। गैंग ने मूसेवाला के मर्डर की पूरी प्लानिंग यूपी के अयोध्या में ही की। अजरबैजान से गिरफ्तार करके वापस इंडिया लाए गए लॉरेंस के भांजे सचिन थापन ने दिल्ली पुलिस और अन्य जांच एजेंसियों की पूछताछ में इसका खुलासा किया। जांच में पुलिस को कुछ फोटो भी मिली हैं, जिनमें सचिन थापन के साथ लॉरेंस के दो प्रमुख शूटर सचिन भिवानी और कपिल पंडित भी नजर आ रहे हैं।

**मई 2022 में हुआ था मूसेवाला का मर्डर:** सिद्धू मूसेवाला की हत्या 29 मई 2022 को पंजाब के मानसा जिले के जवाहरके गांव में की गई थी। उनकी एसयूवी कार को सड़क पर ओवरटेक करके गोलियां दागी गई थीं। पंजाब सरकार के मुताबिक इस मामले में अब तक 29 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

## मणिपुर में थोवई कुकी गांव में हिंसा, 3 की मौत



**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल/नई दिल्ली**
**16 अगस्त** को इंफाल पूर्व में यिंगांगपोकपी में लामलाई केंद्र गांव में वॉलेंटियर्स और ग्वालताबी के विस्थापितों ने केंद्रीय सुरक्षा बलों की वापसी और अपने घर पहुंचने के अधिकार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया, जो जातीय हिंसा के दौरान जला दिए गए थे। मणिपुर में एक बार फिर हिंसा की खबरें सामने आ रही हैं। शुक्रवार सुबह करीब 5.30 बजे उखरुल के लिटन के पास थोवई कुकी गांव में गोलीबारी हुई। जिसमें गांव के 3 वॉलंटियर्स के मारे जाने की खबर है। कुकी समुदाय के संगठन इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम के स्पोक्सपर्सन का कहना है कि मैतेई लोगों के हमले में मरने वालों में 26 साल का जामखोगिन, 35 साल का थांगखोकाई और 24 साल का हॉलेंसन शामिल है।

हिंसा जारी

**पुलिस का दावा- जंगल में कटी लाश मिली, बॉडी पर चाकू के निशान थे, कुकी गांव में गोलीबारी हुई**

## अधीर सस्पेंशन, प्रिविलेज कमेटी में बात रखेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोकसभा** में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी को सदन से निलंबित कर दिया गया था। ये मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर टिप्पणी का था। ये मामला विशेषाधिकार समिति (प्रिविलेज कमेटी) के पास चला गया था। 18 अगस्त को कमेटी ने तय किया कि कांग्रेस सांसद को अपनी बात रखने का एक मौका दिया जाए। अब उन्हें 30 अगस्त को विशेषाधिकार कमेटी के सामने मौजूद होना होगा। चौधरी को मानसून सेशन के दौरान लोकसभा में 10 अगस्त को सस्पेंड कर दिया गया था।



**मोदी नीरव बनकर बैठे हैं:** कांग्रेस नेता ने कहा था- मणिपुर और हस्तिनापुर में कोई फर्क नहीं है। पीएम नरेंद्र मोदी, नीरव मोदी बनकर चुप्पी साधे बैठे हैं। नीरव का मतलब होता है- शांत रहना। मेरा मकसद पीएम का अपमान करने का नहीं था। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सदन में निलंबन का प्रस्ताव पेश किया था, जिसे स्पीकर ने स्वीकार कर लिया था। जोशी ने कहा था- कांग्रेस नेता हर बार देश और सरकार की छवि को खराब करने की कोशिश करते हैं।

## 'हेट स्पीच के दोषी पर कानूनी कार्रवाई हो'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश में हेट स्पीच और हेट क्राइम के बढ़ते मामलों पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में आरोपी चाहे कोई भी हो, किसी भी पक्ष का हो। उनके साथ समान व्यवहार किया जाएगा। ऐसे लोगों से कानून के तहत निपटा जाएगा। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच मामले की सुनवाई कर रही है। 18 अगस्त को मामले की सुनवाई शुरू होते ही जस्टिस खन्ना ने कहा- हमें बिहार में जातिगत जनगणना से जुड़े मुद्दे पर सुनवाई करनी है। हेट स्पीच पर हम अगले शुक्रवार (25 अगस्त) को सुनवाई करेंगे। इसके बाद मामले की सुनवाई 25 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई। बिहार सरकार राज्य में जातिगत जनगणना करा रही है। सरकार के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। जिस पर जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच सुनवाई कर रही है।



हेट स्पीच के मामले पर पिछली सुनवाई 11 अगस्त को हुई थी, तब कोर्ट ने केंद्र सरकार को ऐसे मामलों से निपटने के लिए एक कमेटी बनाने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था- हेट स्पीच और हेट क्राइम पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। भविष्य में ऐसी घटनाएं ना हों, इसके लिए मैकेनिज्म बनाना जरूरी है।

## अररिया में पत्रकार की गोली मारकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/अररिया**
**अररिया** में शुक्रवार सुबह पत्रकार की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सुबह करीब साढ़े 5 बजे पत्रकार के घर पर चार की संख्या में अपराधी आए।

बदमाशों ने गेट के बाहर से विमल भैया कहकर आवाज लगाई। जैसे ही उन्होंने गेट खोला, अपराधियों ने उनके सीने में गोली मार दी। पत्रकार विमल यादव वहीं गिर गए। खून से लथपथ पत्रकार पर उनकी पत्नी की नजर पड़ी। इधर गोली की आवाज सुनकर जब ग्रामीण जुटने लगे तो सभी अपराधी मौके से फरार हो गए।

डिकोड **खुफिया जानकारियां पाकिस्तान भेजीं, मां-बाप के साथ 6 दिन पहले वहां की जेल से छूटा**

## यूपी में गिरफ्तार आईएसआई एजेंट के मैसेज समझ रहीं एजेंसियां

तफ्तीश

**टीम एक्शन इंडिया/मेरठ**
**यूपी** के शामली में दो दिन पहले पकड़े गए आईएसआई एजेंट के एक मोबाइल से एसटीएफ को 5 मैसेज मिले हैं। यह मैसेज उर्दू में हैं। एजेंसियों ने इनका ट्रांसलेट तो कर लिया है। लेकिन, उसका मतलब क्या है, यह क्लियर नहीं हो पाया है। सुरक्षा एजेंसियां इनको डिकोड करने में लगी हैं।

**जो 5 मैसेज मिले, उनका ट्रांसलेट:** हुजूर अकरम सल्लाहुअलैहिवसल्लम ने रात के वक्त मुजाहिद्दीन को एक दस्ते की रवानगी का हुक्म फरमाया।



रसूल.. ने इरशाद फरमाया अगर तू रात को कायम करें।
मुस्कराते जख्म।
पैसे, लफ्ज व तहरीकी जिंदगी।
उसकी चक्की चल रही है।

**शामली का ही है आईएसआई एजेंट:** आरोपी कलीमशामली के नोकुआं रोड का रहने वाला है। 12 अगस्त को ही वह अपनी मां आमना और पिता नफीस के साथ पाकिस्तान जेल से रिहा होकर लौटा था। ये लोग अवैध पिस्टल रखने के मामले में पाकिस्तान की जेल में 23 जुलाई 2022 से बंद थे। कलीम का भाई तस्लीम जाली करेंसी और आतंकी गतिविधियों में पाकिस्तानी जेल में है। कलीम 5 भाइयों में तीसरे नंबर का है। कलीम ने पूछताछ में बताया, 'मैं पाकिस्तान में अपनी बुआ के यहां जाता था। जहां मेरी दोस्ती आईएसएआई के कुछ हैंडलरों और सदस्यों से हुई।

**एजेंसियों ने इनका ट्रांसलेट तो कर लिया है। लेकिन, उसका मतलब क्या है, यह क्लियर नहीं हो पाया है**



MARUTi nandan printers

8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE

Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE PRINTING HUB COMPLETE CTP UNIT BASYS PRINT




Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546